শৰ্মা হাৰ্ডৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित
राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 09 | अंक : 113 | गुवाहाटी | बुधवार, 16 नवंबर, 2022 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

बिरसा मुंडा आदिवासी समाज के अग्रणी व्यक्ति : सीएम — पेज 3
भारत-आमेरिका की सेनाएं इसी माह उत्तराखंड में करेगी प्रशिक्षण युद्ध अभ्यास — पेज 4
योजनाओं का सबको मिल रहा है लाभ : योगी — पेज 5
राजस्थान में बहुमत से भाजपा की बनेगी सरकार — पेज 8

পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(অসমীয়া দৈনিক)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## सुप्रभात

*चोर और राज कर्मचारियों से धन की रक्षा करनी चाहिए।*
– आचार्य चाणक्य

## न्यूज गैलरी

### 35 टुकड़े मामले में आरोपी इलाज कराने मेरे पास आया था : डॉक्टर

**नई दिल्ली।** अपनी सहजीवन साथी (लिव-इन पार्टनर) की हत्या करने और उसके शव के टुकड़े-टुकड़े करने के आरोपी आफताब अमीन पूनावाला का इलाज करने वाले एक डॉक्टर ने कहा कि वह मई में एक घाव का इलाज कराने उनके पास आया था। उसी महीने महिला की हत्या की गई थी। डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि पूनावाला जब इलाज के लिए उनके पास आया था तो बहुत आक्रामक और बेचैन था तथा उन्होंने उससे चोट के बारे में पूछा तो उसने बताया कि फल काटते वक्त उसे चोट लग गई। कुमार ने कहा कि मई में वह सुबह के समय आया था। मेरे सहायक ने मुझे -शेष पृष्ठ दो पर

### खतरे में है इंसान का अस्तित्व

**नई दिल्ली।** शोधकर्ताओं की एक अंतर्राष्ट्रीय टीम ने दावा किया है कि दुनियाभर के कई देशों में लोगों का स्पर्म काउंट कम हो रहा है। शुक्राणुओं की संख्या ना केवल प्रजनन की क्षमता से जुड़ी होती है, बल्कि इसके कम होने का बुरा प्रभाव शरीर पर अन्य तरीकों से भी पड़ता। इससे बड़ी बीमारियों का खतरा, टेस्टिक्युलर कैंसर की सभावना बढ़ जाती है। शोधकर्ताओं का कहना है कि स्पर्म काउंट कम होने से आयु भी कम हो जाती -शेष पृष्ठ दो पर

# मोदी और शी जिनपिंग बाली में मिले



**बाली।** भारत और चीन के रिश्तों में तनाव लगातार जारी है। पूर्वी लद्दाख में दोनों देशों की सेनाओं के बीच हुई झड़प के बाद से यह तनाव लगातार बढ़ा हुआ है। इन सब के बीच चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इंडोनेशिया के बाली में हैं। खबर यह आ रही है कि इंडोनेशिया के बाली में दोनों नेताओं के बीच मुलाकात हुई है। खबर के मुताबिक इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो की ओर से एक डिनर पार्टी रखा गया था। इस डिनर पार्टी में प्रधानमंत्री मोदी और शी जिनपिंग पहुंचे थे। इस दौरान दोनों ने एक दूसरे से हाथ मिलाया और थोड़ी देर तक बातचीत भी की है। हालांकि दोनों नेताओं के बीच बातचीत क्या हुई है, इसको लेकर कुछ साफ नहीं हो सका है। मई 2020 में पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन की सेना में झड़प हुई थी। उसके बाद से यहां लगातार तनाव की स्थिति है। तनाव की स्थिति को कम करने के लिए दोनों देशों के बीच 16 दौर की सैन्य वार्ता हो चुकी है। अब तक स्थिति में कुछ खास परिवर्तन नहीं आया है। पिछले दिनों विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था कि चीन के साथ भारत के संबंध तब तक सामान्य नहीं हो सकते जब तक कि सीमावर्ती इलाकों में शांति न हो और इस मामले में भारत की ओर से उस देश को दिया गया संकेत स्पष्ट है। उन्होंने कहा था कि जब तक सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति का माहौल नहीं होगा, जब तक समझौतों का पालन नहीं किया जाता है और यथास्थिति को बदलने के एकतरफा प्रयास पर रोक नहीं -शेष पृष्ठ दो पर

# भारत विश्व के लिए आशा की किरण : पीएम




**बाली (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को यहां भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि 21वीं सदी में भारत विश्व के लिए आशा की एक किरण है। भारत इसे जिम्मेदारी के तौर पर देखता है और अपने विकास के रोड मैप में दुनिया की आर्थिक राजनीतिक आकांक्षाओं को भी समाहित कर कर आगे बढ़ता है। प्रधानमंत्री ने आज इंडोनेशिया के बाली में भारतीय समुदाय की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए उन्हें इंदौर में अगले वर्ष होने वाले प्रवासी भारतीय दिवस में आने का न्यौता भी दिया। अपने संबोधन में भारतीय समुदाय के समक्ष प्रधानमंत्री ने भारत-इंडोनेशिया संबंधों, भारत की वर्तमान विकास यात्रा और वैश्विक स्तर पर भारत की भूमिका रखी। वैश्विक स्तर पर भारत की भूमिका का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में भारत ने वन सन वन वर्ल्ड वन ग्रिड का मंत्र दिया। वैश्विक स्वास्थ्य सेवा को मजबूत करने के लिए भारत ने वन अर्थ प्रोग्राम शुरू किया। जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए भारत ने मिशन *लाइफ* का समाधान दिया। उन्होंने कहा कि आज जब पूरा विश्व पर्यावरण अनुकूल और समग्र स्वास्थ्य देखभाल की ओर आकर्षित हो रहा है, तो भारत का योग और आयुर्वेद पूरी मानवता के लिए तोहफा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और इंडोनेशिया साझा विरासत और संस्कृति के माध्यम से आपस में जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि समंदर की विशाल लहरों ने -शेष पृष्ठ दो पर

### सेना पर हमले की अल्फा ने जिम्मेदारी ली

**गुवाहाटी (हि.स.)।** ऊपरी असम के तिनसुकिया जिला में सेना के गश्ती दल पर सोमवार को किए गए हमले की जिम्मेदारी प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट आफ असम (अल्फा) स्वाधीन (स्व) ने ली है। अल्फा (स्व) ने मंगलवार को मीडिया के भेजे एक ई-मेल में कहा है कि हमले को *ऑपरेशन लखीपाथर* नाम दिया गया है। बयान में कहा गया है कि अल्फा (स्व) ने 14 नवंबर की सुबह 7.45 बजे सेना के गश्ती दल पर हमला किया गया। यह हमला संगठन के प्रतिवाद दिवस के अवसर पर -शेष पृष्ठ दो पर

*जीएमसीएच में नवनिर्मित कई परियोजनाओं का उद्घाटन*

# विश्वस्तरीय केंद्र में बदलने के लिए एक दीर्घकालिक योजना है : मुख्यमंत्री

**गुवाहाटी (हि.स.)।** गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (जीएमसीएच) को न केवल असम और पूर्वोत्तर के लिए, बल्कि दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशियाई पड़ोसी देशों के रोगियों की सेवा करके स्वास्थ्य देखभाल के विश्वस्तरीय केंद्र में बदलने के लिए एक दीर्घकालिक योजना शुरू की है। यह बातें मंगलवार को मुख्यमंत्री -शेष पृष्ठ दो पर



# खदान हादसा : आठ श्रमिकों के शव बरामद



**एजल (हि.स.)।** मिजोरम के हंथियाल जिला माउदार गांव में पत्थर की खदान ढहने से एबीसीआई इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा. लि. कंपनी के 12 श्रमिक सोमवार को मलबे में दब गए थे। इनमें से 8 के शव बरामद हो गए हैं। हादसे के शिकार श्रमिकों में 5 पश्चिम बंगाल, 3 असम, 2 मिजोरम और 2 झारखंड के रहने वाले थे। दुर्घटना स्थल पर राहत एवं बचाव कार्य में जुटी एजेंसियों ने बताया कि अब तक 8 श्रमिकों के शवों को बरामद कर लिए गए हैं जबकि 4 श्रमिकों की तलाश जारी है। हंथियाल जिला उपायुक्त की ओर -शेष पृष्ठ दो पर

# भागवत मस्जिद-मदरसा जाने लगे मोदी भी टोपी पहनने लगेंगे : दिग्विजय



**इंदौर।** राज्यसभा सदस्य और कांग्रेस के सीनियर नेता दिग्विजय सिंह ने एक बार फिर आरएसएस और बीजेपी पर निशाना साधा है। उन्होंने मंगलवार को कहा किया कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की अगुवाई में जारी भारत जोड़ो यात्रा का असर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत पर पड़ रहा है। उन्होंने दावा किया कि भागवत को मदरसा और मस्जिद जाने पर मजबूर होना पड़ा है और कुछ ही दिनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी *टोपी* पहननी शुरू कर देंगे। दिग्विजय भारत जोड़ो यात्रा की आयोजन समिति के प्रमुख हैं। उन्होंने इंदौर में यात्रा की तैयारियों की समीक्षा के बीच कहा कि भाजपा इन दिनों आलोचना के लिए खासकर राहुल गांधी को इसलिए चुन रही है, क्योंकि उनकी भारत जोड़ो यात्रा के एक महीने के भीतर भागवत मदरसा और मस्जिद जाने लगे हैं। थोड़े ही दिनों में मोदी भी टोपी पहनने लगेंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सऊदी अरब और अन्य देशों में तो टोपी पहनते हैं, लेकिन वह भारत लौटने के बाद सिर पर टोपी नहीं लगाते। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि 7 -शेष पृष्ठ दो पर

# शिंदे-उद्धव गुट में मारपीट लात-घूंसे चले



**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे में शिवसेना के दोनों धड़ों के बीच एक बार फिर संग्राम देखने को मिला। जानकारी के अनुसार, सोमवार देर रात शिंदे और उद्धव गुट समर्थकों के बीच जमकर हाथापाई हुई। घटना किसन नगर इलाके में हुई है। बताया जा रहा है कि जब उद्धव गुट के नवनियुक्त पदाधिकारियों का अभिनंदन हो रहा था तो मौके पर मौजूद शिंदे गुट के कार्यकर्ताओं ने ठाकरे टीम के सदस्यों को बुरी तरह पीट डाला। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार देर रात शिवसेना के दो धड़ों के बीच झड़प हो गई। घटना किसन नगर में हुई जहां उद्धव -शेष पृष्ठ दो पर

# अर्थ-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए महिलाएं स्वावलंबी हों : निरंजन ज्योति



**लखनऊ (हि.स.)।** केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि किसी भी देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए महिलाओं का सशक्त और स्वावलंबी होना नितांत आवश्यक है। कहा कि ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाने के सफल प्रयास किए जा रहे हैं। वह मंगलवार को योजना भवन लखनऊ में उप मुख्यमंत्री की उपस्थिति में लखपति महिला योजना की समीक्षा कर रही थीं। केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि उत्तर प्रदेश में दुग्ध, पशुधन, जैविक खेती, सिलाई जैसे अनेक क्रियाकलापों में समूह की महिलाएं कामकर आत्मनिर्भर हो रही हैं। कहाकि प्रदेश के प्रत्येक जिले में कम से कम एक गोशाला में गोबर के लट्ठे बनाने का प्लान्ट लगाने का प्राविधान होना चाहिए। फतेहपुर में इस तरह का प्लान्ट लगाकर अच्छा कार्य हो रहा है और इसमें समूह की महिलाएं अच्छी कमाई कर रही हैं। उत्तर -शेष पृष्ठ दो पर

# धर्मांतरण के लिए फंडिंग करती है अमेजन : आरएसएस




**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबद्ध पत्रिका द *ऑर्गनाइजर* ने ई-कॉमर्स की दिग्गज कंपनी अमेजन पर भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में धर्मांतरण के लिए धन देने का आरोप लगाया है। पत्रिका के ताजा अंक की कवर स्टोरी इसी विषय पर आधारित है। *अमेजिंग क्रॉस कनेक्शन* शीर्षक वाली एक कवर स्टोरी में पत्रिका ने यह भी आरोप लगाया कि कंपनी के *अमेरिकन बैपटिस्ट चर्च* नामक एक संगठन के साथ वित्तीय संबंध हैं। पत्रिका ने दावा किया है कि चर्च इस क्षेत्र में *धर्मांतरण मॉड्यूल* चला रहा था। हालांकि, अमेजन ने आरोपों का खंडन किया है। पत्रिका ने कहा है कि ई-कॉमर्स की दिग्गज कंपनी अमेजन अमेरिकन बैपटिस्ट चर्च (एबीएम) द्वारा संचालित ईसाई धर्मांतरण मॉड्यूल का वित्तपोषण कर रही है। भारत के विशाल मिशनरी रूपांतरण मिशन को धन देने के लिए बहुराष्ट्रीय कंपनियों और एबीएम द्वारा मनी लॉन्ड्रिंग रिंग चलाए जाने की संभावना है। यह भी आरोप लगाया गया है कि एबीएम भारत में अखिल भारतीय मिशन (एआईएम) नाम से एक मोर्चा चला रहा था। पत्रिका ने दावा किया है कि यह उनका फ्रंटल संगठन है जिसने अपनी वेबसाइट पर खुले तौर पर दावा किया है कि उन्होंने पूर्वोत्तर भारत में 25 हजार लोगों को ईसाई धर्म में परिवर्तित किया है। पत्रिका ने कहा कि अमेजन एक भारतीय द्वारा प्रत्येक खरीद पर पैसे दान करके अखिल भारतीय मिशन के धर्मांतरण मॉड्यूल का समर्थन कर रहा है। द इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अमेजन ने इन आरोपों को सिरे से -शेष पृष्ठ दो पर

# जनजातीय समाज का विकास पूरे देश के विकास से जुड़ा हुआ है : राष्ट्रपति



**भोपाल (हि.स.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि जनजातीय समाज का विकास पूरे देश के विकास से जुड़ा हुआ है। जनजातीय समाज एवं वंचित वर्गों के विकास और सशक्तिकरण में मध्यप्रदेश का महत्वपूर्ण योगदान है। मध्यप्रदेश में जनजातीय महापुरुषों की स्मृति को बनाए रखने और भावी पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए सराहनीय प्रयास किए हैं। इसके लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और राज्यपाल मंगुभाई पटेल सहित सभी संबंधित बधाई के पात्र है। राष्ट्रपति मुर्मू मंगलवार को शहडोल के लालपुर में राज्यस्तरीय जनजातीय गौरव दिवस सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने मध्यप्रदेश के सम्पूर्ण स्वास्थ्य कार्यक्रम योजना पुस्तिका का विमोचन किया। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने राष्ट्रपति पेसा अधिनियम नियमावली की प्रथम प्रति सौंपी। राष्ट्रपति ने सर्वप्रथम भगवान बिरसा मुण्डा के चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित की। राज्यपाल पटेल ने राष्ट्रपति मुर्मू का वीरन माला, जनजातीय दुपट्टा पहना कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति का जनजातीय पगड़ी पहनाकर स्वागत किया और उन्हें भील पिथोरा -शेष पृष्ठ दो पर

### टाटा नेक्सॉन इलेक्ट्रिक एसयूवी का पहला बैच बेड़े में शामिल

**नई दिल्ली (हि.स.)।** भारतीय सेना के नक्शेकदम पर चलते हुए कार्बन फुट प्रिंट में कमी लाने के लिए भारतीय वायु सेना ने भी टाटा नेक्सॉन ईवी के रूप में इलेक्ट्रिक वाहनों के पहले बैच को अपने बेड़े में शामिल किया है। मंगलवार को वायु सेना मुख्यालय *वायु भवन* में ध्वजारोहण समारोह आयोजित किया गया। इसके बाद वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में 12 इलेक्ट्रिक वाहनों के पहले बैच को हरी झंडी दिखाई। भारतीय वायु सेना डाउनग्रेड किए -शेष पृष्ठ दो पर

# डॉ. आसमां बेगम सरदार वल्लभभाई पटेल पुरस्कार से सम्मानित

**गुवाहाटी।** यहां की जानी-मानी समाजसेवी डॉ आसमां बेगम को नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय प्रमुख नागरिकों को समाज में उनके योगदान के लिए प्रदान की जाती है। डॉ आसमां बेगम पूर्वोत्तर राज्य की एकमात्र महिला है जो उन्हें भारत के प्रमुख चयनकर्ताओं द्वारा इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। -शेष पृष्ठ दो पर



**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# रूस ने कीव पर बोला धावा यूक्रेन ने भी किया पलटवार

**कीव।** खेरसॉन से बाहर निकलने के बाद रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर हमला तेज कर दिया है। मंगलवार को रूसी सेना की ओर से कीव पर दो खतरनाक मिसाइल हमले में दो आवासीय इमारतों को निशाना बनाया गया है। हमले के बाद शहर में खतरे का सायरन भी बजने लगा था। खेरसॉन से रूसी सेना की वापसी के बाद यह सबसे बड़ा हमला है। वहीं, यूक्रेन की ओर से तैनात एयर डिफेंस सिस्टम ने रूस के कई मिसाइलों को मार भी गिराया है। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने सोशल मीडिया पर एक बयान जारी कर कहा कि राजधानी पर हमला हुआ है। शुरुआती जानकारी के अनुसार पेचेर्सक जिले में दो आवासी इमारतों को निशाना बनाया गया है। एयर डिफेंस सिस्टम ने कीव को निशाना बनाकर दागे कई मिसाइलों को मार गिराया है। हमले के बाद से मेडिकल टीम और राहत व बचाव कार्य किया जा रहा है। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है। दूसरी ओर संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) ने सोमवार को एक प्रस्ताव को मंजूरी दी, जिसमें रूस को यूक्रेन पर हमला करके अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करने के लिए क्षतिपूर्ति का भुगतान करने सहित जवाबदेह ठहराने का आह्वान किया गया है। प्रस्ताव के लिए 193 सदस्यीय निकाय में 94 वोट पक्ष में और 14 इसके खिलाफ पड़े। वहीं, 73 सदस्य अनुपस्थित रहे। रूस के 24 फरवरी को यूक्रेन पर हमले के बाद से संयुक्त राष्ट्र महासभा में यूक्रेन संबंधी पांच प्रस्ताव रखे गए हैं। संयुक्त राष्ट्र की 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद में रूस की वीटो शक्ति ने सबसे शक्तिशाली निकाय को कोई कार्रवाई करने से रोक दिया है। हालांकि, महासभा में कोई वीटो नहीं है, जिसने पूर्व में रूस के आक्रमण की आलोचना वाले चार प्रस्तावों का उल्लेख किया था।

## मालीगांव गौशाला में निःशुल्क मधुमेह शिविर का आयोजन

**गुवाहाटी।** मालीगांव स्थित श्री गौहाटी गौशाला प्रांगण में लायंस क्लब ऑफ गौहाटी उमंग के तत्वावधान में निःशुल्क मधुमेह जांच शिविर का आयोजन किया गया। क्लब की जनसंपर्क अधिकारी आरुषी गर्ग सोनी ने बताया कि अध्यक्ष सीमा सोनी के नेतृत्व में आयोजित शिविर में गौ सेवकों के बीच मधुमेह संबंधित जागरूकता भी फैलाई गई। क्लब की सचिव कंचन पोद्दार ने बताया कि विश्व मधुमेह दिवस को ध्यान में रखते हुए इस शिविर का आयोजन किया गया, जिसका लाभ गौ सेवकों ने उठाया। इस दौरान गौ सेवकों के लिए खाद्य वस्तुओं की भी व्यवस्था की गई। कार्यक्रम संयोजिका सुनिता मित्तल व संगीता अग्रवाल ने बताया कि वहीं एक अन्य शिविर सातगांव स्थित केएल इंडस्ट्रीयल परिसर में भी आयोजित किया गया। यहां पर भी श्रमिकों के बीच मधुमेह से संबंधित जागरूकता फैलाई गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब की अध्यक्ष श्रीमती सीमा सोनी, सचिव कंचन पोद्दार, कोषाध्यक्ष कुसुम जैन, जिलापाल (द्वितीय) सीमा गोयनका, मेघना नाहटा, रेणु जैन, निभा सराफ, सुजाता जैन, कंचन बेताला, रेखा जालान आदि सदस्याओं का भरपूर सहयोग रहा।

# हैलाकांदी में एक ट्रक से विलुप्त प्रजाति के सात काले बंदर बरामद, दो गिरफ्तार



**हैलाकांदी (हि.स.)।** हैलाकांदी पुलिस ने विलुप्त प्रजाति के सात काले बंदर या एपी को एक ट्रक से बरामद किए हैं। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बंदरों को वन विभाग को सौंप दिया है। मंगलवार को पुलिस सूत्रों ने बताया कि हैलाकांदी जिले के जमीरा पुलिस चौकी की टीम नाका पर सोमवार देर रात चेकिंग कर रही थी। पुलिस ने रात नौ बजे मिजोरम के आइजोल से आ रहे एक ट्रक को रुकवा कर तलाशी ली तो ट्रक में रखे चार बक्सों में छुपा कर ले जाए जा रहे सात काले बंदर मिले। यह विलुप्ति प्रजाति के बंदर मेघालय में ले जाए जा रहा था। पुलिस ने बंदरों को जब्त कर पशु चिकित्सक की जांच के बाद वन विभाग को सौंप दिया गया। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर राकेश देब बर्मा और उसके साथ मौजूद एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। हैलाकांदी के पुलिस अधीक्षक नबनीत महंत ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बंदरों की विलुप्त प्रजाति की कीमत कई करोड़ रुपए बताई जा रही है। हैलाकांदी वन विभाग ने बताया कि बचाए गए बंदरों को गुवाहाटी चिड़ियाघर भेजा जाएगा। पुलिस ने इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर लिया है। ज्ञात हो कि पहले भी कछार जिला में विलुप्त प्रजाति के कई वन्य जीवों को पुलिस ने बरामद किया था।

## अपोलो हॉस्पिटल्स ने बाल दिवस मनाया

**गुवाहाटी (नसं)।** अपोलो हॉस्पिटल्स ने बाल दिवस मनाया। उसने अपने इवेंट में बच्चों के स्वास्थ्य के अधिकार पर फोकस किया। यह जानकारी उसने जारी एक प्रेस सूचना में दी है। प्राप्त प्रेस सूचना के अनुसार अपोलो हॉस्पिटल्स ने अपने कार्यक्रम में बच्चों की उनकी शिक्षा और कल्याण की जागरूकता को आगे बढ़ाया। ऑपोलो हॉस्पिटल्स, गुवाहाटी की चिकित्सा सेवाओं के निर्देशकों डॉ. सुरजीत बरुवा ने कहा कि हमारे बच्चे हमारे भविष्य का प्रतिनिधित्व करता है। यह हमारा उत्तरादायित्व है कि हम उसे सुनिश्चित करें।

## चोर को पकड़ा

**लखीमपुर (निसं)।** लखीमपुर जिला के लालुक के काशजुली इलाके में स्थानीय लोगों ने एक चोर को दौड़ा-दौड़ाकर पकड़ कर बुरी तरह से पिटाई कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने बताया कि तीन चोर किसी तरह अंधेरे का फायदा उठाते हुए भाग गए।

# पांच दिसंबर को होगा रूद्र महायज्ञ के लिए भूमि पूजन



**कछार (हि.स.)।** रूद्र महायज्ञ आयोजन समिति की एक बैठक मंगलवार को कछार जिला शहर के मेहरपुर शिव मंदिर में डॉ रंजन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आगामी 5 दिसंबर को यज्ञ स्थल के भूमि पूजन करने का निर्णय लिया गया। 22 जनवरी से शुरू होने वाले महायज्ञ की कलश यात्रा अन्नपूर्णा घाट से निकालने का निर्णय लिया गया। समिति का एक बैंक अकाउंट भी कार्यकारी अध्यक्ष, महासचिव और कोषाध्यक्ष के संयुक्त नाम से खोलने का प्रस्ताव लिया गया। यज्ञ, प्रवचन और रामलीला में यजमानों की दक्षिणा के ऊपर भी विचार विमर्श किया गया। समिति के महासचिव दिलीप कुमार ने महायज्ञ के बारे में लोगों को विस्तृत जानकारी प्रदान दी। वरिष्ठ समाजसेवी उदय शंकर गोस्वामी ने महायज्ञ आयोजन के लिए सहयोग करने का आश्वासन दिया और कहा कि बहुत अच्छा काम हो रहा है। बैठक में विभिन्न विभागों की उप समितियों की बैठक यथाशीघ्र संपन्न करने का निर्णय लिया गया। यज्ञ के प्रचार-प्रसार के लिए क्षेत्र के अनुसार बैठक करने का निर्णय लिया गया। महायज्ञ आयोजन को लेकर लोगों में प्रबल उत्साह देखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि सिलचर में पहली बार रूद्र महायज्ञ का आयोजन होने जा रहा है। बैठक में समिति के अन्य पदाधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# लक्ष्मणगढ़ नागरिक परिषद की सभा संपन्न



**गुवाहाटी (नसं)।** लक्ष्मणगढ़ नागरिक परिषद (पूर्वोत्तर) की कार्यकारिणी सभा अध्यक्ष विनोद जसरासरिया की अध्यक्षता में सांगानेरिया धर्मशाला में आयोजित की गई। जिसमें अध्यक्षीय स्वागत संबोधन के पश्चात सचिव रतन खाखोलिया ने गत सभा के प्रतिवेदन एवं आय व्यय के बारे में सभासदों को जानकारी दी। जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। सभा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए आगामी 27 नवंबर रविवार को लक्ष्मणगढ़ शहर के स्थापना दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम करने का प्रस्ताव पारित किया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर लक्ष्मणगढ़ के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने का भी निर्णय लिया गया। समारोह को आयोजित करने के लिए उपसमिति के गठन का दायित्व मंत्री को दिया गया। सभा में परिषद के पूर्व अध्यक्ष रामअवतार भरतीया, पूर्व कोषाध्यक्ष द्वारका प्रसाद मिमानी, मुख्य सलाहकार जयप्रकाश गोयंका, वर्तमान उपाध्यक्ष विशाल भातरा के अलावा अन्य कई सदस्य उपस्थित थे।

# आईडीएफसी म्यूचुअल फंड वर्कशॉप 18 को

**गुवाहाटी।** आईडीएफसी म्यूचुअल फंड ने 18 नवंबर, 2022 को होटल डायस्को ओले एलो, पलटन बाजार, गुवाहाटी में शाम 6 म्यूचुअल फंड वितरकों (एमएफडी) के लिए एक वर्कशॉप के आयोजन की घोषणा की है। इस वर्कशॉप में ऐसे सेशन शामिल किए गए हैं जो कि इकोनॉमी में वर्तमान में देखे जा रहे परिवर्तनों के साथ तालमेल बिठाते हुए बाजार साइकिलों को समझने पर ध्यान केंद्रित करते हैं, ग्राहकों के व्यवहार पैटर्न को कैसे प्रबंधित करें, बाजार में होने वाले परिवर्तनों के आधार पर उत्पादों के सही जगह पर उपलब्ध करें और निवेशकों के पक्ष में काम करने के लिए बदलती परिस्थितियों के अनुसार निवेश समाधानों का प्रबंधन करना। वर्कशॉप में वे सभी डिस्ट्रीब्यूटर शामिल हो सकते हैं जो कि आईडीएफसी म्यूचुअल फंड में पंजीकृत हो या नहीं। ये वर्कशॉप सभी के लिए ओपन है। इस वर्कशॉप में लोकप्रिय सेशंस में से एक में कस्टमर कुंडली शामिल है। कस्टमर कुंडली, एक ऐसा प्रोग्राम है जो कि एमएफडी को उनके व्यक्तित्व के आधार पर ग्राहक प्रोफाइलिंग में मदद करता है। यह प्रोग्राम एमएफडी को उनके संभावित और मौजूदा ग्राहकों को समझने में भी मदद करेगा। यह एमएफडी को ग्राहकों की खास जरूरत और निवेश जरूरतों को समझने में मदद करता है और उन्हें ग्राहक के व्यक्तित्व के आधार पर प्रभावी व्यवहार और कम्युनिकेशन दृष्टिकोण के लिए उपयोगी निवेश टूल्स प्रदान करता है। वर्कशॉप इस व्यवहारिक अंतर को कम करने के लिए तकनीकों और रोड मैप का सुझाव देती है, जब यह समझने की बात आती है कि बाजार की अस्थिरता के दौरान कैसे रिस्पांस दिया जाए और पैसे के मामलों में ग्राहकों की भावनाओं को कैसे संभालना है, इस बारे में बेहतर जानकारी दी जा सकती है।

# *पृष्ठ एक का शेष*

## *मोदी और शी...*

लगती है तब तक संबंध सामान्य नहीं हो सकते हैं। भारत के सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने भी बड़ा बयान देते हुए कहा था कि पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच तनाव की स्थिति लगातार बनी हुई है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि स्थिति फिलहाल स्थिर है लेकिन अप्रत्याशित भी है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि चीन के साथ अब तक 16 दौर की सैन्य वार्ता हो चुकी है। हम 17वें दौर की वार्ता के लिए तारीख पर गौर कर रहे हैं। सेना प्रमुख ने चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि जहां तक पीएलए के बल के स्तर का सवाल है, इसमें फिलहाल कोई महत्वपूर्ण कमी नहीं हुई है। सेना की तैयारी पर उन्होंने कहा कि शीतकाल के हिसाब से हमारी तैयारियां चल रही हैं।

## *भारत विश्व के लिए...*

भारत और इंडोनेशिया के संबंधों को लहरों की तरह उमंग से भरा और जीवंत रखा है। आज भारत के इंजीनियर, चार्टर्ड एकाउंटेंट और विभिन्न पेशेवर इंडोनेशिया के साथ कुशलतापूर्वक सहयोग कर रहे हैं। भारत के कई तमिल लोग इंडोनेशिया की संस्कृति को समृद्ध बनाने में बहुत योगदान दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में योग्यता, तकनीक, नवाचार और उद्योग है जिसने पूरी दुनिया में अपनी पहचान बनाई है। 2014 के बाद से भारत में बहुत तेज गति और बड़े स्तर से काम हो रहा है। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। डिजिटल ट्रांजेक्शन में भारत नंबर वन है। ग्लोबल फिनटेक में भारत नंबर वन है। रक्षा के क्षेत्र में, भारत दशकों से आयात पर निर्भर था। लेकिन अब मिसाइल हो या तेजस फाइटर, हर बढ़ती रक्षा क्षमता अब दुनिया को मंत्रमुग्ध कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत और इंडोनेशिया 90 समुद्री मील दूर हो सकते हैं, लेकिन वास्तव में हम 90 समुद्री मील दूर नहीं बल्कि 90 समुद्री मील करीब हैं। अपनी सरकार की उपलब्धियों को तुलनात्मक तरीके से समझाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने अमेरिका की आबादी जितनी लोगों के खाते खोले हैं, ऑस्ट्रेलिया की आबादी जितने लोगों के लिए घर बनाए हैं और इतना लंबा राष्ट्रीय राजमार्ग बनाया है कि वह पूरी दुनिया का डेढ बार चक्कर लगा सकता है।

## *सेना पर हमले की ...*

किया गया था, जो 28 नवंबर को मनाया जाता है। ज्ञात हो कि सेना का गश्ती दल सोमवार की सुबह बारपथार क्षेत्र में पेंगेरी-डिगबोई मार्ग से गुजर रहा था, इसी समय हमला किया गया। उग्रवादियों के समूह ने प्रमुख एंटी-माइन वाहन (एमपीवी) पर आईईडी विस्फोट किया, और लगभग 20-30 राउंड गोलीबारी की। सेना ने दावा किया है कि वाहन के टायरों में गोली लगने के अलावा कोई नुकसान नहीं हुआ है और आशंका है कि गोलीबारी के दौरान अल्फा (स्व) के कम से कम एक कैडर को गोली लगी है। वन क्षेत्र में खून के धब्बे बिखरे हुए देखा गया है, जिसके चलते यह साफ हो गया है कि उग्रवादी कैडर गंभीर रूप से घायल हुआ है। इसलिए सुरक्षा कारणों से डिगबोई-पेंगेरी मार्ग को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है।

## *विश्वस्तरीय केंद्र में ...*

डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने जीएमसीएच में नवनिर्मित कई परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे विजन को साकार करने के हमारे प्रयासों के तहत ऑयल इंडिया लिमिटेड के सीएसआर फंड और असम सरकार की वित्तीय सहायता से आज छह करोड़ रुपए की लागत से निर्मित एक अत्याधुनिक सभागार का उद्घाटन किया गया। इसके साथ ही दो करोड़ रुपए की लागत से निर्मित जीएमसीएच के अध्यक्ष के आवास और इलाज के लिए आने वाले तीमारदारों और मरीजों के लिए पावरग्रिड निगम से सीएसआर फंड के तहत 13 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित 156 बेड वाले डारमेटरी और छात्रावास तथा नर्सों के आवास का निर्माण भी क्रमश: 11 करोड़ रुपए और 3.32 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने जीएमसीएच के लिए आधुनिक खेल के मैदान की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया और इसके लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी किए जाएंगे। इस अवसर पर असम सरकार के स्वास्थ्य मंत्री केशव महंत और जीएमसीएच के प्राचार्य अच्युत वैश्य भी उपस्थित थे।

## *खदान हादसा : आठ ...*

से मंगलवार को जारी एक बयान में बताया गया है कि मलबे से जिन श्रमिकों के शव बरामद हुए हैं, उनमें सुरजीत रॉय (26, कछार, असम), मदन दास (25, नदिया, पश्चिम बंगाल), राकेश बिश्वास (21, नदिया, पश्चिम बंगाल), मिंटू मंडल (22, नदिया, पश्चिम बंगाल), बुद्धदेव मंडल (25, नदिया, पश्चिम बंगाल), खेमलाल कुमार (22, चतरा, झारखंड), ओमप्रकाश कुमार (18, चतरा, झारखंड), सुब्रत रास्तन (24, नार्थ परगना-24, पश्चिम बंगाल) के रूप में की गई है। मलबे में दबे शेष श्रमिकों के नाम अजय चकमा (25, लुंगलेई, मिजोरम), शोफिकुल इस्लाम (26, ग्वालपाड़ा, असम), जाहिदुर इस्लाम (27, बरपेटा, असम) और कहामराय (49, लुंगलेई, मिजोरम) बताए गए हैं। अब तक बरामद शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

## *भागवत मस्जिद-मदरसा...*

सितंबर से कन्याकुमारी से शुरू हुई भारत जोड़ो यात्रा का 2 महीने के भीतर बहुत असर हुआ है। इसीलिए संघ के एक बड़े नेता को कहना पड़ा कि देश के गरीब लोग और गरीब व अमीर लोग और अमीर होते जा रहे हैं। दिग्विजय ने कहा कि आप देखिएगा, जब यह यात्रा अपने आखिरी मुकाम श्रीनगर पहुंचेगी, तब क्या होता है। दिग्विजय सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों की भलाई के नाम पर केवल दिखावटी आयोजनों पर भरोसा करती है। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि द्रौपदी मुर्मू हमारे देश की राष्ट्रपति हैं। हम उम्मीद करते हैं कि वह मध्य प्रदेश में आदिवासियों को दी जाने वाली प्रताड़ना पर कुछ बोलेंगी। अगर वह इस विषय में न बोलना चाहें, तो हमारे प्रतिनिधिमंडल को उनसे चर्चा का समय दे सकती हैं। पिछली बार अनुसूचित जाति के रामनाथ कोविंद राष्ट्रपति बने थे। प्रधानमंत्री बताएं कि उनकी सरकार ने कोविंद के कार्यकाल के दौरान देश के करोड़ों दलितों के हित में क्या किया? गुजरात के आगामी विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी (आप) और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) की सक्रियता पर भी दिग्विजय ने तंज कसा। उन्होंने कहा कि वह बरसों से बोलते आ रहे हैं कि ये पार्टियां संघ की *कांग्रेस मुक्त भारत* परिकल्पना का हिस्सा और *भाजपा की बी टीम* हैं। उन्होंने दावा किया कि दोनों पार्टियां (आप और एआईएमआईएम) सिर्फ अन्य दलों के वोट काटने के लिए चुनाव लड़ती हैं, ताकि भाजपा को मदद मिल सके।

## *शिंदे-उद्धव गुट में...*

ठाकरे के शिवसेना गुट के नवनियुक्त पदाधिकारियों का अभिनंदन किया जा रहा था। सभा में सांसद राजन विचारे भी नए पदाधिकारियों को बधाई देने पहुंचे थे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के धड़े के कुछ शिवसेना कार्यकर्ताओं ने टीम ठाकरे के सदस्यों को पीटा। दोनों पक्षों की ओर से की गई नारेबाजी ने जमकर मारपीट की। झड़प के वीडियो सोशल मीडिया पर भी सामने आया है। दोनों गुटों के समर्थक एक दूसरे के खिलाफ मामला दर्ज कराने के लिए ठाणे के श्रीनगर थाने पहुंचे। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा।

## *अर्थ-व्यवस्था को ...*

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग विशेषकर ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह महिला सशक्तिकरण के महा अभियान को और अधिक तीव्रता के साथ संचालित करें। कहा ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत संचालित लखपति महिला कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जिलों को सम्मिलित करने की कार्यवाही की जाय। लखपति महिला योजना के लक्ष्यों को बढ़ाया जाय। इस योजना में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं की साल में कम से कम एक लाख आमदनी कराना लखपति महिला कार्यक्रम का मूल उद्देश्य है। कहा कि स्वयं सहायता समूहो की आमदनी बढ़ाने के हर सम्भव उपाय किए जाएं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आजीविका मिशन से जुड़ी सभी सखियों के लिए टोल फ्री नंबर व काल सेन्टर की व्यवस्था करायी जाय। समूहों द्वारा निर्मित विशेष सामग्री के विपणन के लिए बढ़ा इवेन्ट करके प्रजेंटेशन किया जाए। कहा कि ग्राम्य विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं में उत्तर प्रदेश देश में अव्वल नंबर पर है। लखपति महिला कार्यक्रम भी प्रदेश, देश मे एक नंबर पर रहना चाहिए। कहा बी सी सखियों व विद्युत सखियों ने प्रदेश में उत्कृष्ट कार्य किया है। समीक्षा बैठक में ग्राम्य विकास आयुक्त जी एस प्रियदर्शी, मिशन निदेशक, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन सी इन्दुमती, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे।

## *धर्मांतरण के लिए ...*

खारिज कर दिया है। कंपनी के एक प्रवक्ता ने कहा कि अमेजन इंडिया का अखिल भारतीय मिशन या उसके सहयोगियों के साथ कोई संबंध नहीं है और न ही अमेजनस्माइल प्रोग्राम अमेजन इंडिया मार्केटप्लेस पर संचालित होता है। पत्रिका ने यह भी दावा किया कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने सितंबर में पत्रिका की एक रिपोर्ट पर इस मुद्दे का संज्ञान लिया है। द इंडियन एक्सप्रेस से बात करते हुए एनसीपीसीआर के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो ने कहा कि आयोग को सितंबर में अरुणाचल प्रदेश से अनाथालयों के माध्यम से अवैध रूप से किए जा रहे धर्मांतरण और कथित तौर पर अमेजन द्वारा वित्त पोषित होने की शिकायत मिली थी। उन्होंने कहा कि हमने तुरंत मामले का संज्ञान लिया और अमेजन को सितंबर में एक नोटिस भेजा। लेकिन अमेजन ने कोई जवाब नहीं दिया। फिर मैंने अक्तूबर में अमेजन को एक समन जारी किया। इसके बाद 1 नवंबर को आयोग के कार्यालय में अमेजन इंडिया के तीन अधिकारियों ने मुलाकात की। उन्होंने कहा कि अमेजन के प्रतिनिधियों ने हमें बताया कि अमेजन इंडिया और अखिल भारतीय मिशन के बीच कोई संबंध नहीं है। अमेजन इंडिया से एनजीओ को कोई पैसा नहीं जाता है।

## *जनजातीय समाज का...*

चित्र कलाकृति भेंट की। समारोह में राष्ट्रपति ने कहा कि आज मध्यप्रदेश में जनजातीय वर्गों के कल्याण के लिए जिन प्रकल्पों को प्रारंभ किया गया है, वे सभी राष्ट्रीय महत्व के हैं। अनुसूचित क्षेत्रों के लिए बनाए गए नये नियम जनजातीय क्षेत्रों के सशक्तिकरण एवं जनजातीय वर्ग को उनके अधिकार दिलाने में प्रभावी होंगे। सम्पूर्ण स्वास्थ्य कार्यक्रम, मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान, बिरसा मुण्डा स्व-रोजगार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना, महिला उद्यमियों का सम्मान सभी जनजातीय सशक्तिकरण में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगे। उन्होंने कहा कि आज क्लाइमेट चेंज और ग्लोबल वार्मिंग की चुनौतियों को देखते हुए हमें जनजातीय जीवन-शैली से शिक्षा लेने की आवश्यकता है। जनजातीय जीवन प्रकृति पर आधारित होता है और वे प्रकृति की रक्षा करते है। उनके लिए मानव समाज, वनस्पति जीव-जंतु समान महत्व के है। जनजातीय वर्ग व्यक्ति के स्थान पर समूह को, प्रतिस्पर्धा के स्थान पर सहकारिता को और विशिष्टता के स्थान पर समानता को अधिक महत्व देता है। उनमें स्त्री और पुरुष समान होते हैं और लिंगानुपात बेहतर होता है। जनजातीय समाज की ये विशेषताएँ अनुकरणीय हैं।

## *टाटा नेक्सॉन इलेक्ट्रिक ...*

गए पारंपरिक वाहनों की जगह इलेक्ट्रिक वाहनों का इस्तेमाल बढ़ाने की योजना बना रही है। वायु सेना के विभिन्न ठिकानों पर चार्जिंग बुनियादी ढांचे की स्थापना सहित ई-वाहन पारिस्थितिकी तंत्र के विस्तार की भी योजना है। आज बेड़े में शामिल किया इलेक्ट्रिक कारों का पहला बैच दिल्ली-एनसीआर इकाइयों में तैनात किया जाएगा। वाहनों की मानकीकृत सूची बनाने के लिए वायु सेना ने इलेक्ट्रिक बसों और इलेक्ट्रिक कारों की चल रही खरीद में भारतीय सेना के साथ हाथ मिलाया है। वायु सेना की यह पहल पर्यावरण के अनुकूल सरकार के प्रयासों की पुष्टि है। इससे पहले भारतीय सेना ने इलेक्ट्रिक वाहनों को शामिल करने के लिए अक्तूबर में घोषणा की थी। इलेक्ट्रिक वाहनों में मोटर बाइक, बसें और हल्के वाहन चरणबद्ध तरीके से शामिल होंगे। वाहन बेड़े की लगभग 25 प्रतिशत हल्की कारों, 38 प्रतिशत बसों और 48 प्रतिशत मोटर साइकिलों को चार्ज करने के लिए पर्याप्त बुनियादी ढांचा होगा। भारतीय सेना टाटा पावर के साथ सहयोग से दिल्ली छावनी में विभिन्न स्थानों पर इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए 16 चार्जिंग स्टेशन स्थापित कर रही है। गो-ग्रीन इनिशिएटिव के माध्यम से स्थापित पहले चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन 02 नवंबर को दिल्ली क्षेत्र के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने किया। इन चार्जिंग स्टेशन का इस्तेमाल व्यक्तिगत और आधिकारिक इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज करने के लिए किया जा सकता है।

## *डॉ. आसमां बेगम सरदार ...*

पुरस्कार समारोह में पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन, कार्यकारी बोर्ड डब्ल्यूएचओ के अध्यक्ष, सांसद व प्रसिद्ध गणमान्य लोग उपस्थित थे। विदित हो कि डॉ. आसमां बेगम विभिन्न खेलों से भी जुड़ी हुई हैं। वे गुवाहाटी से प्रकाशित होने वाले *विकसित भारत समाचार* अखबार की कार्यकारी संपादक भी हैं। ज्ञातव्य हो कि सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस और राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर डॉ. आसमां बेगम को सरकार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय पुरस्कार देने की घोषणा की गई थी।


## *35 टुकड़े मामले में ...*

बताया कि एक व्यक्ति चोट के साथ आया है। जब मैंने उसे देखा तो वह गहरा घाव नहीं था बल्कि ऊपरी तौर पर घाव था। जब मैंने उससे पूछा कि चोट कैसे लगी तो उसने बताया कि फल काटते वक्त चोट लगी। मुझे कोई शक नहीं हुआ था, क्योंकि वह चाकू से होने वाला छोटा-सा घाव था। उन्होंने कहा कि जब वह इलाज के दौरान पहली बार 28 वर्षीय पूनावाला से मिले तो वह उन्हें काफी साहसी और आत्मविश्वासी व्यक्ति लगा। कुमार ने कहा कि दो दिन पहले पुलिस उसे मेरे अस्पताल लेकर आयी और पूछा कि क्या मैंने इस व्यक्ति का इलाज किया था। मैंने उसे पहचान लिया और हां कहा। जब वह इलाज के लिए आया तो वह बहुत आक्रामक और बेचैन था।

## *खतरे में है इंसान ...*

है। ह्यूमन रिप्रोडक्शन अपेडट जर्नल में यह अध्ययन प्रकाशित किया गया जिसमें 53 देशों के आंकड़े जुटाए गए थे। आंकड़े इकट्ठा करने में सात साल का वक्त लगा। इसमें साउथ अमेरिका, एशिया और अफ्रीका के देश शामिल थे जहां इससे पहले कभी इस तरह से स्पर्कम काउंट को लेकर अध्ययन नहीं किया गया। अध्ययन में कहा गया है कि पहली बार इन क्षेत्रों में भी लोगों में टोटल स्पर्म काउंट और स्पर्म कंसंट्रेशन में कमी देखी गई। ऐसा पहले उत्तरी अमेरिका, यूरोप और ऑस्ट्रेलिया में देखा गया था। अध्ययन में पता चला है कि साल 2000 के बाद पूरी दुनिया में ही यह बात देखने को मिली है। हेब्र्यू यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर हेगाई लेविन ने कहा कि भारत से ज्यादा डेटा मिला है। इस डेटा के मुताबिक देखा गया है कि भारत में भी स्पर्म काउंट काफी कम हुआ है। हालांकि यह पूरी दुनिया के जैसा ही है। उन्होंने कहा कि पिछले 46 वर्षों में पूरी दुनिया में स्पर्म काउंट में 50 फीसदी तक की कमी देखी गई है। हालांकि हाल के सालों में यह तेजी से घटने लगा है। लेविन ने कहा कि हालिया अध्ययन संकेत करता है कि आने वाले समय में प्रजनन तेजी से प्रभावित होगा।

## *स्वर्वेद भाष्य*




**चतुर्थ मंडल** **चतुर्थ अध्याय**

**(ज्ञान)**

**ज्ञान गुरु उपदेश से, भक्ति अन्त विज्ञान।**
**सर्व तत्व सर्वज्ञ है, महिमा भक्ति महान॥ 15॥**

**शब्दार्थ :** (अन्त) अंतिम (महिमा) महत्व (अन्त विज्ञान) महाप्रभु का साक्षात्कार।

**भाष्य :** सद्गुरु के ज्ञान, उपदेश, अनुकूल भक्ति महापथ द्वारा सत्पुरुष की प्राप्ति होती है, जिससे सर्वतत्व का पूर्ण निर्भ्रांत ज्ञान होता है। यह भक्ति की महती महिमा है।

**बिना योग अपरोक्ष नहिं, केतो करे उपाय।**
**पूर्ण बोध पूरण मिलै, ज्ञान अनन्त समाय॥ 16॥**

**शब्दार्थ :** (उपाय) युक्ति।

**भाष्य :** एकमात्र योग-विज्ञान द्वारा ही अपरोक्ष, साक्षात्कार होता है, दूसरे किसी उपाय से नहीं। योग द्वारा ही पूर्ण अनंत सत्पुरुष की प्राप्ति होती है। ज्ञान का आधार अनंत महाप्रभु है, उसी में समस्त ज्ञान स्थित हैं।

असम प्रदेश भाजपा मुख्यालय में भी जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया

# बिरसा मुंडा आदिवासी समाज के अग्रणी व्यक्ति : सीएम




**गुवाहाटी (हि.स.)।** स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की जयंती के मद्देनजर मंगलवार को देश के अन्य हिस्सों की तरह असम प्रदेश भाजपा मुख्यालय में भी जन जातीय गौरव दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भवेश कलिता ने कहा कि, इस शुभ दिन पर वीर पुरुष को सम्मान देने के लिए देशभर के साथ-साथ असम में भी आदिवासी गौरव दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष में हजारों आदिवासियों का प्रतिनिधित्व करते हुए बिरसा मुंडा ने अपने अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी। स्वदेश, स्वजाति, देश की स्वाधीनता के लिए उनका साहस, अतुलनीय स्वदेश प्रेम हमें हमेशा प्रेरित करता रहेगा। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्वशर्मा ने कहा कि आज के कार्यक्रम में शामिल होकर मुझे बहुत गर्व हो रहा है। डॉ. शर्मा ने कहा कि बिरसा मुंडा एक स्वतंत्रता सेनानी, एक धार्मिक नेता और आदिवासी लोक समाज में अग्रणी व्यक्ति थे। प्रधानमंत्री मोदी का बिरसा मुंडा की स्मृतियों को चिरस्थाई बनाने वाला यह कदम स्वागतयोग्य है। उन्होंने कहा कि महान आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों की यादों को हमेशा के लिए चिरस्मरणीय बनाने के लिए राज्य सरकार ने गुवाहाटी के हेंगराबाड़ी में बने अमृत उद्यान में प्रत्येक पूर्वोत्तर राज्यों के एक स्वतंत्रता सेनानी की प्रतिमा स्थापित की है। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा की पावन जयंती पर हमें यह वचन देना होगा कि हम अपने आदिवासी गौरव को जीवित रखेंगे और अपनी पारंपरिक संस्कृति का संरक्षण करेंगे। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद दिलीप सैकिया, मंत्री डॉ. रोनोज पेगू, जयंत मल्लबरूवा, पार्टी के राष्ट्रीय नेता अरुण ओरांग, सांसद हरेंसिंग बे, विधायक नब कुमार दलै, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शिवनाथ ब्रह्म के साथ ही देवरी स्वायत्तशासी परिषद के नवनिर्वाचित सदस्य और पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सीएम ने दी अर्जुन पुरस्कार के चयन होने पर नयनमनि को शुभकामनाएं

**गुवाहाटी (हि.स.)।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्वशर्मा ने असम की बेटी नयनमनि सैकिया को अर्जुन पुरस्कार 2022 के लिए चयनित होने पर शुभकानाएं प्रेषित की हैं। सैकिया कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 के लॉन बॉल में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम के सदस्य थीं। मुख्यमंत्री ने नयनमनि सैकिया का एक फोटो अपने फेसबुक पेज पर शेयर करते हुए कहा है कि यह सुनकर मुझे बहुत प्रसन्न हुई। अद्वितीय खेल शैली से विश्व में अपनी अलग पहचान बनाने वाली सैकिया को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। मुझे दृढ़ विश्वास है कि उनकी सफलता और उपलब्धि असम की आने वाली पीढ़ी को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।

## पूसीरे ने मनाया जनजातीय गौरव दिवस



**गुवाहाटी (विभास)।** राष्ट्रीय जनजातीय नायक, बिरसा मुंडा की जयंती मनाने के लिए पूसीरे ने आज 15 नवंबर, 2022 को पूसीरे के मुख्यालय परिसर स्थित डॉ भूपेन हजारिका सभागृह में जनजातीय गौरव दिवस मनाया। पूसीरे के महाप्रबंधक अंशुल गुप्ता और अन्य अधिकारियों ने जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा के चित्र पर दीप प्रज्वलित और पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि दी। पूसीरे मुख्यालय के अधिकारी, कर्मचारी और विभिन्न संघों एवं यूनियनों के प्रतिनिधिगण भी उपस्थित थे। पूर्वोत्तर सीमा रेल के सभी मंडलों और कार्यशालाओं ने दीप प्रज्वलित कर जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा के चित्र पर फूल अर्पण किये। इस अवसर पर पूसीरे के 15 रेलवे स्कूलों में निबंध लेखन, प्रश्नोत्तरी और चित्रांकन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। पूर्वोत्तर सीमा रेल के प्रमुख स्टेशनों पर जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष के बैनर प्रदर्शित किए गए हैं। जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा ने ब्रिटिश राज के दौरान 19वीं शताब्दी के अंत में बंगाल प्रेसीडेंसी (अब झारखंड) में उत्पन्न एक आदिवासी धार्मिक सहस्राब्दी आंदोलन का नेतृत्व किया, जिससे उन्हें भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति बना दिया गया। उन्होंने धार्मिक क्षेत्र के माध्यम से आदिवासियों के लिए लड़ाई लड़ी और जबरन धर्म परिवर्तन के खिलाफ खड़े हुए। इस अवसर पर पूसीरे के महाप्रबंधक श्री अंशुल गुप्ता ने जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा द्वारा आदिवासियों के पारंपरिक भूमि अधिकारों को बहाल करने की भूमिका का उल्लेख किया, जिसे औपनिवेशिक और स्थानीय अधिकारियों द्वारा कुचल दिया गया था। महाप्रबंधक ने कहा कि उनका पूरा जीवन आदिवासी आंदोलन को दिशा देने के लिए एक प्रेरणा है।

## छह समुदायों को जनजाति का दर्जा देने की मांग पर ऊपरी असम में दिखा बंद का मिला-जुला असर



**गुवाहाटी (हि.स.)।** राज्य की छह जनगोष्ठियां लंबे समय से जनजातिकरण की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं। मंगलवार की सुबह से 12 घंटे असम बंद के आह्वान का मिला जुला असर देखने को मिला है। बंद के दौरान कहीं से भी किसी तरह के अप्रिय घटना के समाचार नहीं मिले हैं। राज्य की मोरान, मटक, आहोम, चाय जनगोष्ठी, कोचराजवंशी और सुतिया जनजातियां अपनी मांगों के समर्थन में आज बंद का आह्वान किया था। उपरी असम को छोड़कर राज्य के अन्य हिस्सों में किसी प्रकार का कोई प्रभाव नहीं दिखा। उपरी असम के भी कुछ इलाकों में बंद का मिला-जुला असर देखा गया। गोलाघाट जिले के नुमलीगढ़ व ग्रेटर नुमलीगढ़ सहित आसपास के क्षेत्रों में भी असम बंद का मिला-जुला असर देखने को मिला। अधिकांश दुकानें और बाजार बंद थे, एनएच 39 और 37 पर वाहनों की आवाजाही भी देखी गई। नुमलीगढ़ में अट्सा (स्वतंत्र) गोलाघाट जिला समिति के नेता नुरुल अली के नेतृत्व में बंद समर्थकों ने बंद का सफल बनाने के लिए आह्वान किया और जल्द से जल्द छह समुदायों को जनजाति का दर्जा देने की मांग की। वहीं, शिवसागर जिला के आमगुरी में ताई अहोम युवा परिषद के सदस्यों ने टायर जलाकर छह समुदायों को जनजाति का दर्जा देने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। आमगुरी शहर के साथ-साथ बरबाम चाराली (चौराहा) पर टायर जलाकर विरोध जताया। ताई अहोम युवा परिषद की आमगुरी क्षेत्रीय समिति ने वाहनों की आवाजाही को अवरुद्ध करते हुए वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को बंद करा दिया। धेमाजी जिला के गोगामुख में भी असम बंद का प्रभाव देखा गया। गोगामुख में सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों के साथ-साथ बसों की आवाजाही भी पूरी तरह प्रभावित रही। वहीं शिवसागर जिले के नाजिरा के बिहुबर, संटक, शिमलगुरी, लकुवा, गलेकी में भी असम बंद का असर देखने को मिला। सुबह टाइपा के सदस्यों ने नाजिरा की सड़कों पर टायर जलाने की कोशिश की लेकिन पुलिस की मौजूदगी के चलते सफल नहीं हो पाए। नाजिरा स्थित ओएनजीसी मुख्यालय समेत सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे।

## कामरूप जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित

**रंगिया/अमीनगांव (निसं)।** देश के अन्य जिलों सहित कामरूप जिले में भी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत जिले में चार स्थानों पर सफलतापूर्वक आयोजित की गई, जिसमें अमिनगांव में जिला न्यायिक अदालत, रंगिया महकमा न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत और बोको और हाजो स्थित प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालतें शामिल हैं। इन लोक अदालतों में बिजली बिलों का भुगतान न करने, बैंक ऋणों का भुगतान न करने आदि सहित विभिन्न प्रकार के दीवानी और आपराधिक मामलों के कुल 7,476 मामलों को निपटान के लिए चुना गया था। इनमें से कुल 1182 मामलों का 2,05,84,432.00 रुपए के बजट के साथ सफलतापूर्वक निपटारा किया गया। इसके अलावा, इस लोक अदालत में कामरूप जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष लंबित बाकिजाई और राजस्व से संबंधित कुल 20 मामलों को भी निपटाने के लिए लिया गया।

16वां असम योग महोत्सव का आयोजन

## प्रो. रामचंद्र स्वामी शिवानंद सरस्वती को योग प्रेरणा पुरस्कार




**गुवाहाटी (विभास)।** भारतीय योग संस्कृति और योग चिकित्सा केंद्र की ओर से 16वां असम योग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 16वॉ असम योग महोत्सव आगामी 12 दिसंबर से 10 जनवरी तक महीने भर का कार्यक्रम के साथ आयोजित होगा।इस आशय की बातें योग महोत्सव आयोजन समिति के उपाध्यक्ष धनंजय तालुकदार और महासचिव गौतम पटवारी ने कही। उन्होंने यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए दी। उन्होंने कहा कि उद्घाटन कार्यक्रम महानगर के जिला पुस्तकालय में दिनभर के कार्यक्रम के साथ आयोजित होगा। कार्यक्रम के तहत योग ध्यान, योग शोभायात्रा, स्वामी शिवानंद सरस्वती योग प्रेरणा पुरस्कार प्रदान, अंतराज्यिक योग महाविद्यालय की योग प्रतियोगिता, योग समारोह के साथ योग संध्या का आयोजन किया जाएगा। एस-व्यासा विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति और वेद विज्ञान शुधा संस्थान इस्टीट्यूट (बेंगलुरु) के चेयरमेन प्रोफेसर राम चंद्र भट्ट को योग प्रेरणा पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। साथ ही योग के प्रसार और प्रचार के विभिन्न क्षेत्र में सेवा देने वाले 15 लोगों को विशेष पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा। महोत्सव के तहत 13 दिसंबर से 15 दिसंबर तक महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव विश्वविद्यालय के सहयोग पर योग और प्राकृतिक चिकित्सा कार्यशाला, 16 दिसंबर से 6 जनवरी तक पुलिस महानिरिक्षक, कारागार के सहयोग से कामरुप महानगर, करिमगंज, हामरेन, उदालगुड़ी, दरंग, सोनारी, विश्वनाथ चराली, कछार आदि जिले में योग प्रेरणा शिविर, 18 दिसंबर में गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल (जीएमसीएच) ब्लड बैंक की ओर से मालीगांव गोटा नगर में अवस्थित योग तीर्थ प्रकल्प में रक्तदान शिविर, 20 दिसंबर से 7 जनवरी तक विभिन्न स्थानों में योग विषय पर नुक्कड़ नाटक, 24 दिसंबर से 26 दिसंबर तक अखिल असम योग महासंघ और पूर्वांचल महिला योग फेडेरेशन के सहयोग से योग थैरेपी और मसाज थैरेपी कार्यशाला, 8 जनवरी को राज्यस्तर पर परिचर्चा और कार्यशाला कृष्णकात हैंडिक मुक्त विश्वविद्यालय के सहयोग से आयोजित की जाएगी। 10 जनवरी समापन कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल शिवानंद योगाश्रम, नेताजी कॉलोनी कोलकाता में आयोजित होगा।

## इंडिगोरीच कर रहा असम और मेघालय में महिलाओं का सामाजिक-आर्थिक सशक्तीकरण

**गुवाहाटी।** इंडिगो का सीएसआर आर्म, इंडिगोरीच ग्रामीण सहारा के साथ साझेदारी में असम अ मेघालय के 24 गांवों में 1,670 आदिवासी महिलाओं को सहयोग देने के लिए एक सामाजिक आर्थिक परिवेश का विकास कर रहा है। इस कार्यक्रम ने महिला किसानों को मसालों, मुख्यत: हल्दी, अदरक, काली मिर्च, और किंग चिली को बढ़ावा देने में समर्थ बनाया, ताकि उनकी वार्षिक आय बढ़ाई जा सके। ये महिलाएं असम और मेघालय के सीमावर्ती इलाकों में कामरूप और रि भोई जिले के गांवों में रहती हैं। इंडिगोरीच निरंतर अपने अभियानों द्वारा विभिन्न समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करता है। यह शिक्षा से लेकर सशक्तीकरण और सामाजिक सहयोग के क्षेत्रों में अपने कार्यक्रमों द्वारा उन लोगों को लाभ पहुंचाता है, जिन्हें मदद की सबसे ज्यादा जरूरत है। ये समाधान उतने ही विशाल हैं, जितनी विशाल समस्याएं हैं। इसलिए इंडिगोरीच ने ग्रामीण सहारा के साथ साझेदारी करने का निर्णय लिया क्योंकि उनके पास इस क्षेत्र में आजीविका में मदद करने का विस्तृत अनुभव है। इस सहयोग के द्वारा वो महिलाओं को संस्थागत सहयोग प्रदान कर सकेंगे और महिला किसान संगठनों का निर्माण कर सर्वश्रेष्ठ विधियों को बढ़ावा दे सकेंगे, जिससे किसानों के लिए लगातार उत्पादन करते हुए वॉल्यूम बढ़ेगा। सीएसआर कार्यक्रम के अभियानों के बारे में सुखजीत पस्रिचा, चीफ ह्यूमन रिसोर्स ऑफिसर, इंडिगो ने कहा कि महिला सशक्तीकरण इंडिगो में कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) अभियान के चार स्तंभों में से एक है। हम पिछले 4-5 सालों से पूरे देश में महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में काम कर रहे हैं। हम महिलाओं को अपनी आय बढ़ाने में मदद करने और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने पर केंद्रित हैं। ग्रामीण सहारा के साथ हमें एक सही साझेदार मिल गया है और हम मिलकर 1670 परिवारों की आय में 90 प्रतिशत की वृद्धि के साथ उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रहे हैं। हम दो कृषक उत्पादक संगठनों की स्थापना में मदद कर चुके हैं, जिससे इस अभियान की सस्टेनेबिलिटी सुनिश्चित होगी और प्रोजेक्ट के दौरान एवं उसके बाद ज्यादा अंशधारकों का सहयोग मिल सकेगा। हम समुदायों पर सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करने और समाज के विभिन्न सेगमेंट्स में उनका समग्र विकास करने में यकीन करते हैं, ताकि हमारे देश के सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिले। उत्तर-पूर्व भारत इंडिगो के लिए एक बहुत महत्वपूर्ण बाजार है, और यहां पर इसका पहला कमर्शियल एयरक्राफ्ट 4 अगस्त, 2006 को दिल्ली से गुवाहाटी और इम्फाल के लिए शुरू हुआ था। इस क्षेत्र में इंडिगो अपने बिजनेस और अपने सीएसआर कार्यक्रमों द्वारा गहनता से संलग्न है, जिससे इस क्षेत्र में पूरे देश से सर्वश्रेष्ठ कॉर्पोरेट गवर्नेंस की विधियों और सीख का इस्तेमाल करने में मदद मिली है। इस प्रोजेक्ट के हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने वाली कुछ सरकारी योजनाओं में हैं-उज्जवला योजना, जिसके तहत गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों की महिलाओं को मुफ्त एलपीजी कनेक्शन दिए जाते हैं, जनधन योजना, जिसके अंतर्गत बैंक खाता, रेमिटैंस, क्रेडिट, बीमा और पेंशन, किसान क्रेडिट कार्ड योजना जैसी वित्तीय सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं, जिससे किसानों को अल्पकालिक लोन प्राप्त करने में मदद मिलती है, और विधवा पेंशन योजना एवं अंत्योदय अन्न योजना, जिसके द्वारा लाखों गरीब परिवारों को अत्यधिक रियायती दरों पर खाने की आपूर्ति की जाती है।

## सड़क दुर्घटना में छात्रा घायल, हंगाम

**गुवाहाटी (हि.स.)।** कामरूप (ग्रामीण) जिला के हाजो में दमदमा महाविद्यालय के सामने हुई एक सड़क दुर्घटना में एक छात्रा मंगलवार को गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसके बाद विद्यार्थियों ने सड़क अवरूद्ध कर जमकर हंगामा किया। मिली जानकारी के अनुसार नलबाड़ी से गुवाहाटी की ओर जा रही बाइक (एएस-02एफए-7241) द्वारा ठोकर मारे जाने से पिंकी मालाकार नामक छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे इलाज के लिए गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना के बाद विद्यार्थियों ने जमकर हंगामा किया। जिसके बाद राजस्व चक्र अधिकारी अप्रतिम गोस्वामी, दमदमा महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. सूरजन शर्मा, छात्र एकता सभा के अधिकारी, थानाध्यक्ष एमब्रेल दैमारी ने विद्यार्थियों को समझा-बुझाकर सड़क को खुलवाया। प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं को राजस्व चक्र अधिकारी ने घायल छात्रा का चिकित्सा सही ढंग से किए जाने का आश्वासन दिया।

## विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय सचिव का बरपेटा रोड दौरा, सांगठनिक विस्तार पर चर्चा



**बरपेटा रोड (निसं)।** असम में विप्र फाउंडेशन के सांगठनिक विस्तार के उद्देश्य से संस्था के राष्ट्रीय सचिव चंद्रप्रकाश शर्मा ने कल बरपेटा रोड का दौरा किया। इस दौरान वहां पर विप्र समाज के लोगों से मुलाकात कर निचले असम में सांगठनिक विस्तार पर चर्चा की। मौके पर आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता नागरमल शर्मा ने की। सभा के उद्देश्यों की व्याख्या भेरू कुमार शर्मा ने की। मौके पर आत्माराम शर्मा ने बरपेटा विप्र समाज की ओर से फुलाम गामोछा पहनाकर चंद्रप्रकाश शर्मा का स्वागत किया। इस दौरान अपने वक्तव्य में शर्मा ने विप्र फाउंडेशन के विस्तार और बिखरी हुई विप्र शक्ति के एकीकरण पर जोर देते हुए कहा कि बदलते हुए परिवेश में विप्र समाज ने काफी उन्नति की है, किंतु उन्नति के साथ आपसी जुड़ाव में कमी होने के कारण सांगठनिक और सामाजिक ढांचे में कमजोरी आयी है। भारतीय सनातन संस्कृति और संस्कार से भावी पीढ़ी का परिचय करवाने के लिए संगठन की आवश्यकता है। ऐसे में विप्र फाउंडेशन पूर्वोत्तर के विप्रो के लिए एक अंब्रेला ऑर्गेनाइजेशन की भूमिका निभा सकता है। बैठक में निचले असम में रंगिया से लेकर धुबड़ी तक के जिलों को मिलाकर एक उप जोन के गठन पर भी चर्चा हुई। इस क्षेत्र में कार्य करने के लिए फिलहाल नागरमल शर्मा, भेरू शर्मा, आत्माराम शर्मा, बीरबल पारीक, बंगाईगांव के रामअवतार शर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गयी है। ये सभी लोग संस्था के प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीधर शर्मा के साथ विचार-विमर्श कर रंगिया, नलबाड़ी, पाठशाला, बरपेटा रोड, बरपेटा, कोकराझाड़, बंगाईगांव व धुबड़ी सहित अन्य इलाकों में रह रहे विप्र बंधुओं को विप्र फाउंडेशन के साथ जोड़कर संगठन के विस्तार का काम करेंगे। सभा में श्यामसुंदर शर्मा, रामदेव पारीक, वासुदेव पारीक, पवन कुमार शर्मा, दीनदयाल शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, बाल कृष्ण शर्मा, मन्ना लाल शर्मा, पीतराम पारीक सहित अन्य कई विप्र बंधू मौजूद थे।

## रोटरी क्लब का कॉटन यूनिवर्सिटी में जोनल युवा कांफ्रेंस का आयोजन संपन्न




**गुवाहाटी (विभास)।** रोटरी क्लब ऑफ गुवाहाटी वेस्ट ने कल कॉटन एलुमनी हॉल में युवा कांफ्रेंस का आयोजित किया गया। कांफ्रेंस का विषय था पीस इज द सरवाइवल ऑफ द ह्यूमन रेस (मानवजाति को बचाने के लिए शांति आबश्यक है) रोटरी इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3240 के तहत डिस्ट्रिक्ट पीस चेयरमैन बुधिन बरठाकुर ने कार्यक्रम की शुरूआत की और प्रेसिडेंट प्रेम कांत चौधरी को स्वागत संबोधन के लिए आमंत्रित किया। अपने स्वागत संभाषण में युवाओं को शांतिदूत कहा जो भारतीय फिलॉसफी सर्वे भवंतु सुखिन: की भावना को अग्रदूत बनकर आगे बढ़ाए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्यमंत्री असम के शिक्षा सलाहकार डॉ (प्रो) नानी गोपाल महंत ने युवाओं से आह्वान किया कि शांति की माहौल में असम और राष्ट्र की सेवा अनेकों प्रकार से किया जा सकता है। शांति और मानव जाति के बीच घनिष्ठ संबंध है। शांति के बिना मानव जाति के जीवन यापन असंभव है। उपरोक्त विषय पर कुल 22 विभिन्न महाविद्यालय विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं ने भाग लिया जिसमें रॉयल ग्लोबल, डाउन टाउन, कॉमर्स कॉलेज, आर्या विद्यापीठ, केसी दास, एस के हजारिका शामिल है। स्पीच कंपीटिशन में भाग लिया। इसमें प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने बाले को प्रसस्ति पत्र के साथ प्रमाण पत्र दिया गया। अन्य सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र दिया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य संजोजक एवं जज आर्या महाविद्यालय के प्रो संगीता काकोती पाठक जो पीस स्कॉलर के रूप मे थाईलैंड भी गई थी। अन्य जजो में असिस्टेंट गवर्नर विभूति दत्ता और रोटेरियन जयब्रत बनर्जी थे। इस कार्यक्रम में सेक्रेटरी जीता बरुआ, अनुराग, श्यामल कमल, कृष्णंदू, दीपज्योति, देबरती और अन्य क्लब से रत्ना सिंह, उत्पल गोहाई, बिमलेंद्र उपस्थित थे।

## उत्तर-पूर्व अंतर्राष्ट्रीय फैशन सप्ताह 2022 के सातवें सीजन में खादी को बढ़ावा




**गुवाहटी।** उत्तरपूर्व अंतर्राष्ट्रीय फैशन सप्ताह-2022 (एनईआईएफडब्ल्यू) 12 और 13 नवंबर 2022 को गुवाहाटी के पामोही, गढ़चूक में स्थित पूर्वोत्तर हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम लिमिटेड के कैंपस में आयोजित किया गया। एनईआईएफडब्ल्यू के उदघाटन का मूल विषय था फैशन सभी के लिए। स्तन कैंसर के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए इसके 7वे सीजन में असम के सभी सर्वश्रेष्ठ डॉक्टरों उपस्थित होने के साथ साथ एक सेमिनार और एक विशेष खादी फैशन शो का भी आयोजन किया गया। एनईआईएफडब्ल्यू पड़ोसी देशों और विभिन्न संस्कृतियों के लोगों के साथ भी सहयोग करता है, यह नौजवानों को अपनी प्रतिभाओ का प्रदर्शन करने का और पूरे विश्व में एक पहचान बनाने एक बहुत बड़ा मंच प्रदान करता हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह हैं कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हैं, ब्रांड के प्रति लोगों में और उत्तर पूर्व भारत के फैशन उद्योग से जुड़े मीडिया में जागरूकता पैदा करना। उत्तरपूर्व अंतर्राष्ट्रीय फैशन सप्ताह 2022, (एनईआईएफडब्ल्यू ) के इस 7वे सीजन से जुड़े थे पूरे उत्तरपूर्व के राज्यों से और पड़ोसी देश जैसे नेपाल और भूटान से ढेरों आकांक्षी फैशन डिजाइनर, और फैशन शो के पहले दिन का उद्घाटन भारत के अत्यंत प्रसिद्ध एवं प्रमुख बॉलीवुड डिजाइनर राजदीप राणावत द्वारा किया गया। उत्तरपूर्व अंतर्राष्ट्रीय फैशन सप्ताह 2022, (एनईआईएफडब्ल्यू ) इस वर्ष और अधिक दिलचस्प हो गया क्योंकि प्रशांत घोष, जिनका विश्व स्तर पर उत्तरपूर्व के समृद्ध हटकरघा शिल्प की विरासत को पुनर्जीवित करने में बहुत बड़ा अवदान रहा हैं, पूरे तत्पर थे एक नए तरीके से सामाजिक जागरूकता फैलाने में, फैशन के द्वारा। प्रशांत घोष जी पूरे भारत और बांगलादेश, भूटान, मलेशिया, श्रीलंका और नेपाल जैसे देशों के कार्यक्रमों में काम कर चुके हैं।

# भारत-अमेरिका की सेनाएं इसी माह उत्तराखंड में करेंगी प्रशिक्षण युद्ध अभ्यास

- संयुक्त बेस एल्मडॉर्फ रिचर्डसन, अलास्का (यूएसए) में हुआ था पिछला संस्करण
- शेड्यूल में पीस कीपिंग और पीस एनफोर्समेंट से जुड़े सभी ऑपरेशन शामिल होंगे



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारत और अमेरिका की सेनाओं के बीच इसी महीने उत्तराखंड में संयुक्त प्रशिक्षण युद्ध अभ्यास का 18वां संस्करण होगा। दोनों देशों की सेनाओं का यह युद्ध अभ्यास हर साल एक-दूसरे की सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान करने के मकसद से किया जाता है। अभ्यास का पिछला संस्करण अक्टूबर, 2021 में संयुक्त बेस एल्मडॉर्फ रिचर्डसन, अलास्का (यूएसए) में आयोजित किया गया था। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक इसी महीने उत्तराखंड में होने वाले संयुक्त प्रशिक्षण युद्ध अभ्यास में भारत की ओर से असम रेजीमेंट के जवान और अमेरिका की ओर से 11वीं एयरबोर्न डिवीजन की दूसरी ब्रिगेड के जवान हिस्सा लेंगे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम संयुक्त राष्ट्र शासनादेश के अध्याय श्क्क के तहत एक एकीकृत युद्ध समूह के रोजगार पर केंद्रित है। शेड्यूल में पीस कीपिंग और पीस एनफोर्समेंट से जुड़े सभी ऑपरेशन शामिल होंगे। दोनों देशों के सैनिक समान उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए मिलकर काम करेंगे। संयुक्त अभ्यास मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) संचालन पर भी ध्यान केंद्रित करेगा। दोनों देशों के सैनिक किसी भी प्राकृतिक आपदा के मद्देनजर त्वरित और समन्वित राहत प्रयास शुरू करने का अभ्यास करेंगे। दोनों सेनाओं के जवान पेशेवर कौशल और अनुभव हासिल करने के लिए चयनित विषयों पर कमांड पोस्ट अभ्यास और विशेषज्ञ अकादमिक चर्चा भी करेंगे। फील्ड प्रशिक्षण अभ्यास के दायरे में एकीकृत युद्ध समूहों का सत्यापन, निगरानी ग्रिड की स्थापना और कामकाज, परिचालन रसद का सत्यापन, पर्वतीय युद्ध कौशल, आकस्मिक निकासी, प्रतिकूल इलाके और जलवायु परिस्थितियों में चिकित्सा सहायता का मुकाबला शामिल है। इस अभ्यास में लड़ाकू इंजीनियरिंग, यूएएस/काउंटर यूएएस तकनीकों के रोजगार और सूचना संचालन सहित युद्ध कौशल के व्यापक स्पेक्ट्रम पर आदान-प्रदान और अभ्यास शामिल होंगे। इस अभ्यास से दोनों सेनाओं को अपने व्यापक अनुभव, कौशल साझा करने और सूचनाओं के आदान-प्रदान के माध्यम से अपनी तकनीकों को बढ़ाने में सुविधा होगी।

# दिल्ली दंगा: मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपित ताहिर हुसैन के मामले में हाई कोर्ट का फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली दंगों में मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में आरोपित ताहिर हुसैन पर ट्रायल कोर्ट की ओर से आरोप तय करने के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। जस्टिस अनु मल्होत्रा की बेंच ने ताहिर हुसैन और ईडी की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रखने का आदेश दिया। हाई कोर्ट ने दोनों पक्षों को अपनी लिखित दलीलें दो दिन के अंदर दाखिल करने का निर्देश दिया। ताहिर हुसैन की ओर से पेश वकील नवीन अग्रवाल ने कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में अपराध से धन कमाने के तत्व निहित होते हैं, लेकिन इस मामले में ये तत्व नहीं है। ताहिर हुसैन के पास से इस अपराध से संबंधित कोई संपत्ति भी जब्त नहीं की गई जो आरोप तय करने के आदेश को सही ठहरा सके। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से पेश जोहेब हुसैन ने कहा कि जिन बैंक खातों का इस्तेमाल ताहिर हुसैन ने किया वे मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत संपत्ति होगी और ये संपत्ति जब्त हो सकती है। ईडी ने कहा कि दिल्ली दंगों को अंजाम देने के लिए फर्जी बिल के जरिये फंडिंग की गई और कई लोगों को कैश दिए गए। इस बात के पुख्ता साक्ष्य हैं कि दंगों की साजिश रचने में धन का इस्तेमाल किया गया।

उल्लेखनीय है कि चार नवंबर को कड़कड़डूमा कोर्ट ने दिल्ली दंगों में मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में आरोपित ताहिर हुसैन के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया था। कड़कड़डूमा कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की धारा 3 और 4 के तहत आरोप तय करने का आदेश दिया था। 19 फरवरी को कोर्ट ने इस मामले के सह-आरोपित अमित गुप्ता को सरकारी गवाह बनने की अनुमति दी थी। ईडी ने ताहिर हुसैन और अमित गुप्ता को आरोपित किया है। 16 अक्टूबर 2020 को ईडी के असिस्टेंट डायरेक्टर पंकज कुमार खत्री ने चार्जशीट दाखिल की थी। ईडी ने ताहिर हुसैन और अमित गुप्ता को मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की धारा 3 के तहत आरोपित किया है। चार्जशीट में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में भड़के दंगों में ताहिर द्वारा धनराशि लगाने का आरोप लगाया है। ईडी ने कहा है कि करीब सवा करोड़ रुपये से दंगों के लिए हथियारों की खरीदारी की गई। ताहिर हुसैन और उससे जुड़े लोगों ने एक करोड़ दस लाख रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग किया। दंगों के लिए एकत्रित किए गए इस धन को फर्जी कंपनी के जरिये नागरिकता संशोधन अधिनियम के विरोध में चल रहे धरना-प्रदर्शनों में लगाया गया।

# अरविंद केजरीवाल सरकार हो या आम आदमी पार्टी दोनों भ्रष्टाचार है: उपाध्याय

**नई दिल्ली (हि.स.)।** दिल्ली भाजपा के पूर्व अध्यक्ष एवं नई दिल्ली नगर पालिका (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने आज प्रेस वार्ता में कहा कि अरविंद केजरीवाल सरकार हो या आम आदमी पार्टी यह दोनों आज भ्रष्टाचार एवं प्रशासनिक बेईमानी का पर्याय बन गए हैं। उपाध्याय ने कहा कि लगातार समाचार आते रहे हैं कि मंत्री सत्येंद्र जैन जेल में सामान्य से अधिक सुविधाओं के साथ रह रहे हैं, उनको जेल के भीतर से निजी सेवक दिये गये हैं, वह तिहाड़ जेल अधीक्षक के कार्यालय का दुरुपयोग कर रहे हैं। वहां उन्हे फोन एवं इंटरनेट की सुविधा प्राप्त है और सामान्य से अधिक लोगों को जेल के अंदर जा कर उनसे मिलने की छूट हैं। वरिष्ठ जेल कर्मियों पर सत्येंद्र जैन के लियें धन उगाही के आरोप उसी जेल में बंद रहे ठग सुकेश चन्द्रा ने लगाये जिसने दिल्ली को स्तब्ध किया है। आगे उपाध्याय ने कहा कि सभी ओर से जेल में चल रहे मंत्री सत्येंद्र जैन के सम्राज्य पर सवालों के बीच खुद दिल्ली सरकार को जांच के आदेश देने पड़े और आज तिहाड़ जेल अधीक्षक अजीत कुमार का निलंबन हो या फिर गत सप्ताह दिल्ली सरकार के जेल महानिदेशक संदीप गोयल को हटाया जाना, यह सब साफ करता है कि दिल्ली का पूरा जेल प्रशासन केजरीवाल सरकार के दबाव मे मंत्री सत्येंद्र जैन के भ्रष्टाचार का सहभागी बन गया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह जेल में बंद एक ठग सुकेश चन्द्र शेखर केवल मंत्री सत्येंद्र जैन ही नही खुद मुख्य मंत्री अरविंद केजरीवाल पर उससे पैसे लेने का आरोप लगा रहा है और आम आदमी पार्टी उस पर जवाब देने की बजाये गलत बयानबाजी कर रही है उसको देख दिल्ली एवं देश की जनता जेल में बंद सुकेश चन्द्र शेखर की बातों पर विश्वास करने को बाध्य हो गई है। उपाध्याय ने कहा कि दिल्ली एवं देश की जनता आज अरविंद केजरीवाल एवं आम आदमी पार्टी दोनों से जानना चाहती है की आखिर क्या मजबूरी है की वह अपनी राजनीतिक साख को दबाव पर लगा कर भी सत्येंद्र जैन के भ्रष्टाचार को संरक्षण दे रहे हैं और क्या मजबूरी है की ना मुख्य मंत्री ना उनकी पार्टी ही ठग सुकेश चन्द्रा केवल सवालों का जवाब दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि समय आ गया है कि माननीय अदालत अब सत्येंद्र जैन को किसी गैर आम आदमी पार्टी शासित राज्य की जेल में रखने का आदेश दें।

# नेपाल में चुनाव के चलते दार्जिलिंग में भारत-नेपाल सीमा 17-20 तक रहेगी बंद

**कोलकाता, (हि.स.)।** नेपाल में आगामी आम चुनाव के मद्देनजर पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले में भारत-नेपाल सीमा 17 से 20 नवंबर के बीच बंद रहेगी। इस दौरान आपातकालीन चिकित्सा उद्देश्यों के लिए आवश्यक दस्तावेज पर अनुमति रहेगी। दरअसल, दार्जिलिंग जिले में नेपाल के साथ दो सीमा बिंदु हैं। एक दार्जिलिंग में पानीटंकी और दूसरा मिरिक में पशुपति में है। इसमें दूसरा सीमा बिंदु नेपाल में पशुपतिनाथ आने वाले पर्यटकों द्वारा विशेष रूप से इस्तेमाल होता है। दार्जिलिंग में कुल भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र लगभग 100 किलोमीटर तक फैला है। भारत-नेपाल सीमाओं की रक्षा के लिए जिम्मेदार केंद्रीय सशस्त्र बलों सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने सीलिंग प्रक्रिया शुरू कर दी है। पता चला है कि नेपाल सरकार के अनुरोध के बाद केंद्र ने यह फैसला लिया है। एसएसबी के महानिरीक्षक (उत्तर बंगाल) श्रीकुमार बंदोपाध्याय के अनुसार, इस अवधि के दौरान न तो किसी को नेपाल से भारतीय सीमा में आने की अनुमति दी जाएगी और न ही भारतीय सीमा से नेपाल जाने वाले किसी भी व्यक्ति को इन दोनों सीमा बिंदुओं में से अनुमति दी जाएगी।

हालांकि, उन्होंने कहा कि आपातकालीन चिकित्सा उद्देश्यों के कारण आने या जाने वालों के लिए यह अपवाद रहेगा और इसकी अनुमति केवल सहायक दस्तावेज प्रस्तुत करने के बाद ही दी जाएगी। पता चला है कि एसएसबी ने चार दिनों के दौरान दार्जिलिंग जिले के सीमावर्ती इलाकों में अतिरिक्त कर्मियों को तैनात करने का फैसला किया है। लोगों का मानना है कि निर्यातकों को दो सीमा बिंदुओं, विशेष रूप से पानीटंकी सीमा बिंदु को बंद करने के निर्णय के कारण व्यापार के बड़े नुकसान की आशंका है, जिसके माध्यम से दोनों देशों के बीच प्रतिदिन लगभग छह सौ मालवाहक ट्रक चलते हैं। दार्जिलिंग जिले से सब्जियां ले जाने वाले ट्रक मुख्य रूप से इसी सीमा से गुजरते हैं। पता चला है कि बिहार के किशनगंज जिले के गलगलिया में भारत-नेपाल सीमा को भी उक्त अवधि के दौरान सील कर दिया जाएगा।

# मुंबई में खसरा का प्रकोप, एक साल के बच्चे की मौत



**मुंबई, (हि. स.)।** महानगर के कस्तूरबा अस्पताल में खसरा जैसी बीमारी से 1 साल के बच्चे की मौत हो गई है। खसरा से मुंबई में अब तक चार लोगों की मौत हो चुकी है। कस्तूरबा अस्पताल में खसरा से पीड़ित छह मरीजों को इलाज चल रहा हैं और सभी ऑक्सीजन पर हैं। मुंबई नगर निगम के आयुक्त इकबाल चहल ने मंगलवार को इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की और आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया है। मुंबई नगरनिगम सूत्रों ने बताया कि मुंबई के कस्तूरबा अस्पताल के आईसीयू में भर्ती नल बाजार निवासी खसरा पीड़ित 1 साल के बच्चे की सोमवार रात को मौत हो गई। आईसीयू में भर्ती किए गए 6 अन्य खसरा पीड़ित बच्चों की तबीयत में सुधार हो रहा है। मुंबई में अब तक 126 खसरा पीड़ितों का इलाज किया गया है। जानकारी के अनुसार गोवंडी इलाके में खसरे के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है, ऐसे में मुंबई नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने इन्हें गंभीरता से लिया है। इसके लिए केंद्र की खसरा विशेषज्ञ टीम पिछले तीन दिन से मुंबई में सर्वे कर रही है। टीम ने मृतक बच्चे के परिजनों से भी बातचीत की है। इसी तरह गोवंडी और उसके आसपास के स्वास्थ्य केंद्रों का भी दौरा किया। इस बैठक के बाद उन्होंने राज्य सरकार और महापालिका के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की और कुछ सुझाव दिए है। मुंबई नगर निगम की टीम इन दिशा निर्देशों का पालन कर रही है। मुंबई के साथ राज्य के मालेगांव और भिवंडी शहरों में भी खसरे के मरीज मिले हैं। इसलिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने लोगों में जागरुकता फैलाने के लिए बड़े पैमाने पर खसरा टीकाकरण अभियान चलाया है।

# अन्ना से 4 थप्पड़ खाने को तैयार आप चीफ

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने 'गुरु' अन्ना हजारे को लेकर बड़ी बात कही है। दिल्ली में कथित शराब घोटाले को लेकर अन्ना के निशाने पर आ चुके केजरीवाल ने कहा है कि वह उनका बहुत सम्मान करते हैं और उनसे थप्पड़ खाने को भी तैयार हैं। केजरीवाल ने अन्ना की नाराजगी की वजह भाजपा को बताते हुए कहा कि हजारे भोले आदमी है और उनके प्रति मन में बहुत सम्मान है। आप संयोजक ने भगवान में अपना विश्वास जाहिर करते हुए कहा कि 2010 तक इस देश के अंदर अरविंद केजरीवाल को कोई नहीं जानता था। कौन था केजरीवाल। अचानक इतना बड़ा अन्ना आंदोलन हो गया। अचानक एक पार्टी बन गई। अचानक वह पार्टी सत्ता में आ गई। अचानक वह पार्टी दूसरे राज्य में भी सत्ता में आ गई। मैंने पिछले जन्म में कुछ यह कुछ तो दैवीय शक्ति है जिसकी कृपा मुझ पर बनी है। अन्ना का नाम लिए जाने के बाद केजरीवाल से पूछा गया कि अब क्यों बुजुर्ग आंदोलनकारी उनसे व्यथित रहते हैं। केजरीवाल ने कहा, "कई राजनीतिक दल... अन्ना जी की मैं बहुत इज्जत करता हूं। वह बहुत भोले आदमी हैं, बहुत अच्छे आदमी हैं। लेकिन ये पुरानी पार्टी जाकर मेरे खिलाफ उनके कान भरती रहती है। यह कांग्रेस के जमाने से चला आ रहा

# पॉक्सो का उद्देश्य सहमति से बने संबंधों को अपराध बनाना नहीं: दिल्ली हाईकोर्ट

- अदालत ने कहा, वह आवेदक को जमानत दे रही है, प्राथमिकी रद्द नहीं कर रही




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने पाया है कि यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम का उद्देश्य नाबालिग बच्चों को यौन शोषण से बचाना है और इसका उद्देश्य कभी भी युवाओं के बीच सहमति से रोमांटिक संबंधों को अपराध बनाना नहीं है। जस्टिस जसमीत सिंह ने पॉक्सो सह दुष्कर्म के एक आरोपी को जमानत देते हुए कहा कि मेरी राय में पॉक्सो का इरादा 18 साल से कम उम्र के बच्चों को यौन शोषण से बचाना था। इसका मतलब कभी भी युवा वयस्कों के बीच सहमति से रोमांटिक संबंधों को अपराध बनाना नहीं था। दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने यह भी संकेत दिया कि ऐसी परिस्थितियां हो सकती हैं जहां यौन अपराध के उत्तरजीवी को समझौता करने के लिए मजबूर किया जा सकता है। इसलिए प्रत्येक मामले को तथ्यों और परिस्थितियों के आधार पर देखा जाना चाहिए। जज से कहा कि 17 वर्षीय लड़की ने अपनी मर्जी से (जमानत) आवेदक से शादी की, वह उसके साथ रहना चाहती थी और उस पर इस तरह के फैसले लेने का कोई दबाव नहीं था। जज ने माना कि यह आरोपी और पीड़िता के बीच जबरदस्ती संबंध का मामला नहीं है। अदालत ने कहा कि यह लड़की ही थी जो आवेदक के पास गई और उससे शादी करने के लिए कहा। इसने आगे कहा कि आवेदक और लड़की एक रोमांटिक रिश्ते में थे और सहमति से सेक्स कर रहे थे। न्यायाधीश ने कहा कि पीड़िता नाबालिग थी और उसके बयान का कोई कानूनी असर नहीं है, लेकिन जमानत याचिका पर फैसला करते समय उनके और परिस्थितियों के बीच संबंध पर विचार किया जाना चाहिए। आवेदक को जेल में रखना न्याय की विकृति होगी। न्यायाधीश ने जमानत देते हुए कहा कि यह ऐसा मामला नहीं है, जहां आवेदक की स्लेट साफ हो गई हो। अदालत ने कहा कि वह आवेदक को जमानत दे रही है और प्राथमिकी रद्द नहीं कर रही है।

# राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में भगदड़, एक व्यक्ति घायल

**मुंबई, (हि.स.)।** महाराष्ट्र के वाशिम जिले में राजगांव इलाके में मंगलवार सुबह कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान अचानक मची भगदड़ में एक पदयात्री घायल हो गया। घायल को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का महाराष्ट्र में आज नौवां दिन है। सुबह अप्रत्याशित रूप से बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने से भगदड़ मची। राजगांव के मराठवाड़ा-विदर्भ सीमा पर पारंपरिक मराठी संस्कृति के अनुसार भारत जोड़ो यात्रा का स्वागत किया गया। सोनिया गांधी 1999 में वाशिम आई थीं। 23 साल बाद राहुल गांधी वाशिम आए हैं। भारत जोड़ो यात्रा में नाना पटोले, माणिकराव ठाकरे, पूर्व मंत्री यशोमती ठाकुर, विधायक अमित जनक शामिल हु। राहुल गांधी ने कहा कि मैंने देश के लिए अपना परिवार खो दिया है। देश में डर का माहौल है। लेकिन मैं किसी से नहीं डरता। उन्होंने कहा कि इस यात्रा से लोगों में विश्वास जगेगा। लोगों का समर्थन मिल रहा है, इससे लगता है अब बदलाव होगा।




No.MCH/2022/ 22730 -

***e-TENDER NOTICE***

e-Tenders are invited online through e-procurement system i.e. through website www.assamtenders.gov.in for purchase of the same on annual rate contract basis for the period of 2 (two) years by the Superintendent, Assam Medical College & Hospital, Dibrugarh - 786002, Assam.

The E- Tender is Two-Bid System, to be submitted with affixed Court Fee Stamp Rs. 8.25 (Rupees eight point two five paisa) only.

We expect good amount of discount on your products as our institute is an educational and Public Service Institute.

**Important dates of the e-Tender**

Important Particulars :

| Brief Description of Goods and services | Cost of Bidding Document fee (Online) | EMD (Bid Security) (Online) |
|---|---|---|
| Reagent & Consumables | Rs. 1,000/- | Rs. 1,00,000/- |

**Key Dates :**

| Sl. No. | Scheduled | Start Date | Start Time | End Date | End Time |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | e-Tender Publishing | 23/11/2022 | 4.00 pm | | |
| 2. | e-Tender Download- | 24/11/2022 | 12.30 pm | 13/12/2022 | 4.00 pm |
| 3. | Pre-bid Meeting | 30/11/2022 | 11.30 am | | |
| 4. | Bid Submission- | 03/12/2022 | 11.00 am | 13/12/2022 | 4.00 pm |
| 5. | Bid Opening - | 14/12/2022 | 11.30 am | | |

a) Bidding documents are available through online and bids are to be submitted online through e-procurement system i.e. through website www.assamtenders.gov.in only on or before **13/12/2022 upto 4.00 pm.** The bidders would be required to register in the website for submission of the bids. The bidders are required to have Digital Signature (DSC) from any of the Certifying Authorities .Aspiring bidders who have not obtained the user ID and password for participating in e-procurement may obtain the same by registering in the www.assamtenders.gov.in. The requirements to register with the e-procurement portal are available on the website indicated above.

b) A hard copy of Technical Bid to be submitted/ dropped along-with the cost of Bid Documents (non- refundable) Draft and Bids security (EMD) in the tender box in this office i.e. Superintendent Assam Medical College Hospital, Dibrugarh during the office hours on or before the last date of submission of the e-tender.

c) **The e-Tender is valid for two year only**

d) All other relevant information and the detailed Bid Document is available on website www.assamtenders.gov.in and can be viewed from 24/11/2022. The undersigned shall not be held liable for any delays for submission of the tender to the website due to e-procurement system failure beyond the control. Even though the e-procurement system will attempt to notify the bidders of any bid updates, the undersigned shall not be liable for any information not received by the bidder. It is the bidder's responsibility to verify the website for the latest information related to the bid.

e) The bid documents are not transferable.

f) **The prospective bidders might not put ZERO (0:00) data in the Price Bid (BOQ) format in any circumstances which upload by the tendering authority.**

Superintendent
Assam Medical College Hospital
Dibrugarh.

*-- Janasanyog /C/14078/22*


# विहिप ने अवैध मतांतरण पर रोक के लिए केंद्र से की कानून बनाने की मांग




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) ने देश में अवैध मतांतरण पर रोक लगाने के लिए केंद्र सरकार से जल्द से जल्द कानून बनाने का आग्रह किया है। केन्द्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ सुरेन्द्र जैन ने मंगलवार को अवैध मतांतरण पर सर्वोच्च न्यायालय की चिंता से सहमति व्यक्त करते हुए कहा कि विभिन्न घटनाओं और इस विषय पर गठित आयोगों का यही निष्कर्ष है कि अवैध मतांतरण धार्मिक स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि अगर इसे नहीं रोका गया तो देश के लिए खतरनाक स्थिति निर्माण हो जाएगी। डॉ जैन ने कहा कि न्यायपालिका ने पहले भी कई मामलों में अवैध मतांतरण पर केंद्रीय कानून बनाने की आवश्यकता पर बल दिया था। बार-बार यह स्पष्ट हो गया है कि जबरन, धोखे से व लालच से किया गया मतांतरण अवैध है लेकिन स्पष्ट कानून के अभाव में षड्यंत्रकारियों को सजा नहीं मिल पाती थी।

विहिप व भारत के संतों का हमेशा से ही यह मत रहा है कि अवैध मतांतरण को रोकना चाहिए। इसके लिए कई महापुरुषों और संगठनों ने निरंतर संघर्ष किए हैं और बलिदान भी दिए हैं। मिशनरियों से जनजातियों की रक्षा के लिए भगवान बिरसा मुंडा का संघर्ष और बलिदान अविस्मरणीय है। सिख गुरुओं, स्वामी श्रद्धानंद, स्वामी लक्ष्मणानंद आदि कई महापुरुषों ने मतांतरण को रोकने के लिए ही अपने बलिदान दिए थे। विहिप ने इस विषय पर कई बार प्रस्ताव भी पारित किए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों के कई उदाहरण यह स्पष्ट करते हैं कि अवैध मतांतरण के कारण राष्ट्र का अस्तित्व और सुरक्षा खतरे में है। अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश का तो निर्माण ही मतांतरण के कारण हुआ था। कश्मीर, पूर्वोत्तर, बंगाल और केरल के कई जिलों में हिंदुओं की दुर्दशा के पीछे भी अवैध मतांतरण ही दोषी है। श्रद्धा, निकिता जैसी सैकड़ों लड़कियों की वीभत्स और बर्बर हत्या के पीछे भी मूल कारण मतांतरण ही है। डॉ जैन ने कहा कि इस समय भारत के आठ राज्यों में अवैध मतांतरण को रोकने के लिए कानून की व्यवस्था की गई है। लेकिन यह समस्या राष्ट्रव्यापी है जिसके पीछे अंतरराष्ट्रीय षडयंत्रकारी शक्तियां सक्रियता से काम कर रही हैं। इनके द्वारा भेजी जा रही अकूत धनराशि के कई बार प्रमाण भी मिले हैं। पूर्वोत्तर व पूर्वी राज्यों में मिशनरी और देशभर में पीएफआई की गतिविधियों से यह स्पष्ट हो गया है कि मतांतरण के कारण राष्ट्रीय सुरक्षा भी खतरे में पड़ती रही है।

# योजनाओं का सबको मिल रहा है लाभ : योगी

## -मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों को 39 हजार आवासों की बांटी चाबी



**लखनऊ, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीएम आवास योजना के तहत 478.49 करोड़ की लागत से निर्मित 39 हजार आवासों की चाबी लाभार्थियों को वितरित किये। साथ ही 426.94 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले 34 हजार 500 आवासों के लाभार्थियों को प्रथम किस्त के रूप में 143 करोड़ रुपये ऑनलाइन उनके खाते में भेजे हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व अन्य लोग उपस्थित रहे। ग्राम्य विकास विभाग की ओर से मंगलवार को इंदिरागांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में आज सब को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। मुसहर, थारू, जहेरिया जो सरकार की योजनाओं से वंचित थे, उनको लाभान्वित करने का काम किया गया है। पारदर्शी योजना के तहत एक करोड़ 63 लाख लोगों को शौचालय देने का काम हुआ है। उन्होंने कहा कि मुसहर जाति को जमीन पट्टा के साथ आवास मिला है। आजादी के 75 वर्षों बाद अपना ग्राम प्रधान चुना है। मुसहर, थारू, जहेरिया जो सरकार की योजनाओं से वंचित थे, उनको लाभान्वित करने का काम किया गया है।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आजादी के 75वर्षों तक जिन्होंने आपके साथ भेद भाव किया, वास्तव में वे आपके अपराधी हैं। वह केवल वोट बैंक के लिए काम करते थे। सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करके काम उन्होंने किया है। आजादी के बाद पहली बार ईमानदारी के साथ काम करने वाली सरकार आपके साथ है। इसलिए लोगों के जुबान पर प्रधानमंत्री मोदी का नाम रहता है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री सुमंगला योजना के माध्यम से बेटियों को लाभ मिल रहा है। अब रोजगार के लिए युवाओं को बाहर नहीं जाना पड़ेगा। अभ्युदय योजना से युवा आज जुड़ रहे है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने अभ्युदय योजना की शुरूआत की है। इस योजना का लाभ प्रतियोगी छात्रों को मिल रहा है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि आप सबने अपना योगदान देकर देश में नरेन्द्र मोदी सरकार बना दिया और जबसे उत्तर प्रदेश में 2017 और 2022 में योगी आदित्यनाथ सरकार बना दिया, तब गरीब कल्याण योजनाओं का लाभ सबको सीधे मिल रहा है। इसमें कोई बिचौलिया नहीं है। सरकार और लाभार्थी ही हैं।

केन्द्र ने पीएम आवास योजना से गरीबों को घर दिया। जिन लोगों को पीएम आवास योजना का लाभ नहीं मिला, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनके लिए मुख्यमंत्री आवास योजना की शुरूआत की। आज उसी के तहत लाभान्वित किया। सीएम आवास आयोजना के तहत एक लाख 20 हजार रुपये आवास बनाने के नाम पर मिलता है। 12 हजार रुपये शौचालय बनाने के नाम पर लाभार्थी के खाते में जाता है। मजदूरी के नाम पर 19 हजार 170 रुपये मिल रहे हैं। यह धनराशि भी लाभार्थी के खाते में ही भेजी जाती है। इतना ही नहीं उस परिवार को निशुल्क गैस कनेक्शन और चूल्हा मिलता है।

# जनजाति संग्रहालय से आदिवासी समुदायों की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने में मिलेगी मदद : अनुप्रिया पटेल



**मीरजापुर, (हि.स.)।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री एवं जनपद की सांसद अनुप्रिया पटेल ने जनजातीय गौरव दिवस पर जनपद में जनजाति संग्रहालय की स्थापना संबंधी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कराकर भारत सरकार को भेजने के लिए, उत्तर प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह को पत्र लिखकर अनुरोध किया है। इससे पहले उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस बाबत पांच मई 2022 को एक प्रस्ताव भेजा था। सांसद ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनजातीय क्षेत्रों में आदिवासी समुदाय के अमूल्य योगदान को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिन पर 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का संकल्प लिया है। इस क्रम में आदिवासी जन समुदाय के स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान के प्रति कृतज्ञता की अभिव्यक्ति स्वरूप जनजाति संग्रहालयों के निर्माण का निर्णय लिया गया था। मीरजापुर जनपद कोल, बियार, गोंड आदि आदिवासी समुदाय प्रधान क्षेत्र है। केंद्रीय राज्यमंत्री ने जनजाति संग्रहालय के माध्यम से स्वतंत्रता सेनानियों और जनजातियों के परंपरागत रीति-रिवाजों, रहन-सहन, खान-पान, पूजा-अनुष्ठान, नृत्यकला व वाद्य यंत्रों के प्रदर्शन द्वारा आदिवासी समुदायों की सांस्कृतिक विरासत को सहेजकर रखने के उद्देश्य से मीरजापुर जनजातीय संग्रहालय की स्थापना के लिए पांच मई 2022 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक प्रस्ताव भेजा था। इस संबंध में नवम्बर 2021 में तत्कालीन समाज कल्याण मंत्री रमापति शास्त्री ने भी जनपद में जनजाति संग्रहालय की स्थापना की घोषणा की थी। इस प्रस्ताव पर अनुवर्ती कार्रवाई की आद्यतन जानकारी के अनुसार संस्कृति मंत्रालय ने विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जाना अपेक्षित है। उल्लेखनीय है कि जनपद में जनजाति संग्रहालय की स्थापना के लिए 22 दिसम्बर 2021 को तत्कालीन जिलाधिकारी की ओर से मड़िहान में 4.046 हेक्टेयर भूमि आवंटित की जा चुकी है।

# धान खरीद केन्द्र पर अनियमितता करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा : डीएम


**—बड़ागांव ब्लाक क्षेत्र के चूरापुर गांव स्थित धान खरीद केन्द्र का किया निरीक्षण**



**वाराणसी, (हि.स.)।** जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने मंगलवार को बड़ागांव ब्लाक क्षेत्र के चूरापुर गांव स्थित धान खरीद केन्द्र का निरीक्षण किया। केन्द्र के निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि अनियमितता करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा। जिलाधिकारी ने केन्द्र के सचिव प्रशांत सिंह से सीरियल नम्बर लगाने के बाबत पूछताछ की और धान खरीद से सम्बन्धित टोकन रजिस्टर में दर्ज किसानों के नाम पते के साथ उनका मोबाइल नम्बर लिखने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि सीरियल नम्बर जम्प नहीं किया जाय, उन्होंने एक मोबाइल नम्बर पर डिप्टी आरएमओ से काल कराया तो वह किसान वहां पर मौजूद मिला। जिलाधिकारी ने सचिव से रजिस्टर में नम्बर लगायी हुई शांति देवी के नाम देख कर पूछा कि क्या इनको सूचना दी गयी, आपको कब आना है सचिव ने कहा नहीं, जिस पर नाराजगी जाहिर करते हुए लिखित चेतावनी देने का निर्देश दिया। धान खरीद केंद्र पर ड्यूटी में लगाये गये लेखपाल मनीष कुमार द्वारा भी कार्य में लापरवाही किये जाने पर लिखित चेतावनी देने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने प्रतिदिन 300 कुंटल खरीद का लक्ष्य कि जानकारी करते हुए डिप्टी आरएमओ से पूछा तो उन्होंने बताया कि पिछले दो दिनों में केवल 60 कुंटल ही धान खरीद हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि जिस किसान की धान खरीद हो जाय तो रजिस्टर में उसपर लाल निशान लगाने और नोटिस बोर्ड पर प्रतिदिन के उपलब्ध खाली बोरों की संख्या लिखवाने का निर्देश दिया।

# भाजपा ने जारी की यूपी उपचुनाव के प्रत्याशियों की सूची

**-मैनपुरी से रघुराज सिंह शाक्य भाजपा प्रत्याशी घोषित**



**लखनऊ, (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी केन्द्रीय चुनाव समिति ने उत्तर प्रदेश में होने वाले एक लोकसभा उपचुनाव व दो विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। भाजपा ने उत्तर प्रदेश की मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव से रघुराज सिंह शाक्य को प्रत्याशी बनाया है। वहीं रामपुर विधानसभ उपचुनाव से आकाश सक्सेना को भाजपा ने प्रत्याशी बनाया है। इसी प्रकार खतौली विधान सभा उपचुनाव में राजकुमारी सैनी पर भाजपा ने दांव लगाया है। यह जानकारी भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरूण सिंह ने दी। मैनपुरी से घोषित भाजपा प्रत्याशी रघुराज शाक्य पहले भी स्व. मुलायम सिंह यादव के खिलाफ भाजपा से चुनाव लड़ चुके हैं। इस बार उनका मुकाबला सपा प्रत्याशी डिम्पल यादव से होगा। सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद यह सीट रिक्त हुई है।

# भाजपा ने डिंपल को घेरने के लिए की चक्रव्यूह रचना



**फरुर्खाबाद, (हि.स.)।** मैनपुरी लोकसभा में होने जा रहे उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने राजनीति की चौसर पर सियासी गोटियां बिछा दी हैं। भाजपा ने जिस तरह इस चुनावी महाभारत में जीत दर्ज कराने के लिए चक्रव्यूह रचना की है उससे समाजवादी पार्टी (सपा) उम्मीदवार डिंपल यादव का बाहर निकलना मुश्किल ही नहीं बल्कि नामुमकिन नजर आ रहा है। भाजपा ने उपचुनाव में सपा प्रत्याशी को हर हालत में हराने के लिए कद्दावर नेता रघुराज सिंह शाक्य को प्रत्याशी घोषित किया है जिससे शाक्य, कुशवाहा, मौर्य, सैनी समाज में खुशी की लहर दौड़ गई है। डिंपल यादव के नामांकन के दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव एवं चाचा शिवपाल सिंह यादव के बीच काफी दूरी देखी गई। अखिलेश ने नामांकन में शिवपाल सिंह यादव को न बुलाकर साफ कर दिया है कि उन्हें चुनाव जीतने के लिए चाचा की जरूरत नहीं है। उल्लेखनीय है कि इटावा में लगातार दो बार सांसद होने का रिकॉर्ड कायम करने वाले एवं इटावा सदर के पूर्व विधायक रघुराज सिंह शाक्य शिवपाल सिंह यादव के बेहद करीबी है। इसके साथ ही वह पूर्व मुख्यमंत्री व सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव के भी खास-म-खास रहे। वर्ष 1994 में मुख्यमंत्री बनने पर मुलायम सिंह यादव ने रघुराज सिंह शाक्य को नगर विकास विभाग में कर अधीक्षक की नौकरी दिलवाई थी। दो बार इटावा में एमपी व इटावा शहर से टिकट देकर विधायक बनवाया था। शिवपाल सिंह यादव ने जब वर्ष 1996 में जसवंत नगर से चुनाव जीता था तब उनके चुनाव की कमान रघुराज सिंह शाक्य ने ही संभाली थी। शिवपाल ने परिवार में कलह के बाद जब प्रगतिशील समाज पार्टी बनाई, तब भी रघुराज शाक्य को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया था। बीते चुनाव में अखिलेश यादव ने शिवपाल सिंह यादव के पर कतरने के लिए उनकी सलाह के बावजूद इटावा सदर से रघुराज सिंह शाक्य को एमएलए की टिकट नहीं दी थी। तब रघुराज ने मजबूरन भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली थी। अब यादव समाज में इस बात को लेकर नाराजगी बढ़ गई है कि आखिर प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने मुलायम सिंह यादव की पुत्रवधू अपर्णा यादव को पहचानने से क्यों मना कर दिया है। सैफई परिवार की जबरदस्त जंग से भाजपा प्रत्याशी रघुराज सिंह शाक्य को काफी फायदा होगा। रघुराज शाक्य के समर्थकों में इस बात की जबरदस्त चर्चा शुरू हो गई है कि शिवपाल सिंह यादव भाजपा प्रत्याशी की मदद करेंगे। भाजपा नेत्री अपर्णा यादव भी भाजपा प्रत्याशी का मैनपुरी में चुनाव प्रचार करेंगी। शिवपाल यादव एवं अपर्णा यादव डिंपल यादव की साइकिल की हवा निकालेंगे। बाबा का बुलडोजर समाजवादी पार्टी के किले को ध्वस्त करने के लिए तैयार हैं। इस चुनावी महाभारत में भाजपा की चक्रव्यूह रचना से बाहर निकलना अब आसान नहीं रहा है। भाजपा हर हाल में इस सीट को हासिल करने के लिए तैयारी में जुट गई है। वरिष्ठ पत्रकार बृजेश श्रीवास्तव ने बताया कि मैनपुरी उपचुनाव में सपा की डिंपल यादव की जीत आसान नहीं होगी। भाजपा ने इस सीट पर अपना उम्मीदवार उतारते ही साफ कर दिया है कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के लिए नेताजी मुलायम सिंह यादव के निधन से रिक्त मैनपुरी लोकसभा सीट को जीतने की राह कांटों भरी होगी। उसमें उनके चाचा शिवपाल यादव की दूरी और भाजपा उम्मीदवार रघुराज सिंह शाक्य का जनता के बीच की पैठ बड़ी चुनौती साबित कर रही है। फिलहाल मैनपुरी सीट पर होने वाला मुकाबला और आने वाला परिणाम रोचक होगा।

# एसओजी ने लिफाफा गैंग के सरगना समेत पांच अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, (हि.स.)।** एसओजी व पुलिस की संयुक्त टीम ने लिफाफा गैंग का खुलासा करते हुए गैंग के सरगना को उसके चार साथियों समेत गिरफ्तार किया है। पुलिस को बदमाशों के कब्जे से अवैध हथियार व चोरी और लोगों से टप्पेबाजी के आभूषण बरामद हुए हैं। पुलिस अधीक्षक एस आनंद ने बताया कि विगत काफी समय से शाहजहांपुर और उसके आसपास के जनपदों में लिफाफा गैंग ने आतंक मचा रखा था। यह पूरा गैंग रोडवेज बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन व अन्य भीड़-भाड़ वाले स्थानों से बुजुर्ग व्यक्तियों एवं महिलाओं के साथ धोखाधड़ी और टप्पेबाजी कर उनके आभूषण और नकदी पार कर ले जाते थे। पुलिस ने पूरे गैंग को पकड़ने के लिए मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। एसपी ने बताया कि आज तड़के करीब पांच बजे थाना सदर बाजार पुलिस व एसओजी टीम ने रोडवेज बस स्टैण्ड के पास गैंग के सरगना व उसके चार साथियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए टप्पेबाज जनपद बरेली के थाना किला क्षेत्र निवासी मोबीन, मोहम्मद नासिर उर्फ गुडडू व वसीम उर्फ गुडडे, थाना सीवीगंज क्षेत्र निवासी मुश्तकीम और थाना कोतवाली क्षेत्र निवासी मुजाहिद हैं। टीम को टप्पेबाजों के कब्जे से दो अवैध हथियार व कारतूस, लोगों से चोरी और टप्पेबाजी कर उड़ाए गए आभूषण व चार पहिया वाहन भी बरामद हुआ है। एसपी ने बताया कि यह लोग भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर सीधे-साधे राहगीरों व लोगों को अपनी बातों में उलझाते हैं फिर उन्हें उनके गंतव्य स्थान पर छोड़ने की बात कह कर अपनी कार में बैठा लेते हैं। जिसके बाद झांसे में लेकर उनके आभूषण व नकदी लिफाफे में रख लेते और मौका मिलते ही उन्हें कंकड़ आदि से भरा लिफाफा थमा देते हैं। एसपी ने बताया कि पकड़े गए गैंग के सदस्यों ने 25 से 30 घटनाएं कबूली गई हैं। पुलिस अभियुक्तों द्वारा आस-पास के जनपदों में की गयी घटनाओं के बारे के जानकारी जुटा रही है।

# ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ संघर्ष और सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं बिरसा मुंडा : मिलिंद परांडे




**रांची, (हि.स.)।** विश्व हिंदू परिषद( विहिप) के अंतरराष्ट्रीय महामंत्री मिलिंद परांडे ने मंगलवार को बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने सभी को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस की शुभकामनाएं दी। साथ ही कहा कि ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ संघर्ष और सामाजिक समरसता के भगवान बिरसा मुंडा प्रतीक हैं। परांडे ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा एक धर्म योद्धा थे। बिरसा मुंडा ब्रिटिशों के दमनकारी नीतियों तथा ईसाई मिशनरियों के संयंत्रों के विरुद्ध सशस्त्र संघर्ष किए थे। उन्होंने कहा भगवान बिरसा मुंडा का धनुष अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करने का प्रतीक है जबकि उनका जनेऊ सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने कहा भगवान बिरसा मुंडा स्वयं रामायण और भागवत अध्ययन एवं अभ्यास किया। उन्होंने अपने परंपरा एवं संस्कृति के रक्षार्थ निरंतर संघर्ष करते रहे। उन्होंने कहा कि आज देश जनजातीय गौरव दिवस मना रहा है। देश के अनेक जनजातीय महापुरुषों ने ब्रिटिश ईसाई एवं मुस्लिमों के विरुद्ध लड़ाई में शेष हिंदू समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष किए थे। इस दौरान प्रांत मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू, प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, प्रांत सहमंत्री रंगनाथ महतो, सामाजिक समरसता प्रांत प्रमुख मिथिलेश्वर मिश्र, रांची विभाग मंत्री किशुन झा, विभाग का मंत्री विकास सिंह, रांची विभाग प्रचार प्रसार प्रमुख अमर प्रसाद, महानगर हितचिंतक अभियान प्रमुख नागेंद्र शुक्ला, महानगर सहमंत्री विश्वरंजन कुमार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आदिवासी समाज के उत्थान एवं देश की स्वाधीनता के लिए समर्पित रहा बिरसा मुंडा का जीवन



**बेतिया, (हि.स)।** भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद बिरसा मुंडा की 147 वीं जन्मदिवस पर सत्याग्रह रिसर्च फाउंडेशन के सभागार सत्याग्रह भवन में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ,बुद्धिजीवियों एवं छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय पीस एंबेसडर सह सचिव सत्याग्रह रिसर्च फाउंडेशन डॉ एजाज अहमद अधिवक्ता ने कहा कि आज ही के दिन आदिवासियों के मसीहा एवं भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीद बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को हुआ था। सारा जीवन आदिवासियों के उत्थान एवं भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के लिए समर्पित रहा। भारत के इतिहास में बिरसा मुंडा एक ऐसे आदिवासी नायक हैं जिन्होंने अपने क्रांतिकारी विचारों से उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में आदिवासी समाज की दिशा बदलकर आधुनिक सामाजिक और राजनीतिक युग का सूत्रपात किया। अंग्रेजों द्वारा थोपे गए ब्रिटिश कानूनों को चुनौती देकर बर्बर ब्रिटिश साम्राज्य को स्वाधीनता , मानवता एवं नागरिक अधिकारों के लिए सोचने पर विवश कर दिया। वक्ताओं ने कहा कि बिरसा मुंडा ने आदिवासी समाज मे अंधविश्वासों को समाप्त करते हुए नई जागृति लाने का प्रयास किया था। बिरसा मुंडा ने सभी धर्मों की अच्छाइयों से कुछ न कुछ निकाला और अपने अनुयायियों को उसका पालन करने के लिए प्रेरित किया। 1 अक्टूबर 1894 को नौजवान नेता के रूप में सभी मुंडाओं को एकत्र कर बिरसा ने अंग्रेजों से लगान माफी के लिए आन्दोलन चलाया। 1895 में उन्हें गिरफ़्तार कर लिया गया और हजारीबाग केन्द्रीय कारागार में दो साल के कारावास की सजा दी गयी, लेकिन बिरसा और उसके शिष्यों ने क्षेत्र की अकाल पीड़ित जनता की सहायता करने की ठान रखी थी। उन्हें उस इलाके के लोगों द्वारा ह्लधरती बाबाह्व के नाम से पुकारा और पूजा जाता था। उनके प्रभाव की वृद्धि के बाद पूरे इलाके के मुंडाओं में संगठित होने की चेतना जागी।

# विद्यालय में बच्चों को दी गई माप-तौल और मुद्रा की जानकारी



**भागलपुर, (हि स.)।** जिले के सनोखर के प्राथमिक विद्यालय भिरौंधा में मंगलवार को बच्चों में बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान की समझ विकसित करने के लिए विभाग द्वारा प्राप्त एफ एल एन कीट के माध्यम से बच्चों को माप-तौल की जानकारी दी गई। साथ ही साथ बच्चों में मुद्रा की समझ विकसित की गई। बच्चे आकर्षक तराजू और विभिन्न नोटों के मूर्त रूप को देखकर काफी खुश हुए एवं आनंददायी माहौल में रोचक तरीके से मापन और मुद्रा की जानकारी ली। विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका मंजु कुमारी ने कहा कि पहली कक्षा से पांचवी कक्षा तक के बच्चों में बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान विकसित करने के लिए विभाग द्वारा प्राप्त एफ एल एन कीट अत्यंत उपयोगी है। इस कीट में घड़ी, तराजू, नोट, सिक्के, उपयोगी पुस्तकें, विभिन्न ज्ञानवर्धक कैलेंडर, विभिन्न आकृतियों के साथ-साथ कई उपयोगी सामग्री है। जिससे बच्चों को आसानी से बुनियादी ज्ञान दी जा सकती है। शिक्षक अर्जुन केशरी ने कहा कि विभाग द्वारा प्राप्त कीट में कई आकर्षक और उपयोगी सामग्री है। जिसके प्रयोग से बच्चों में चहुँमुखी विकास के अवसर प्राप्त होने के साथ-साथ अपने ज्ञान को व्यवहारिक ज्ञान से भी जोड़ने का अवसर प्राप्त होगा। विभिन्न रोचक शिक्षण अधिगम सामग्री के प्रयोग से बच्चों का सर्वांगीण विकास होगा। नवाचारी शिक्षा शास्त्र के माध्यम से बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विभाग द्वारा विकसित शिक्षण अधिगम सामग्री के विद्यालय में नियमित प्रयोग से बच्चों को उनके सीखने की जरूरतों का ध्यान रखते हुए आनंद पूर्ण तरीके से सीखने के लिए प्रेरित करेगा।

# एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने संत जेवियर्स स्कूल के समीप किया धरना प्रदर्शन

**किशनगंज, (हि.स.)।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत अभिवंचित समूह के 06 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों को निशुल्क और अनिवार्य शिक्षा से लाभांवित करने तथा जिसका उद्देश्य 6-14 वर्ष के सभी बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा प्रदान करना है। 06 वर्ष के सभी बच्चों का नामांकन करवाना। कक्षा 1-8 तक की शिक्षा को "प्राथमिक शिक्षा" के रूप में परिभाषित करना है। प्राथमिक शिक्षा पूरा होने से पहले किसी भी बच्चे को कक्षा में रोका नहीं जाना है। उक्त योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रत्येक वर्ष अनुदान स्वरूप राशि मुहैया कराई जाती रही है परंतु किशनगंज जिले मे कतिपय निजी विद्यालयों द्वारा तत्संबंधी योजना से आच्छादित छात्रों एवं अभिभावकों के साथ धोखाधड़ी कर राज्य सरकार से प्राप्त अनुदान के अतिरिक्त शुल्क वसूली का मामला संज्ञान मे आया है जिसका ABVP कार्यकर्ताओं विरोध किया एवं मांग किया कि-शिक्षा विभाग के जिला स्तरीय पदधिकारी जिनके कार्यकाल मे गड़बड़ी हुई है उन संबंधित पदाधिकारी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाय एवं हकमारी छात्रों को ब्याज सहित राशि उपलब्ध कराई जाय। मंगलवार को संत जेवियर्स स्कूल के समीप अइश्ढ कार्यकर्ताओं ने स्कूल के मुख्य द्वार पर धरना प्रदर्शन किया। मौके जिला शिक्षा पदाधिकारी सुभाष कुमार गुप्ता पहुँच कार्रवाई का भरोसा दिलाया तब जाकर अइश्ढ कार्यकर्ता हटे। वही भाजपा जिलाध्यक्ष सुशांत गोप ने कहा कि आरटीई एक्ट 2009 के तहत अगर कोई भी व्यक्ति या फिर विद्यालय आरटीई एक्ट का पालन न करके उस बच्चे से फीस की मांग करता है तो उस विद्यालय को उस विद्यालय की फीस का 10 गुना भुगतान करना पड़ेगा और केवल यह ही नहीं सरकार द्वारा उस विद्यालय की मान्यता को भी रदद् किया जा सकता है। गोप ने कहा कि शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत सभी निजी विद्यालयों को विद्यालय के कुल विद्यार्थियों के संख्या का 25 फीसदी विद्यार्थियों नामांकन करना होता है।

# राज्यकर्मियों और पेंशन भोगियों का महंगाई भत्ता बढ़ा

**पटना, (हि.स.)।** नीतीश कैबिनेट की आज हुई बैठक में राज्य के कर्मियों के महंगाई भत्ते में वृद्धि करने का निर्णय लिया गया है। इससे राज्य कर्मियों में खुशी है। सरकार ने पांचवें वेतनमान के मुताबिक वेतन और पेंशन पाने वालों के महंगाई भत्ते में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गयी है। अब ऐसे कर्मियों और पेंशन धारियों को 381 प्रतिशत की जगह 396 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा। जो 1 जुलाई 2022 के प्रभावी होगा। केंद्रीय वेतनमान के आधार पर वेतन और पेंशन पाने वाले राज्य सरकार के सेवकों और पेंशन भोगियों को भी बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता मिलेगा। अब इन्हें 203 फीसदी के स्थान पर 212 फीसदी महंगाई भत्ता मिलेगा। यह बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता भी 1 जुलाई 2022 के प्रभाव से लागू होगा।

**छह साल से ड्यूटी में अनुपस्थित चिकित्सा पदाधिकारी बर्खास्त -** कैबिनेट की बैठक में राज्य सरकार ने एक और महत्वपूर्ण प्रस्ताव में गया के नीमचक बथानी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की चिकित्सा पदाधिकारी रही डॉक्टर मंजू कुमारी को सेवा से बर्खास्त करने का फैसला किया है। डॉक्टर मंजू कुमारी 3 जून 2016 से बिना किसी सूचना के अनुपस्थित थीं।

## संपादकीय

# राहत का वीजा

**सबसे** बड़ा जो कदम उठाया गया है वह यह कि एक लाख अतिरिक्त वीजा जारी करने का फैसला किया है। जैसा कि दावा किया जा रहा है कि अमेरिका के लिए वीजा इंतजार का वक्त घट कर उतना ही रह जाएगा, जितना कोरोना महामारी से पहले लग रहा था। अभी वीजा के लिए लोगों को आठ सौ चवालीस दिन तक यानी सवा दो साल से भी ज्यादा का इंतजार करना पड़ रहा है। अगर पर्यटकों को छोड़ दें तो भारत से नौकरी और पढ़ाई के लिए बड़ी संख्या में छात्र अमेरिका जाते हैं। ऐसे में वीजा के लिए इतना लंबा इंतजार लोगों के लिए नए संकट खड़े कर देता है और लोग अनिश्चितता के भंवर में फंसे रहते हैं। गौरतलब है कि कोरोना महामारी की वजह से अमेरिका ने दूसरे देशों से अपने यहां आने वाले नागरिकों को लेकर सख्त कदम उठाए थे और उन्हें वीजा देना बंद कर दिया था। इसके पीछे एक बड़ा कारण तो यह था ही कि बाहर से आने वाले लोग वहां कोरोना संक्रमण फैलाने का कारण न बनें, साथ ही कोरोना से अमेरिकी अर्थव्यवस्था को जो नुकसान पहुंचा और बेरोजगारी बढ़ी, उसके मद्देनजर भी लोगों का आना प्रतिबंधित किया गया। अमेरिकी वीजा में होने वाली देरी का मुद्दा कोई नया नहीं है। विदेश मंत्री एस जयशंकर भी अपने अमेरिकी समकक्ष एंटनी ब्लिंकन के साथ समय-समय पर बातचीत में इस मुद्दे को उठाते रहे हैं। हालांकि वीजा देरी पर अमेरिकी प्रशासन जो तर्क देता रहा है, वह समझ से परे रहे हैं। पहला तो यही कि अमेरिकी सरकार अपने दूतावासों में कर्मचारियों की कमी की बात कहती आई है। यह भी कि पिछले कुछ समय में वीजा के लिए आवेदन करने वालों की संख्या में अचानक तेजी आ गई। भारत को यह बात इसलिए भी ज्यादा अखरी कि चीन और पाकिस्तान के छात्रों को अमेरिका के लिए वीजा फटाफट मिलने की खबरें आईं। मालूम पड़ा कि चीन के छात्रों को तो दो दिन में, पाकिस्तान के छात्रों को एक दिन में और श्रीलंका के छात्रों को चार दिन में ही वीजा मिल जा रहा है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक ही है कि भारत जैसा देश जो अमेरिका का करीबी है और कारोबारी रिश्तों से लेकर शिक्षा, रक्षा, आइटी जैसे तमाम क्षेत्रों में उसका सहयोगी है, तो फिर भारतीय छात्रों के साथ ऐसा भेदभाव क्यों। अब अमेरिकी विदेश विभाग ने वीजा संबंधी नियम प्रक्रिया आसान बनाने की बात कही है। चूंकि वीजा के लिए भी कई तरह की श्रेणियां होती हैं, इसलिए सबका ध्यान रखा जाना होगा। अभी राहत की बात इतनी है कि शैक्षणिक वीजा सहित कई तरह के वीजा के लिए व्यक्तिगत साक्षात्कार की अनिवार्यता खत्म कर दी गई है। फिलहाल जोर अस्थायी रोजगार के लिए अमेरिका जाने वालों को लेकर है। इसके अलावा एच-1बी वीजा वालों की संख्या भी काफी है। अभी चीन और मैक्सिको के लोगों को सबसे ज्यादा वीजा मिल रहा है। जो अमेरिका भारत से रिश्तों को लेकर तरह तरह के दावे करता रहता है, अगर वह भारतीय नागरिकों के प्रति इस तरह का भेदभाव करेगा तो जाहिर है, भारत को यह खलेगा।





भारतीय नागरिकों को अमेरिका जाने के लिए वीजा हासिल करने में लगने वाली देरी से अब मुक्ति मिल जाएगी। अमेरिकी दूतावास के अधिकारियों ने वीजा प्रक्रिया के काम में लगने वाली देरी को खत्म करने के लिए कई तरह के कदम उठाने का जो फैसला किया है, वह निश्चित ही राहत भरा है।

## कुछ अलग

# भारत में मंदी के आसार नहीं, ऐसे अनुमानों को सच होने में समय लगेगा

**अंतरराष्ट्रीय** मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने हाल ही में कहा कि विश्व की अर्थव्यवस्था मंदी की ओर बढ़ रही है और वित्त वर्ष 2021 में वैश्विक वृद्धि दर छह प्रतिशत रहने के बाद चालू वित्त वर्ष में वैश्विक वृद्धि दर घटकर 3.2 प्रतिशत रह सकती है और वित्त वर्ष 2023 में इसमें 2.7 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। आईएमएफ ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर अनुमान को भी घटाकर 6 ।8 प्रतिशत कर दिया है। फिर भी, यह चीन के वृद्धि दर अनुमान से बेहतर है। बावजूद इसके, कयास लगाए जा रहे हैं कि भारत भी मंदी की गिरफ्त में आने वाला है। जब किसी देश की वृद्धि दर सुस्त पड़ने लगती है, बेरोजगारी दर में इजाफा होता है और महंगाई दर ऊंची रहती है, तो उसके मंदी की गिरफ्त में आने की आशंका रहती है। किसी देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में अगर दो तिमाहियों में लगातार गिरावट दर्ज होती है, तो भी वह देश मंदी की गिरफ्त में आ जाता है। भारत में जीडीपी वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 13.5 प्रतिशत रही और पिछले वित्त वर्ष के जनवरी से मार्च, 2022 के दौरान 4.1 प्रतिशत। वहीं, वित्त वर्ष 2021-22 की दिसंबर तिमाही के दौरान यह 5.4 प्रतिशत रही, जबकि वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान जीडीपी वृद्धि दर 8.7 प्रतिशत रही। बेरोजगारी के मोर्चे पर भी भारत का प्रदर्शन बेहतर हो रहा है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकनॉमी (सीएमआईई) के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के दौरान सभी उम्र वर्ग में शहरी बेरोजगारी की दर 7.6 प्रतिशत रही, जो अप्रैल में 9.22 प्रतिशत, मई में 8.21 प्रतिशत और जून में 7.3 प्रतिशत रही। इस तरह, शहरी बेरोजगारी दर में लगातार तीसरे महीने गिरावट दर्ज की गई। शहरी क्षेत्र के अलावा भारत के ग्रामीण क्षेत्र में भी बेरोजगारी दर में कमी आई है। सीएमआईई के ताजा आंकड़ों के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी दर अगस्त महीने में 7.68 प्रतिशत थी, जो सितंबर महीने में घटकर 5.84 प्रतिशत रह गई। महंगाई के मामले में स्थिति जरूर थोड़ी चिंताजनक है। उपभोक्ता मूल्य पर आधारित महंगाई दर (सीपीआई) सितंबर महीने में बढ़कर पांच महीने के उच्च स्तर 7.41 प्रतिशत पर पहुंच गई है। यह लगातार नौवां महीना है, जब खुदरा महंगाई रिजर्व बैंक द्वारा तय ऊपरी सीमा 6.00 प्रतिशत से ऊपर चल रही है। हालांकि रिजर्व बैंक द्वारा उठाए गए समीचीन कदमों की वजह से भारत में महंगाई बेकाबू नहीं हुई। रुपये में आ रही गिरावट से भारतीय अर्थव्यवस्था पर जरूर कुछ दबाव बढ़ा है, लेकिन अमेरिकी डॉलर मजबूत होने से रुपये के अलावा यूरो, येन और पाउंड जैसी मुद्राएं भी कमजोर हो रही हैं। रुपया कई अन्य मुद्राओं की तुलना में कम गिरा है। सितंबर में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह 26 प्रतिशत बढ़कर 1.48 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि अक्तूबर महीने में यह 1.50 लाख करोड़ रुपये के स्तर को पार कर गया। यह लगातार आठवां महीना है, जब जीएसटी संग्रह 1.4 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है। कॉरपोरेट और व्यक्तिगत आयकर संग्रह चालू वित्त वर्ष में एक अप्रैल से आठ अक्तूबर तक लगभग 24 प्रतिशत बढ़ा है। रिजर्व बैंक द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, नौ सितंबर को समाप्त पखवाड़े में कर्ज की वृद्धि दर 16.2 प्रतिशत रही, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 6.7 प्रतिशत रही थी। यह दर्शाता है कि भारत में विकास की गति तेज हो रही है। दुनिया के विकसित देश बेशक मंदी के कगार पर हैं, लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था अब भी मजबूत बनी हुई है। मंदी के प्रमुख कारकों, चाहे वह जीडीपी हो, बेरोजगारी दर हो या फिर महंगाई दर, सभी मामलों में भारत दुनिया के विकसित देशों से बेहतर स्थिति में है। साथ ही, अर्थव्यवस्था के दूसरे जरूरी पैमानों पर भी भारत उम्दा प्रदर्शन कर रहा है। इसलिए, यह कहना सही नहीं होगा कि भारतीय अर्थव्यवस्था मंदी की गिरफ्त में आने वाली है।



दुनिया के विकसित देश बेशक मंदी के कगार पर हैं, लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था अब भी मजबूत बनी हुई है। मंदी के प्रमुख कारकों, चाहे वह जीडीपी हो, बेरोजगारी दर हो या फिर महंगाई दर, सभी मामलों में भारत दुनिया के विकसित देशों से बेहतर स्थिति में है। दुनिया के विकसित देश बेशक मंदी के कगार पर हैं, लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था अब भी मजबूत बनी हुई है।

## चीन से भारत में आयात बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं और भारत से चीन को निर्यात उस गति से नहीं बढ़ पा रहे

# आत्म निर्भरता एवं स्वदेशी अपनाकर चीन को आर्थिक क्षेत्र में दी जा सकती है मात




वित्तीय वर्ष 2021-22 में भारत में चीन से आयात 9,400 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा है जो वित्तीय वर्ष 2020-21 में 6,530 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा था। वित्तीय वर्ष 2022-23 के प्रथम दो माह में भी स्थिति संभलने के स्थान और अधिक बिगड़ी ही है, अर्थात इस दौरान चीन को भारत से निर्यात 31 प्रतिशत से घटा है और भारत में चीन से आयात 12 .75 प्रतिशत बढ़ गया है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में भारत के कुल व्यापारिक आयात में चीन की हिस्सेदारी बढ़कर 16 .5 प्रतिशत तक पहुंच गई है।

**भारत** के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2021-22 में वस्तुओं के आयात के मामले में एक बार पुनः भारत की निर्भरता चीन पर बढ़ी है। हालांकि पिछले 3 साल के दौरान भारत के चीन से आयात लगातार कम हो रहे थे परंतु वित्तीय वर्ष 2021-22 में चीन एवं भारत के बीच 11,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर का व्यापार हुआ है जो वित्तीय वर्ष 2020-21 में 8,600 करोड़ अमेरिकी डॉलर की तुलना में कहीं अधिक है। दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़े यह अच्छी बात हो सकती है परंतु चिंता का विषय यह है कि चीन से भारत में आयात बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं और भारत से चीन को निर्यात उस गति से नहीं बढ़ पा रहे है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में भारत में चीन से आयात 9,400 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा है जो वित्तीय वर्ष 2020-21 में 6,530 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा था। वित्तीय वर्ष 2022-23 के प्रथम दो माह में भी स्थिति संभलने के स्थान और अधिक बिगड़ी ही है, अर्थात इस दौरान चीन को भारत से निर्यात 31 प्रतिशत से घटा है और भारत में चीन से आयात 12.75 प्रतिशत बढ़ गया है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में भारत के कुल व्यापारिक आयात में चीन की हिस्सेदारी बढ़कर 16.5 प्रतिशत तक पहुंच गई है। कोरोना महामारी के बाद भारत में चूंकि आर्थिक विकास बहुत तेज गति से आगे बढ़ रहा है अतः कई वस्तुओं का आयात चीन से बहुत भारी मात्रा में किया जा रहा है। परंतु चीन अभी भी कोरोना महामारी से जूझ रहा है और चीन के कुछ प्रांतों में अभी भी लाक्डाउन लगाया जा रहा है अतः चीन में आर्थिक गतिविधियों में कमी आई है जिसके चलते भारत से चीन को निर्यात कम होता जा रहा है। कुछ समय पूर्व की गई एक रिसर्च के अनुसार, भारत चीन से कुल 6,367 उत्पादों का आयात कर रहा था। जिनका मूल्य 6,800 करोड़ अमेरिकी डॉलर (कुल आयात का 15.3 प्रतिशत भाग) था। कई मदों में तो भारत कुल आयात का एक बड़ा भाग चीन से आयात कर रहा था। 893 उत्पादों का तो 90 प्रतिशत से 100 प्रतिशत भाग (759 करोड़ अमेरिकी डॉलर) चीन से आयात किया जा रहा था। इसी प्रकार 364 उत्पादों का 80 प्रतिशत से 90 प्रतिशत भाग (549 करोड़ अमेरिकी डॉलर), 386 उत्पादों का 70 प्रतिशत से 80 प्रतिशत भाग (909 करोड़ अमेरिकी डॉलर), 428 उत्पादों का 60 प्रतिशत से 70 प्रतिशत भाग (656 करोड़ अमेरिकी डॉलर), 476 उत्पादों का 50 प्रतिशत से 60 प्रतिशत भाग (972 करोड़ अमेरिकी डॉलर), 461 उत्पादों का 40 प्रतिशत से 50 प्रतिशत भाग (914 करोड़ अमेरिकी डॉलर), 550 उत्पादों का 30 प्रतिशत से 40 प्रतिशत भाग (890 करोड़ अमेरिकी डॉलर) एवं 706 उत्पादों का 20 प्रतिशत से 30 प्रतिशत भाग (524 करोड़ अमेरिकी डॉलर) चीन से आयात किया जा रहा था। इन आंकड़ों से यह स्पष्ट रूप से झलकता है कि इन उत्पादों के आयात के मामले में भारत की चीन पर जरूरत से अधिक निर्भरता हो गई है। उक्त परिस्थितियां निर्मित करने में दरअसल देश की जनता ही अधिक जवाबदार है, क्योंकि देश के नागरिक विदेशी उत्पादों के पीछे दीवानगी की हद्द तक भागते हैं। और फिर, चीन के निम्न स्तरीय उत्पाद तो बहुत सस्ते दामों पर ही उपलब्ध हो जाते हैं। देश के व्यापारी बंधुओं ने भी इन उत्पादों का चीन से भारी मात्रा में आयात कर देश की जनता को उपलब्ध कराने में अपनी अहम भूमिका अदा की। इससे इन उत्पादों का भारत में निर्माण बंद हो गया। जिसके परिणामस्वरूप देश में रोजगार के कई अवसर नष्ट हो गए एवं कई कुटीर, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग बंद हो गए। हालांकि पिछले कुछ वर्षों के दौरान भारत के कई सांस्कृतिक, धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों जिनमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं स्वदेशी जागरण मंच भी शामिल है ने चीन में निर्मित वस्तुओं के स्थान पर भारत में निर्मित वस्तुओं के उपयोग करने की मुहिम चलाई थी, जिसका अच्छा परिणाम भी दिखाई देने लगा था और इसके चलते वित्तीय वर्ष 2017-18 के बाद से चीन से आयात लगातार कम हो रहे थे। जिसके परिणाम स्वरूप भारत का चीन के साथ व्यापार घाटा जो वित्तीय वर्ष 2017-18 में 6,300 करोड़ अमेरिकी डॉलर का था वह वित्तीय वर्ष 2018-19 में घटकर 5,356 करोड़ अमेरिकी डॉलर का, वित्तीय वर्ष 2019-20 में घटकर 4,866 करोड़ अमेरिकी डॉलर का और वित्तीय वर्ष 2020-21 में और भी घटकर 4,400 करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो गया था। परंतु, वित्तीय वर्ष 2021-22 में पुनः बढ़कर 7,290 करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो गया है। अब यह तथ्य किसी से छुपा नहीं है कि भारत द्वारा चीन से आयात बढ़ने से चीन की आर्थिक सुदृढ़ता मजबूत हो रही है और वह भारत के बॉर्डर पर भारत को ही आंख दिखा रहा है। अतः भारत को इस सम्बंध में अब पुनः विचार करने की आवश्यकता है कि किस प्रकार चीन से आयात की जाने वाली वस्तुओं का उत्पादन भारत में ही बढ़ाया जाय एवं चीन से इन वस्तुओं के आयात कम किए जा सकें। भारत में निर्यात प्रतिस्पर्धी उद्योग स्थापित किए जाने की आज महती आवश्यकता है। हालांकि हाल ही के समय में केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना इस सम्बंध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रही है। कुल मिलाकर इस सम्बंध में अब देश में गम्भीर प्रयास किए जाने की महती आवश्यकता है। भारतीय स्टेट बैंक द्वारा हाल ही में जारी किए गए एक प्रतिवेदन के अनुसार भारत में उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना को लागू कर चीन से आयात को यदि 50 प्रतिशत से कम किया जा सके तो भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 2,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर की वृद्धि की जा सकती है। आज आवश्यकता इस बात की भी है कि भारतीय नागरिक भी अपनी सोच में गुणात्मक परिवर्तन लाएं एवं चीन के निम्न गुणवत्ता वाले सामान को केवल इसलिए नहीं खरीदें क्योंकि यह सस्ता है। इस प्रकार की सोच में आमूलचूल परिवर्तन लाने की आवश्यकता है। भारत में निर्मित सामान, चाहे वह थोड़ा महंगा ही क्यों न हो, को ही उपयोग में लाया जाना चाहिए। ताकि भारत की अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से आगे बढ़ाया जा सके एवं रोजगार के अधिक से अधिक अवसर भारत में ही उत्पन्न होने लगें।

# पक्षियों की अनोखी दुनियाः पांग, प्रवासी पक्षियों का घर



प्रवासी पक्षियों में मुख्य रूप से 3 प्रकार के पक्षी पांग में आते हैं। पानी के पक्षी जैसे की यूरेशियन कूट या दसारी, ग्रेलैग गूज़ या काज, उत्तरी सींखपर, छोटी मुर्गाबी, तिदारी इत्यादि एक बड़ी संख्या में दिखाई दे सकते हैं।प्रवास करने वाले सभी पक्षियों में सबसे ऊंचा उड़ने वाले पक्षी का स्थान ल `ने वाले बार-हेडेड गीज़ या बिर्वा, प्रवासी पक्षियों में सबसे अधिक तादात में आते हैं।2022 में इनकी संख्या 47598 पाई गई हैं। इनके अलावा वेडर्ज़ यानी तटपक्षी भी यहां भरी मात्रा में हर वर्ष आते हैं।कई प्रकार के प्लोवर, स्टिंट, गोडविट, स्नाइप, टिटहरी इत्यादि भी यहां पर दिखाई दे सकते हैं।

**भारत** और पक्षियों का हमेशा ही एक अनूठा संबंध रहा है। हर ऋतु में तरह-तरह के पंछी विभिन्न इलाकों में देखने को मिलते हैं। भारतीय पक्षियों की सूची में प्रवासी पक्षी बड़ी संख्या में शामिल हैं। शीत ऋतु आरंभ होते ही हर साल लाखों की तादात में प्रवासी पक्षी दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से उड़ कर भारत आते हैं। ठंडे खून वाले पंछी होने की वजह से और सर्दियों में खाने की कमी होते ही यह पक्षी अपने प्रजनन भूमि को छोड़ कर हमारे देश के अलग-अलग राज्यों में स्थित झील, नदी, नहर इत्यादि के पास पनाह ले लेते हैं, वसंत ऋतु के दौरान वापस अपने घर की और चल पड़ते हैं। लगभग 400 से भी अधिक प्रवासी प्रजातियां भारत में सर्दियों में दिखाई दे चुकीं हैं। इनमें से बड़ी संख्या हिमाचल प्रदेश में स्थित पांग बांध या महाराणा प्रताप सागर को अपना घर बना लेती हैं। पांग, हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में स्थित है, यह बांध वर्षों से ही वन्यजीव जगत में लोकप्रिय रहा है। ब्यास नदी पर बना यह बांध एक बहुत बड़े जलाशय का आकार लेता है। यह जलाशय इतना बड़ा है कि कई बार एक छोर से दूसरा छोर दिखाई भी नहीं देता। यह जलाशय और आस-पास के क्षेत्र मिल कर पांग वन्य जीव अभ्यारण्य का निर्माण करते हैं। पांग न केवल निवासी पशु-पक्षियों को जीवन प्रदान करता है, बल्कि हर साल लाखों प्रवासी पक्षियों को भी शरण देता है। प्रतिवर्ष यहां 100 से भी अधिक प्रवासी पक्षियों की प्रजातियां आती हैं। इनमें से कुछ प्रजातियां यहां विश्राम करने के बाद फिर आगे रवाना हो जाती हैं और बाकी यहीं पर शीत ऋतु बिताते हैं। प्रवासी पक्षियों में मुख्य रूप से 3 प्रकार के पक्षी पांग में आते हैं। पानी के पक्षी जैसे की यूरेशियन कूट या दसारी, ग्रेलैग गूज़ या काज, उत्तरी सींखपर, छोटी मुर्गाबी, तिदारी इत्यादि एक बड़ी संख्या में दिखाई दे सकते हैं। प्रवास करने वाले सभी पक्षियों में सबसे ऊंचा उड़ने वाले पक्षी का स्थान लेने वाले बार-हेडेड गीज़ या बिर्वा, प्रवासी पक्षियों में सबसे अधिक तादात में आते हैं। 2022 में इनकी संख्या 47598 पाई गई हैं। इनके अलावा वेडर्ज़ यानी तटपक्षी भी यहां भरी मात्रा में हर वर्ष आते हैं। कई प्रकार के प्लोवर, स्टिंट, गोडविट, स्नाइप, टिटहरी इत्यादि भी यहां पर दिखाई दे सकते हैं। छोटे पक्षियों में भी विभिन्न प्रजातियां यहां आ कर शीत ऋतु का आनंद लेती हैं। पिपेट और लार्क, भूरे रंग के ये पक्षी अपने छोटे आकार और रंग की वजह से आसानी से छलावरण हो जाते हैं, जिसकी वजह से उनकी आवाज तो दूर से भी सुनाई देती है मगर देखना कभी-कभी काफी मुश्किल हो जाता है। इनके अलावा व्हीटियर भी जमीन के पास और रेड्स्टार्ट अक्सर पेड़ों व झाड़ियों में दिख जाते हैं। कई दुर्लभ प्रजातियां जैसे ग्रेटर-व्हाइट फ्रंटेड गूज, उत्तरी लैपविंग, यूरेशियन ओएस्टरकैचर, ग्रेटर वाइटथ्रोट, गिद्ध, छुटकन्ना उल्लू इत्यादि भी यहां अपना नाम अंकित करवा चुकी हैं। 2022 में की गई गणना के अनुसार, 1,10,309 प्रवासी पक्षी इस साल में दर्ज किए गए हैं। पिछले कुछ सालों से ना केवल प्रवासी पक्षियों की संख्या में बढ़ोतरी पाई गई है, बल्कि कई नई प्रजातियां हर साल इस सूची में शामिल हो रही हैं। इनकी खुराक भी इनके अलग-अलग रहने के तरीकों की वजह से अलग अलग होती है, मगर पांग हर एक पक्षी का ख्याल रखना जनता है। जहां पानी वाले पंछियों के लिए ताज़े पानी की मछलियां जैसे मशीर, कतला और सिंघारा, पानी के पौधे मुख्य ख़ुराक बन जाती हैं तो वहीं छोटे पंछी अन्य छोटे कीड़े-मकोड़े और जानवर खाते हैं। कई बड़े पक्षी छोटे पंछियों को भी खा कर अपना पेट भरते हैं। ताजे पानी का स्रोत होने की वजह से पांग के आस-पास के इलाके खेती के लिए भी अनुकूल हैं और अक्सर कई तरह के पक्षी इन खेतों में वनस्पति का आनंद लेते हुए दिख जाते हैं। अक्तूबर आते ही प्रवासी पक्षियों का आगमन भी हो जाता है और नवंबर तक सभी मुख्य प्रजातियां यहां पहुंच जाती हैं। मगर सर्दियों में होने वाले कोहरे की वजह से ये पंछी कम दिखाई देते हैं। जनवरी और फरवरी के महीने इनको देखने के लिए सबसे उपयुक्त हैं क्योंकि इस समय इन पंछियों की संख्या सबसे अधिक होती है। फरवरी के समाप्त होने के साथ साथ ये पंछी भी वापस रवाना होना शुरू कर देते हैं और मार्च तक काफी प्रजातियां अपने घर की और प्रस्थान कर लेती हैं। मगर कभी कभी कुछ-एक पक्षी काफी देर तक भी यहां देखने को मिल जाते हैं। इस सबकी जानकारी, वन्यजीवन की गणना, निगरानी व सुरक्षा के लिए वन-विभाग द्वारा कई प्रबंध किए गए हैं। वन-रक्षक या फारेस्ट गॉर्ड यहां हर वक़्त तैनात रहते हैं जिससे हानिकारक तत्वों से होने वाले नुक्सान जैसे अवैध शिकार, खतरनाक कीटनाशक का इस्तेमाल, कूड़ा-करकट इत्यादि को रोका जा सके। इसके अलावा एक और अहम कार्य 'टैगिंग या बर्ड-टैगिंग' भी वन-विभाग द्वारा किया जाता है। पांग में टैग किए जा चुके पंछी कई बार वापिस अगले वर्षों में फिर से दिखाई दिए हैं। इनके अलावा अन्य जगह पर टैग किए जा चुके पंछी भी यहां दिखाई देते रहते हैं। पांग प्रवासी पक्षियों के लिए हमेशा ही प्रसिद्ध रहा है। इसकी भौगोलिक स्थिति, ब्यास के ताजे पानी और बेइन्तेहां खाने के स्रोत इसे सभी पशु-पक्षियों के रहने के लिए अनुकूल बनता है। पंछी-प्रेमी, नेचर-लवर्स और सार्वजनिक पर्यटक भी यहां इसकी ख़ूबसूरती को देखने के लिए हर साल आते हैं। पश्चिम में शाम के वक्त डूबते हुए सूरज का नज़ारा और पीछे हर वक़्त अपने विशाल रूप में अटल खड़े हुए धौलाधार नामक हिमालय की श्रृंखला यहां की ख़ूबसूरती को और भी बढ़ा देते हैं। आप भी अगली बार अगर हिमाचल जाए तो इस जगह पर घूमना न भूलें।

## देश दुनीया से

# मेक इन इंडिया की राह पर आगे बढ़ते भारत और मैन्यूफैक्चरिंग हब बनने के मायने

**इस** समय भारत मेक इन इंडिया ही नहीं, वरन मेक फॉर द ग्लोबल के मंत्र के साथ मैन्यूफैक्चरिंग हब बनने की जिस राह पर आगे बढ़ रहा है, उसकी चमक वैश्विक व्यापार के 75 फीसदी से अधिक हिस्से का प्रतिनिधित्व करने वाले जी-20 की बैठक में नजर आ सकती है, अगले साल जिसकी अध्यक्षता भारत करेगा। जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत के कोने-कोने में जी-20 के करीब 200 विभिन्न कार्य समूह की बैठकों के दौरान दुनिया नए सामर्थ्यवान भारत और उभरते हुए मैन्यूफैक्चरिंग हब को नजदीक से देख पाएगी। निस्संदेह भारत के मैन्यूफैक्चरिंग हब बनने की अनुकूलताएं एक के बाद एक उभरकर दिखाई दे रही हैं। हाल ही में तीन नवंबर को प्रकाशित 85 देशों के मैन्यूफैक्चरिंग से संबंधित विभिन्न कारकों का समग्र मूल्यांकन करने वाली विश्व प्रसिद्ध यूएस न्यूज ऐंड वर्ल्ड रिपोर्ट'-2022 के तहत सस्ते विनिर्माण के मद्देनजर भारत को 100 प्रतिशत अंक दिए गए हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक, भारत ने चीन और वियतनाम को पीछे छोड़ते हुए दुनिया भर में सबसे कम 'विनिर्माण लागत' वाले देश का दर्जा हासिल कर लिया है। हालांकि इस रिपोर्ट में 'अनुकूल कर वातावरण' और 'पारदर्शी सरकारी नीतियां' जैसी श्रेणियों में भारत का प्रदर्शन अब भी सुधार योग्य कहा गया है। भारत के मैन्यूफैक्चरिंग हब बनने के परिप्रेक्ष्य में अधिक विनिर्माण लागत सबसे बड़ी चुनौती रही है, ऐसे में जहां अन्य प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में मैन्यूफैक्चरिंग लागत में कमी भारत के लिए सुकूनदेह है, वहीं देश में तेजी से आर्थिक सुधारों ने भी उसकी संभावनाओं को आगे बढ़ाया है। विगत तीन नवंबर को वडोदरा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निजी क्षेत्र में देश के सबसे पहले सी-295 परिवहन विमान निर्माण संयंत्र का शिलान्यास करते हुए कहा कि पिछले आठ वर्षों में सरकार ने जिस तरह कई आर्थिक सुधारों को अपनाया है और कई प्रोत्साहन दिए हैं, उससे भी भारत मैन्यूफैक्चरिंग के एक बेहतर हब के रूप में उभरते हुए दिखाई दे रहा है। मोदी के अनुसार, इस समय भारत का उद्योग-कारोबार सेक्टर करीब 160 से अधिक देशों की कंपनियों के निवेश से सुसज्जित है। भारत में विदेशी निवेश कुछ उद्योगों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि अर्थव्यवस्था के 61 क्षेत्रों में फैले हुए हैं और भारत के 31 राज्यों को कवर करते हैं। उल्लेखनीय है कि इस समय दुनिया भर में मेक इन इंडिया की मांग बढ़ रही है। आत्मनिर्भर भारत अभियान में मैन्यूफैक्चरिंग के तहत 24 सेक्टर को प्राथमिकता के साथ तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। चीन से आयात किए जाने वाले दवाई, रसायन और अन्य कच्चे माल का विकल्प तैयार करने के लिए पिछले दो वर्ष में सरकार ने प्रोडक्शन लिंक्ड इनसेंटिव (पीएलआई) स्कीम के तहत 14 उद्योगों को करीब दो लाख करोड़ रुपये आवंटन के साथ प्रोत्साहन सुनिश्चित किए हैं। अब देश के कुछ उत्पादक चीन के कच्चे माल का विकल्प बनाने में सफल भी हुए हैं। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, पीएलआई स्कीम की सफलता के कारण ही वर्ष 2022-23 में अप्रैल-अगस्त के दौरान फार्मा उत्पादों के आयात में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 40 फीसदी की कमी आई है और निर्यात में पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के मुकाबले करीब 3.47 फीसदी की वृद्धि हुई है। निश्चित रूप से जिस तरह भारत की नई लॉजिस्टिक नीति 2022 और गति शक्ति योजना का आगाज अभूतपूर्व रणनीतियों के साथ हुआ है, उससे भी भारत आर्थिक प्रतिस्पर्धी देश के रूप में तेजी से आगे बढ़ेगा। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा हाल ही में एक नवंबर को डिजिटल रुपये की शुरुआत और नौ नवंबर को विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) द्वारा निर्यातकों को निर्यात लाभों का दावा रुपये में करने में सक्षम बनाए जाने संबंधी महत्वपूर्ण निर्णय से भी देश को मैन्यूफैक्चरिंग हब बनाए जाने में मदद मिलेगी।



जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत के कोने-कोने में जी-20 के करीब 200 विभिन्न कार्य समूह की बैठकों के दौरान दुनिया नए सामर्थ्यवान भारत और उभरते हुए मैन्यूफैक्चरिंग हब को नजदीक से देख पाएगी। निस्संदेह भारत के मैन्यूफैक्चरिंग हब बनने की अनुकूलताएं एक के बाद एक उभरकर दिखाई दे रही हैं। हाल ही में तीन नवंबर को प्रकाशित 85 देशों के मैन्यूफैक्चरिंग से संबंधित विभिन्न कारकों का समग्र मूल्यांकन करने वाली विश्व प्रसिद्ध यूएस न्यूज ऐंड वर्ल्ड रिपोर्ट'-2022 के तहत सस्ते विनिर्माण के मद्देनजर भारत को 100 प्रतिशत अंक दिए गए हैं।

## नागरिक बोध

# गुजरात चुनाव के पूर्व बागियों ने बढ़ाई बेचैनी



**गुजरात** विधानसभा के चुनाव जैसे जैसे नजदीक आ रहे है। कांग्रेस, भाजपा और आम आदमी खेमो में बेचैनी बढ़ती जा रही है। बागी उमीदवारों और भितरघात की आशंकाओं के चलते दोनों रास्ट्रीय दलों और आम आदमी पार्टी की नींद हराम है। अपनी जीत के बड़े बड़े दांवे करते हुए भी वे अंदर से डरे हुए है। आम आदमी पार्टी के संयोजक केजरीवाल ,कांग्रेस और भाजपा के टिकट बंटवारे में प्रत्यशियों का विरोध झेलने की नोबत आई है। पार्टी की कोशिश है कि कार्यकर्ताओ की नाराजगी से होने वाले नुकसान को न्यूनतम किया जाए। तीनो दल भरपाई के रास्ते तलाश रहे है। गुजरात मे निष्ठावान कार्यकर्ताओ की उपेक्षा कर दलबदलुओं को टिकट देने के दुष्परिणाम भाजपा कांग्रेस दोनों झेल रहे है।क्योंकि आमआदमी पार्टी पहली बार चुनाव लड़ रही है। जिसके कारण कोई गीले शिकवे नही है। अब टिकट नही मिलने और बगावत के सुर तेज होने से दोनों पार्टियों को नुकसान हो सकता है। बागियों को पार्टियो से निष्कासित भी किया जा रहा है। भाजपा से निकल कर कांग्रेस और कांग्रेस से निकल कर भाजपा के खेस पहनकर जिंदाबाद के नारे लगा रहे है। भाजपा कांग्रेस की बेचैनी की यही वजह है। गुजरात मे 1 और 5 दिसम्बर को चुनाव होने है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दल आगामी दिनों में स्टार प्रचारको के जरिये जनता को लुभाने में लग जाएंगे। भाजपा बहुत उत्साहित है। दक्षिण गुजरात भाजपा का गढ़ माना जाता है। मोदी के गुजरात दौरे की जनसभा मे उमड़ा जनसैलाब और लंबे समय तक चले भाषण से यह कयास लगाए जा रहे है कि आज भी मोदी मैजिक बरकरार है। मोदी चिरपरिचित अंदाज में प्रश्न पूछते रहते है। श्रोता उनका जवाब देते है।मोदी और अटल बिहारी वाजपेयी के सपनो का राज्य बनाने के लिए कटिबद्ध है। राज्य सरकार के द्वारा विकास हो ही रहा है। वही राज्य में समर्पित टीम देंगे और उसके कार्य की देखभाल भी करेंगे। अमित शाह गत दिन भाजपा प्रत्याशियों के विरोध को शांत करने गुजरात गए थे। उधर गांधीनगर में बगावत के सुर सुनाई दिए है। भाजपा ने प्रत्याशी बदला और घमासान छिड़ गया। छह बार विधायक रहे मधु श्रीवास्तव ने भाजपा को अलविदा कह दिया। उनका जी मचल रहा है।एक बार उनको फिर से भाजपा की टिकट पर विधायक बनना था। उधर मुस्लिम वोटों को लेकर एआईएमआईएम के असरुदीन ओवैसी सेंघ लगा सकते है। आप सीएम प्रत्याशी इशू दान गढवी खम्भालीया से चुनाव लड़ेंगे। सोमवार नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिन था। आधी से ज्यादा सीटो पर भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों के नामांकन बाकि था। अनामत आंदोलन के पूर्व कन्वीनर सहित 40 कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो गए है। कई नेता किस्मत आजमा रहे है। गुजरात मे पूरे देश की नजर है। गुजरात के चुनाव सही मायनों में खास इसलिए है कि वहां प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह का गृह राज्य है। हिंदी भाषी मतदाताओं की भरमार है। गुजरात तीन हिस्सों में बंटा हुआ है। जिसमे दक्षिण गुजरात,मध्य गुजरात और उत्तर गुजरात।इस बार तीन पार्टियां की आपस मे टक्कर है। भाजपा मोदी मन्त्र का जाप कर आश्वस्थ है।

-कांतिलाल मांडोत



# आठ अरब हो गई दुनिया की आबादी, वैश्विक जनसंख्या को एक अरब बढ़ने में लगे 12 साल

**संयुक्त राष्ट्र।**

दुनिया की जनसंख्या आठ अरब हो गई। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में दावा है कि 2030 तक पृथ्वी पर 850 करोड़, 2050 तक 970 करोड़ और 2100 तक 1040 करोड़ लोग हो सकते हैं। यह भी बताया कि मानव की औसत उम्र भी आज 72.8 वर्ष हो चुकी है, यह 1990 के मुकाबले 2019 तक नौ साल बढ़ी है। 2050 तक एक मनुष्य औसतन 77.2 वर्ष तक जियेगा। वहीं महिलाएं पुरुषों से औसतन 5.4 वर्ष अधिक जीती हैं। उनकी औसत उम्र 73.4 वर्ष और पुरुषों की 68.4 वर्ष आंकी गई है।

संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक, यह मानव विकास में मील का पत्थर है। इस अभूतपूर्व वृद्धि के पीछे सार्वजनिक सेहत, पोषण, स्वच्छता और चिकित्सा में सुधार को अहम कारण माना जा रहा है।

रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक जनसंख्या को सात से आठ अरब तक बढ़ने में 12 साल लगे हैं, जबकि 2037 तक यह 9 अरब तक पहुंच जाएगी। रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक जनसंख्या की समग्र वृद्धि दर धीमी हो रही है।

**1950 के बाद से सबसे धीमी विकास दर** – कई देशों में प्रजनन क्षमता में गिरावट आई है। जनसंख्या 1950 के बाद से सबसे धीमी दर से बढ़ रही है। वर्ष 2020 में एक प्रतिशत से भी कम हो गई है।

**2023 तक चीन को पीछे छोड़ेगा भारत** – भारत चीन को पीछे छोड़कर साल 2023 तक सर्वाधिक आबादी वाला देश बन जाएगा। विश्व की आबादी 2080 के आसपास 1040 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है।

**इन आठ देशों में होगी आधी आबादी** – 2050 तक भारत, पाकिस्तान, कॉन्गो, मिस्त्र, इथियोपिया, नाइजीरिया, फिलीपींस और तंजानिया में विश्व की 50 प्रतिशत आबादी निवास कर रही होगी।

**2100 में भारत में टीएफआर 1.29 होगी** – इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ मेट्रिक्स इवेल्यूएशन की रिपोर्ट के अनुसार 78 साल बाद भारत में टीएफआर 1.29 पर होगी, जो यूएन के आकलन 1.69 से कहीं कम है। भारत की आबादी साल साल 2100 में निर्धारित अनुमान से 43.3 करोड़ तक कम हो सकती है।

**सबसे ज्यादा प्रवासी पाकिस्तान से निकले** – 2010 से 2021 के दौरान 1.65 करोड़ पाकिस्तानियों ने अपना देश छोड़कर दूसरे देशों में प्रवास किया है। इसके बाद भारत से 35 लाख, बांग्लादेश से 29 लाख, नेपाल से 16 लाख और श्रीलंका से 10 लाख लोग दूसरे देश चले गए।


## न्यूज ब्रीफ

### वर्जिनिया विश्वविद्यालय परिसर में गोलीबारी, तीन लोगों की मौत, हिरासत में आरोपी




**न्यूयॉर्क।** अमेरिका की वर्जिनिया विश्वविद्यालय परिसर में रविवार रात गोलीबारी हुई। इस दौरान वर्जीनिया विश्वविद्यालय फुटबॉल टीम के तीन सदस्यों की मौत हो गई। वहीं, दो अन्य घायल बताए जा रहे हैं। वर्जिनिया विश्वविद्यालय पुलिस की ओर से यह जानकारी दी गई है। फुटबॉल खिलाड़ी लेवेल डेविड और डेसीन पेरी उन लोगों में शामिल हैं, जिनका वर्जीनिया विश्वविद्यालय में गोलीबारी में निधन हो गया। इस मामले में संदिग्ध व्यक्ति को पुलिस ने हिरासत में लिया है। विश्वविद्यालय परिसर में गोलीबारी के कुछ घंटों बाद उसने कथित तौर पर एक फील्ड ट्रिप से लौट रहे छात्रों से भरी एक बस पर गोली चलाई थी, उसी वक्त उसे हिरासत में ले लिया गया। विश्वविद्यालय पुलिस ने एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि संदिग्ध छात्र क्रिस्टोफर डार्नेल जोन्स (22) को रविवार रात 10:30 बजे हुई गोलीबारी के कुछ घंटे बाद ही गिरफ्तार कर लिया गया था। यूनिवर्सिटी ऑफ वर्जीनिया के मुख्य कैंपस शैरलॉट्सविला को बंद कर दिया गया है। यूवीए के प्रेसिडेंट जिम रयान ने बताया कि संदिग्ध हमलावर यूनिवर्सिटी का ही छात्र है। उसकी पहचान क्रिस्टोफर डार्नेल जोन्स (22) के रूप में हुई है। वह यूवीए फुटबॉल टीम का पूर्व प्लेयर भी रह चुका है। यूवीए पुलिस डिपार्टमेंट ने बताया कि विश्वविद्यालय की सभी कक्षाएं फिलहाल स्थगित कर दी गई हैं। क्रिस्टोफर डार्नेल जोन्स को खोजने के लिए पुलिस ने उसकी फोटो जारी की थी। इधर, नई दिल्ली में अमेरिकी दूतावास में सांस्कृतिक और शैक्षिक मामलों के पब्लिक डिप्लोमेसी काउंसलर एंथोनी मिरांडा ने उनके देश में गोलीबारी की घटनाएं बढ़ने को लेकर गंभीर होने की बात कही। उन्होंने कहा कि हम अपने छात्रों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं, चाहे वे अमेरिकी हों या विदेशी छात्र। विश्वविद्यालय सुरक्षा को गंभीरता से लेते हैं।

### संयुक्त राष्ट्र महासभा में रखा प्रस्ताव-रूस नुकसान का यूक्रेन को दे मुआवजा, भारत वोटिंग से दूर रहा



**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र महासभा में सोमवार को एक बार फिर यूक्रेन पर हमले के लिए रूस को जवाबदेह ठहराने का आह्वान किया गया। इसके साथ ही हमले की वजह यूक्रेन में हुए नुकसान का रूस से मुआवजा मांगने की बात भी उठाई गई। इसके बाद मसौदा प्रस्ताव लाकर उस पर वोटिंग कराई गई। संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में सोमवार को एक बार फिर यूक्रेन पर हमलों का रूस को जवाबदेह ठहराने और इससे हुए नुकसान की भरपाई के एक तंत्र बनाने व मुआवजा देने को लेकर मसौदा प्रस्ताव पर वोटिंग कराई गई। कुल 94 देशों ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया जबकि 14 ने इसके विरोध में मतदान किया। भारत सहित 73 देशों ने मतदान में भाग नहीं लिया। संयुक्त राष्ट्र में यूरोपीय संघ के मिशन ने एक ट्वीट कर कहा कि यूएन महासभा ने मान्यता दी है कि रूस को यूक्रेन के खिलाफ अपनी आक्रामकता के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। 94 से 14 वोटों से इसे अपनाया गया।

### गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान के ग्वादर में की रैली, सीपीईसी परियोजनाओं को रोकने की दी धमकी



**बलूचिस्तान।** पाकिस्तान के बंदरगाह शहर ग्वादर में गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने रविवार को एक विरोध रैली निकाली और धमकी दी कि अगर ग्वादर में अवैध रूप से मछली पकड़ने पर प्रतिबंध लगाने और अनावश्यक चौकियों को खत्म करने समेत कई अन्य विवादों की मांग पूरी नहीं की गई तो वे चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे को अवरुद्ध कर देंगे। प्रदर्शन में सैकड़ों बच्चे भी शामिल हुए और ग्वादर जिले के तुर्बत, पसनी और अन्य इलाकों से प्रदर्शन करते हुए ग्वादर पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगें लिखी हुई तख्तियां और बैनर लेकर सड़कों पर मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने सीपीईसी (चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा) परियोजनाओं से क्षेत्र में और स्थानीय लोगों को होने वाले नुकसान के विरोध में नारे भी लगाए।

# प्रधानमंत्री मोदी इंडोनेशिया के बाली पहुंचे 17वें जी20 शिखर सम्मेलन में लेंगे भाग




**बाली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17वें जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इंडोनेशिया के बाली पहुंच गए हैं। पीएम मोदी का बाली हवाईअड्डा पहुंचने पर पारंपरिक शैली में गर्मजोशी और रंगारंग तरीके से स्वागत किया गया। होटल पहुंचने पर भारतीय समुदाय के लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी का हर्षोल्लास से स्वागत किया। पीएम मोदी इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो के आमंत्रण पर जी20 शिखर सम्मेलन में शामिल हो रहे हैं।

**वैश्विक नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकों में भी लेंगे हिस्सा** – पीएम मोदी जी-20 शिखर सम्मेलन और इससे इतर वैश्विक नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकों में हिस्सा लेंगे। दो दिवसीय जी-20 शिखर सम्मेलन मंगलवार को शुरू हो रहा है। इसमें अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक समेत दुनिया की 20 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों के नेता शामिल होंगे। शिखर सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भी शामिल होने वाले हैं। जी-20 शिखर सम्मेलन के इतर मोदी की कई नेताओं के साथ अलग-अलग द्विपक्षीय बैठकें होंगी, लेकिन अब तक यह स्पष्ट नहीं है कि पीएम मोदी और शी जिनपिंग के बीच अलग से बैठक होगी या नहीं। अगर ऐसा हुआ तो जून 2020 में गलवां घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच सीमा संघर्ष के बाद से दोनों नेताओं की पहली आमने-सामने की बातचीत होगी। सितंबर में उज्बेकिस्तान के समरकंद में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में दोनों की मुलाकात नहीं हुई थी। जी-20 वैश्विक आर्थिक सहयोग का एक प्रभावशाली संगठन है। यह वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग 85 प्रतिशत, वैश्विक व्यापार का 75 प्रतिशत से अधिक और विश्व की लगभग दो-तिहाई आबादी का प्रतिनिधित्व करता है। इंडोनेशिया जी-20 का वर्तमान अध्यक्ष है। भारत एक दिसंबर से औपचारिक रूप से जी-20 की अध्यक्षता संभालेगा। जी-20 समूह दुनिया की प्रमुख विकसित और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का एक अंतर-सरकारी मंच है। इसमें अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, दक्षिण कोरिया, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्किये, ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) शामिल हैं। भारत और कनाडा के बीच असीमित संख्या में उड़ानें जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले ट्रूडो ने की घोषणा कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने सोमवार को भारत के साथ एक समझौते की घोषणा की, जो दोनों देशों के बीच असीमित संख्या में उड़ानों की अनुमति देगा।

जी20 शिखर सम्मेलन से पहले बाली में बिजनेस 20 कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे ट्रूडो ने कहा कि दोनों देशों के बीच सामानों और लोगों की तेज और आसान आवाजाही से आपसी व्यापार और निवेश को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि हम कनाडा और भारत के बीच एक समझौते की घोषणा कर रहे हैं, जो हमारे दोनों देशों के बीच असीमित संख्या में उड़ानों की अनुमति देगा।

उन्होंने कहा कि सामानों और लोगों की आवाजाही तेज और आसान बनाने से कनाडा और भारत के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ावा मिलेगा और हमारे व्यवसायों को बढ़ने और सफल होने में मदद मिलेगी। ट्रूडो ने कहा कि कनाडा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बड़ा निवेश कर रहा है जो लंबी अवधि में उसके जुड़ाव को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा, उदाहरण के लिए, हम दक्षिणपूर्व एशिया में नए कनाडाई व्यापार गेटवे में निवेश कर रहे हैं जो कनाडाई व्यवसायों को इस गतिशील क्षेत्र में व्यापार नेटवर्क से जोड़ने वाले नए बाजारों के विस्तार करने में मदद करेगा। कनाडा और हिंद-प्रशांत क्षेत्र हमारे लोगों के बीच मजबूत संबंध साझा करते हैं और हम इन संबंधों को और भी मजबूत बनाएंगे।

ट्रूडो ने कहा कि वैश्विक कारोबार और वाणिज्य को अंतरराष्ट्रीय नियम-आधारित व्यवस्था द्वारा स्थापित पूर्वानुमान और विश्वसनीयता की आवश्यकता है और कनाडा हमेशा इसके साथ खड़ा रहेगा। कनाडा के प्रधानमंत्री ने कहा कि वह कंबोडिया से बाली पहुंचे हैं, जहां यह घोषणा की गई कि कनाडा आसियान के साथ अपने संबंधों को एक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ा रहा है।

# इमरान का दर्द-पाकिस्तान को भारत जैसी इज्जत नहीं देता अमेरिका, हमारे रिश्ते मालिक-नौकर जैसे



**इस्लामाबाद।**

पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान के मन में अमेरिका से अपने देश के रिश्तों को लेकर बड़ी अपेक्षा है। वह चाहते हैं कि अमेरिका को पाकिस्तान से उसी तरह का सम्मानजनक व्यवहार करना चाहिए, जैसा कि वह भारत के साथ करता है।

### अमेरिका पर लगाया था सत्ता से बेदखल करने आरोप

पूर्व क्रिकेटर इमरान खान ने इससे पहले अमेरिका पर आरोप लगाया था कि उसने उन्हें सत्ता से बेदखल करने की साजिश रची थी। खान ने भारत की तारीफ करते हुए कहा था कि उसने अपनी जनता की खातिर यूक्रेन जंग के बाद भी अमेरिका के दबाव में आए बगैर रूस से तेल आयात जारी रखा। भारत अपनी जनता के हित को प्राथमिकता देता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान भी अमेरिका का साझेदार बनना चाहता है, लेकिन ऐसा भी होना चाहिए कि कभी वह अमेरिका को ना कह सके। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख ने इमरान खान ने कहा कि इस्लामाबाद और वॉशिंगटन के रिश्ते मालिक-नौकर जैसे हैं। उन्होंने दावा किया कि पाकिस्तान को अमेरिका ने भाड़े की बंदूक की तरह इस्तेमाल किया। इमरान ने इसके लिए पिछली सरकारों को दोषी ठहराया। पूर्व पीएम ने कहा कि अमेरिका के साथ हमारे रिश्ते मालिक-गुलाम के रहे हैं, लेकिन इसके लिए मैं अमेरिका के बजाए अपने देश की सरकारों को दोष देता हूं। पीएम पद से बेदखल करने की कथित अमेरिकी साजिश का जिक्र करते हुए इमरान खान ने कहा कि यह मुद्दा अब खत्म हो गया है। पाकिस्तान के लोगों की मदद के बिना अमेरिका अपनी साजिश में सफल नहीं हो सकता था। जहां तक मेरा संबंध है, यह मामला खत्म हो गया है, लेकिन अमेरिका जो भी चाहता है, वह पाकिस्तानी लोगों के बिना नहीं हो सकता था। पाकिस्तानियों ने इस साजिश में सक्रिय रूप से भाग लिया। बता दें, इमरान खान को इस साल अप्रैल में तत्कालीन विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के चलते पीएम पद छोड़ना पड़ा था। इसे लेकर उन्होंने अक्सर अमेरिका और तत्कालीन विपक्ष अब सत्तारूढ़ पीएमएल-एन पर साजिश रचने के आरोप लगाए थे।

# भारतीय मूल के सिख को स्थानीय हीरो की श्रेणी में मिला ऑस्ट्रेलियन ऑफ द ईयर सम्मान



**मेलबोर्न।**

भारतीय मूल के 41 वर्षीय सिख कार्यकर्ता अमर सिंह को ऑस्ट्रेलियन ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। न्यू साउथ वेल्स सरकार ने तीन नवंबर को उन्हें स्थानीय हीरो की श्रेणी में यह पुरस्कार देने की घोषणा की। अपनी दाढ़ी और पगड़ी के कारण जातीय अपमान का अनुभव करने वाले सिंह को यह सम्मान बाढ़, जंगल की आग, सूखे और महामारी के दौरान समुदाय का समर्थन करने के लिए दिया गया। सरकार ने अमर सिंह की टीम के सभी कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय महत्व का बताते हुए जोर दिया कि उन्होंने देश के लिए बड़ा काम किया है जो पूरे समुदाय की उपलब्धियों का सम्मान है। सिंह ने सात साल पहले पगड़ी 4 ऑस्ट्रेलिया नामक धर्मार्थ संगठन की स्थापना की, जो प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित विस्थापितों और कमजोर लोगों का समर्थन करने की दिशा में काम करता है। न्यू साउथ वेल्स सरकार द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि बहुसंस्कृतिवाद और सामाजिक एकदा के प्रमुख पैरोकार अमर सिंह ने अपनी दाढ़ी और पगड़ी के कारण जातीय अपमान का अनुभव किया है। उधर, सिंह का मानना है कि दूसरों की मदद करना धर्म, भाषा या सांस्कृतिक पृष्ठभूमि तक सीमित नहीं होना चाहिए। उनका संगठन टर्बन्स 4 ऑस्ट्रेलिया पैकेज और पश्चिमी सिडनी में खाद्य असुरक्षा का सामना कर रहे लोगों को 450 भोजन व किराना हैम्पर्स बांटता है। संगठन ने सूखे का सामना कर रहे देश के किसानों को घास वितरित की, साथ ही बाढ़ पीड़ितों की मतत की और कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान कमजोर लोगों को भोजन बांटा। वर्ष 2015 में अपनी पगड़ी और दाढ़ी के कारण अमर सिंह ने ऑस्ट्रेलिया में नस्ली भेदभाव का सामना किया था।

# कनाडा में स्थायी निवासी बन सकते हैं सेना का हिस्सा, भारतीयों को फायदा

**टोरंटो।**

कनाडा के सशस्त्र बलों (सीएएफ) ने घोषणा की कि स्थायी निवासियों को अब सेवाओं में भर्ती की अनुमति दी जाएगी, क्योंकि सेना में इन दिनों सैनिकों की कमी है। मीडिया की एक खबर में यह जानकारी दी गई कि कनाडाई स्थायी निवासियों में बड़ी संख्या में भारतीय शामिल है और सीएएफ के फैसले से उनके लिए रोजगार के अवसर पैदा होने की अपार संभावना बनी है।



रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस' की 'पुरानी भर्ती प्रक्रिया' में बदलाव की घोषणा के पांच साल बाद यह एलान हुआ है। इस कदम से कनाडा में 10 साल से रह रहे स्थायी निवासियों को आवेदन करने की अनुमति होगी।

नोवा स्कोशिया के 'रॉयल यूनाइटेड सर्विसेज इंस्टीट्यूट' के अनुसार, इससे पहले स्थायी निवासी केवल 'स्किल्ड मिलिट्री फॉरेन एप्लिकेंट' (एसएमएस) कार्यक्रम के तहत ही आवेदन दे सकते थे।

अब सेना में भर्ती के इच्छुक उम्मीदवारों को कनाडाई होना होगा, जिनकी आयु 18 वर्ष से अधिक (या 16, बशर्ते कि उनके पास माता-पिता की सहमति हो) हो और एक अधिकारी पद पर भर्ती के वास्ते आवेदन देने के लिए उनके पास ग्रेड 10 या ग्रेड 12 की शिक्षा की डिग्री होनी चाहिए। यह नियम स्थायी निवासियों पर भी लागू होंगे। सीएएफ ने सितंबर में हजारों पद रिक्त होने को लेकर चिंता जाहिर की थी।

### 2024 तक स्थायी निवासी बनेंगे 1 लाख नए प्रवासी

2021 तक कनाडा में 80 लाख से अधिक (कुल आबादी का 21.5प्रतिशत) अप्रवासी थे। पिछले साल लगभग 1 लाख भारतीय कनाडा के स्थायी निवासी बन गए। देश ने रिकॉर्ड 4.05 लाख अप्रवासियों को शरण दी।

### हजारों रिक्त पदों को भरने की कवायद

कनाडा में फिलहाल करीब 12,000 स्थायी सैनिक हैं। जानकारी के मुताबिक, कनाडाई सेना में हजारों पद रिक्त हैं। यह उन पदों को भरने की कवायद है। अभी कुछ वक्त पूर्व ही रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस ने भी 10 वर्षों से कनाडा में रह रहे विदेशियों का पुलिस सर्विस में आवेदन करने की अनुमति प्रदान की है। मार्च में कनाडा की रक्षा मंत्री अनीता आनंद ने कहा था कि रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते वदलते वैश्विक भू-राजनीति परिदृश्य के बीच सीएएफ को प्रसार की जरूरत है।

# नेपाल के आम चुनाव पर मंडराया हिंसा का साया, माहौल चिंताजनक

**काठमांडो।**

नेपाल में बीते दिनों राजनीतिक हिंसा की कई घटनाएं होने से आम चुनाव से ठीक पहले चिंता का माहौल बन गया है। सोमवार रात ऐसी ही एक घटना हुई, जिसमें प्रमुख विपक्षी दल- कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूएमएल) के नेता हरि काफ्ले घायल हो गए। पालुंगतार नगरपालिका में उन पर होटल में घुस कर हमला किया गया। काफ्ले वहां अपनी पार्टी के उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार करने गए थे। उनके सिर पर गहरी चोट आई है।

इसके पहले रविवार को चितवन में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी और सत्ताधारी गठबंधन के समर्थकों के बीच हिंसक मुठभेड़ हुई थी। बताया जाता है कि झगड़े की शुरुआत सत्ताधारी गठबंधन के समर्थकों ने की। उन्होंने राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के चुनाव प्रचार में लगे वाहन पर हमला बोल दिया। उस चुनाव क्षेत्र से राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के नेता रवि लिमिछाने खुद संसदीय चुनाव लड़ रहे हैं।




रविवार को ही नौगंधा ग्रामीण क्षेत्र में यूएमएल और सत्ताधारी गठबंधन के समर्थकों के बीच मुठभेड़ हुई। इस झगड़े में सत्ताधारी गठबंधन के नेता जयभान सिंह धामी बुरी तरह जख्मी हुए, जिन्हें अस्पताल ले जाना पड़ा। पर्यवेक्षकों के मुताबिक चुनाव प्रचार के आखिरी हफ्ते में सरगर्मी बढ़ गई है। गरमाते माहौल के बीच हिंसा की घटनाएं भी बढ़ी हैं। इससे स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव होने को लेकर अंदेशा गहरा गया है।

नेपाल में संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा और सात प्रांतीय विधायिकाओं की प्रत्यक्ष निर्वाचन वाली सीटों पर मतदान 20 नवंबर को होगा। उस रोज प्रतिनिधि सभा की 165 और प्रांतीय असेंबलियों की 330 सीटों पर पोट डाले जाएंगे। अब मतदान सिर्फ पांच दिन बचे हैं। इससे चुनाव प्रचार चरम पर पहुंच गया है।

सरकार ने चुनावों के दौरान शांति बनाए रखने के लिए तीन लाख सुरक्षाकर्मी तैनात करने की घोषणा की है। नेपाल पुलिस के 71 हजार और अस्थायी पुलिस के एक लाख 15 हजार जवान तैनात किए जाएंगे। सशस्त्र पुलिस बलों के 35 हजार जवानों को ड्यूटी पर लगाया जाएगा। नेशनल इन्वेस्टीगेशन डिपार्टमेंट के दो सौ अधिकारी सुरक्षा इंतजामों की निगरानी करेंगे।

लेकिन पर्यवेक्षकों इस बात पर असंतोष जताया है कि ऐसी घोषणाओं के बावजूद हिंसा को रोका नहीं जा सका है। चुनाव पर्यवेक्षण समिति के अध्यक्ष प्रदीप पोखारेल ने कहा- 'अगर नेताओं पर हमलों, गुंडागर्दी और विभिन्न दलों के समर्थकों के बीच झगड़ों को ये लोग नहीं पाते हैं, तो बड़े पैमाने पर सुरक्षाकर्मियों की तैनाती को कोई फायदा नहीं है। अगर ऐसी घटनाएं जारी रहती हैं, तो मतदान के दिन भय का माहौल बना रहेगा।' पोखारेल ने कहा कि हिंसा की बढ़ी घटनाएं निर्वाचन आयोग की साख के लिए भी एक चुनौती हैं। इस बीच नेत्र बिक्रम चांद विप्लव के नेतृत्व वाले उग्रवादी गुट की धमकी से भी चिंता बढ़ी है। इस गुट ने मतदान में बाधा डालने का एलान कर रखा है। निर्वाचन आयोग ने भी इन घटनाओं पर चिंता जताई है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त दिनेश कुमार थपालिया ने कहा है- 'आयोग हिंसा की घटनाओं से चिंतित है।' उन्होंने बताया कि तोड़फोड़ और टकराव की हाल में हुई घटनाओं को देखते हुए आयोग ने सभी दलों की एक बैठक बुलाई है, जिसमें सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारी भी हिस्सा लेंगे।

# राजस्थान में बहुमत से भाजपा की बनेगी सरकार

## नेतृत्व कोई विवाद है ही नहीं भाजपा में : ओम माथुर

**भीलवाड़ा ( हिंस )।** भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य ओम माथुर मंगलवार सांय भीलवाड़ा पहुंचे। भाजपा के वरिष्ठ नेता माथुर के यहां पहुंचने पर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जोश खरोश के साथ उनका स्वागत किया। सर्किट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में भीलवाड़ा विधायक विट्ठल शकर अवस्थी व भाजपा जिला अध्यक्ष लादूलाल तेली ओर नगर परिषद सभापति राकेश पाठक की अगुवाई में स्वागत किया गया। भाजपा के वरिष्ठ नेता ओम माथुर ने यहां कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की गुजरात चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत होगी। इस बार के चुनाव में पहले से अधिक सीटों से चुनाव जीतेंगे। केंद्रीय चुनाव समिति में चर्चा के दौरान राजस्थान की कांग्रेस सरकार के कुशासन भ्रष्टाचार, अराजक, जनविरोधी सरकार को 2023 के चुनाव में हटाने व कांग्रेस को हराने का रोड मैप बन चुका है। इस कार्य में भाजपा के प्रदेश, जिला, मंडल के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी ने कमर कस ली है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में भाजपा कार्यकर्ताओं के दम पर 2023 में भाजपा अपनी सरकार ऐतिहासिक जीत दर्ज कर बनाएगी । यहां पत्रकारों



से बात करते हुए ओम माथुर ने कहा कि देश व दुनिया में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व ही छाया है। उनका विकासवाद का नारा ही अभी प्रमुख है। राजस्थान में अगला विधानसभा चुनाव भारी बहुमत से भाजपा जीतेगी। चुनाव किसके नेतृत्व में लड़ा जायेगा के सवाल में माथुर ने कहा कि अभी मोदी के नेतृत्व में ही होगा। बाकी कार्य केंद्रीय पार्लियामेंट तय करेगा। प्रदेश में नेतृत्व का कोई मुद्दा नहीं है। प्रदेश में 2023 के विधानसभा चुनाव में युवाओं को प्राथमिकता देने का कार्य भाजपा सदैव करती रही है। प्रत्याशी कौन होगा कौन नहीं, इसका फेसला केंद्रीय संगठन करेगा। भाजपा प्रांरभ से कैडरबेस पार्टी है। सभी निर्णय संगठन स्तर पर होगें। अभी संगठन चर्चा कर कार्यकर्ताओं में जान फूंकने का कार्य प्रांरभ कर चुका है। प्रदेश में भाजपा दो तिहाई बहुमत से सरकार बनायेगी, यह तय है। प्रदेश में कांग्रेस की हालत किसी से छिपी नहीं है। एक नेता कुर्सी से चिपका है तो दूसरा छीनने की तैयारी में है। राहुल गांधी की भारत जोडो यात्रा पर तंज कसते हुए माथुर ने कहा कि राहुल को पहले पार्टी जोड़ने पर विचार करना चाहिए। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का सपना सच होता दिख रहा है जब उन्होंने कहा था कि अब कांग्रेस को खत्म कर देना चाहिए। यह सपना राहुल गांधी पूरा करेगें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आठ वर्ष के कार्यकाल की चर्चा करते हुए कहा कि आज देश में भाई भतीजावाद, जातिवाद के बजाय विकासवाद का नारा बुलंद है। आज दुनियां भर में मोदी के नेतृत्व को स्वीकारा जाने लगा है। मोदी भाजपा के प्राण है। उनके प्रधानमंत्री बनने के बाद आज देश में खुशहाली दिखने लगी है। आने वाला समय ओर ज्यादा खुशहाल होगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता ओम माथुर के भीलवाड़ा आगमन पर सर्किट हाउस में भाजपा जिला अध्यक्ष लादू लाल तेली, पूर्व मंत्री कालू लाल गुर्जर, विधायक विट्ठल शंकर अवस्थी, गोपाल खंडेलवाल, जब्बर सिंह सांखला, जिला प्रमुख बरजी बाई भील, नगर परिषद सभापति राकेश पाठक, उप जिला प्रमुख शंकर गुर्जर, उपसभापति रामनाथ योगी, पूर्व विधायक बद्रीगुरुजी, रामलाल गुर्जर, रूपलाल जाट, पूर्व नगर परिषद चेयरमैन विश्वास जांगिड़, भाजपा जिला प्रवक्ता कैलाश सोनी, महावीर समदानी, राजकुमार आंचलिया, प्रधान ऐश्वर्या रावत, चावण्ड सिंह, सहित जिले भर के भाजपा के निर्वाचित जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कमर कस लें कार्यकर्ता : बाबू रामपॉल

**जम्मू।** पूर्व मंत्री और अध्यक्ष जम्मू-कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस, सेंट्रल जोन जम्मू बाबू रामपाल ने आज मध्य क्षेत्र (जम्मू, सांबा, कठुआ) के जिला समन्वयकों के साथ मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य पर चर्चा की और उन्हें बड़े पैमाने पर अपने-अपने क्षेत्रों में जनसंपर्क कार्यक्रम शुरू करने के लिए कहा। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मंत्री और क्षेत्रीय अध्यक्ष जेकेएनसी बाबू रामपॉल ने की। बैठक का आयोजन जम्मू जिला शहरी समन्वयक डा. विकास शर्मा ने किया। भारत भूषण, संदेश शान, अमरीश शर्मा, राजिंदर चन्याल, शाम लाल मेहरा, अरविंद सिंह जम्वाल, राहुल महाजन, असलम चौधरी, सत पॉल, अशोक त्यागी और यश पॉल शामिल हुए। बाबू रामपॉल ने समन्वयकों के साथ जम्मू-कश्मीर में वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य पर पूरी तरह से चर्चा की और उन्हें विधानसभा चुनावों के लिए पूरी तरह से तैयार होने के लिए कहा, जिसकी घोषणा अगले साल कभी भी की जा सकती है। मौजूदा स्थिति को देखते हुए पार्टी के प्रत्येक पदाधिकारी के लिए यह



महत्वपूर्ण है कि पार्टी के लिए पूर्ण जन समर्थन सुनिश्चित करने के लिए आगामी चुनावों से पहले एक ऊर्जावान अभियान शुरू किया जाए। पूर्व मंत्री ने कहा कि नेशनल कांफ्रेंस एकमात्र ऐसी पार्टी है जो धर्मनिरपेक्षता में विश्वास रखती है और समाज के दलित वर्ग के अधिकारों के लिए लड़ सकती है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने समाज के वंचित वर्गों के कल्याण के लिए अतीत में कई ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। बाबू रामपॉल ने कहा शेर-ए-कश्मीर से लेकर डा. फारूक अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला तक इसने जम्मू-कश्मीर के तत्कालीन राज्य की पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ सेवा की है। उन्होंने पदाधिकारियों को जम्मू-कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस पार्टी द्वारा किए गए अच्छे कार्यों और उपलब्धियों के बारे में आम जनता के बीच जानकारी का प्रसार करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नेशनल कांफ्रेंस जनता की पार्टी है और इसलिए सभी पदाधिकारियों और पार्टी कार्यकर्ताओं को जनता की आवाज उठाने और उनके दैनिक मुद्दों के उचित निवारण के लिए एक साथ हाथ मिलाना चाहिए।

# ऑनलाइन रिपोर्टिंग न होने पर 25 सक्षम युवा निलंबित



**जींद ( हिंस )।** नगर परिषद में कार्यरत सक्षम युवाओं को अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा उठाना पड़ रहा है। जिन सक्षम युवाओं को नगर परिषद में काम मिला था, उन सक्षम की ऑनलाइन रिपोर्टिंग नगर परिषद जींद द्वारा सक्षम पोर्टल की विभागीय आईडी से रिपोर्टिंग करनी होती है लेकिन नगर परिषद जींद द्वारा इन सक्षम की ऑनलाइन रिपोर्टिंग नहीं की। नगर परिषद जींद विभाग की लापरवाही के कारण लगभग 25 सक्षम युवा निलंबित और डिबार्ड हो गए। ऐसे में मंगलवार को इन सक्षम युवाओं ने म्यूनिसिपल कमिश्नर कार्यालय पर धरना दिया और अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। सक्षम युवाओं का कहना था कि सक्षम की ऑनलाइन रिपोर्टिंग कर जल्द से जल्द उन्हें बहाल करवाया जाए। हरियाणा सक्षम युवा यूनियन के आह्वान पर सक्षम युवा नगर परिषद कमिश्नर कार्यालय के बाहर एकत्रित हुए और धरना दिया। प्रदेशाध्यक्ष विनोद धड़ौली ने कहा कि नवंबर महीने में जिले के बेरोजगार सक्षम युवाओं को नगर परिषद जींद में शहर की विभिन्न कॉलोनी में फैमिली आईडी को प्रॉपर्टी आईडी से जोड़ने का काम दिया गया था।

# सरूरी ने घाटी के दूर-दराज इलाकों में बांटे राशन

**जम्मू।** पूर्व मंत्री और आजाद पार्टी के वरिष्ठ नेता गुलाम मोहम्मद सरूरी ने सीएपीडी से मारवाह, वारवान, चतरू, मुगल मैदान, सिगड़ी, कुचल, क्वाथ, दच्छन, ठकराई, केशवान, चांडाली, किश्तवाड़ और डोडा जिलों के सरथल, त्रिगाम, पटनाजी, बुंजवाह, कहारा, भलेसा, जक्यास, सरूर और घन गांव में आवश्यक वस्तुओं की पर्याप्त मात्र में उपलब्धता की मांग की है। सरूरी ने उपराज्यपाल और उनके प्रशासन से इस कठोर सर्दियों के मौसम के दौरान जिला डोडा और किश्तवाड़ में राशन, जलाऊ लकड़ी और मिट्टी के तेल के आवश्यक स्टॉक को पूरा करने का आग्रह किया है। विभिन्न क्षेत्रों के कई प्रतिनिधिमंडलों से मिले पूर्व मंत्री को लोगों ने अवगत कराया कि जिले के कई हिस्सों में राशन, जलाऊ लकड़ी और मिट्टी के तेल की पर्याप्त आपूर्ति उपलब्ध नहीं है, जबकि सर्दियों का मौसम शुरू हो चुका है। उन्हें लोगों द्वारा बताया गया कि दूर-दराज के क्षेत्रों में लोगों को सूखे पेड़ गिरने के लिए आवश्यक अनुमति नहीं मिल रही है, जिसके परिणामस्वरूप निवासियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सरूरी ने कहा कि कई गांवों में राशन की कमी है और समस्याओं को कम करने के लिए तत्काल उपाय करने का आह्वान किया। उन्होंने उपराज्यपाल और उनके प्रशासन से जिलों



के दूर-दराज के क्षेत्रों में पर्याप्त मात्र में जलाऊ लकड़ी, राशन और मिट्टी का तेल उपलब्ध कराने का आग्रह किया। उन्होंने सीएपीडी विभाग से लोगों की सुविधा के लिए चिनाब घाटी के सभी हिस्सों में गेहूं, आटा, चावल और अन्य आवश्यक वस्तुओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने मुख्य सचिव जम्मू-कश्मीर से भी दूर-दराज और दूरदराज के क्षेत्रों में राशन आपूर्ति की व्यक्तिगत रूप से निगरानी करने का आग्रह किया ताकि इन क्षेत्रों में रहने वाले गरीब लोगों को परेशानी मुक्त आपूर्ति मिल सके। इससे पहले उनके निवास किश्तवाड़ में एक समारोह में किश्तवाड़ जिले के इंदरवाल निर्वाचन क्षेत्र से आजाद पार्टी के वरिष्ठ नेता जी एम सरूरी की उपस्थिति में कई लोग आजाद पार्टी में शामिल हुए।

# जैसलमेर ट्रैक पर हुई चार गिद्धों की मौत

**जैसलमेर ( हिंस )।** जैसलमेर जिले के पोकरण उपखंड क्षेत्र के लाठी-धोलिया के पास मंगलवार को रेल की चपेट में आने से चार गिद्धों की मौत हो गई। जबकि एक गिद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका उपचार किया जा रहा है। जैसलमेर के लाठी धौलिया मार्ग पर इन दिनों गिद्धों का काफी तादाद में जमावड़ा देखने को मिल रहा है ।जिसके चलते गिद्धों की आवक में बढ़ोत्तरी हो गई है, वहीं बीते दिनों ही फूड पॉइजन के चलते एक गिद्द विश्व धरोहर की सूची में शामिल सोनार दुर्ग की चोटी तक जा पहुंचा था, जहां पर्यावरण प्रेमी राधेश्याम पैमानी की अगुवाई में गिद्ध का रेस्क्यू कर वन विभाग को सौंपा गया था। मंगलवार को फिर जिले के लाठी कस्बे के धोलिया गांव के स्थित गंगाराम की ढाणी के पास बिछी रेलवे ट्रैक ही गिद्दों की मौत का प्लेटफार्म बन गई जहां घूम रहे पांच गिद्ध ट्रेन से टकरा गए। इनमें चार गिद्धों की मौके पर ही मौत हो



गई और एक घायल अवस्था में मिला। आशंका जताई जा रही है कि यहां से गुजर रही किसी रेल की चपेट में आने से गिद्धों की मौत हुई है। सूचना मिलने पर पर्यावरण व वन्यजीव प्रेमी राधेश्याम पेमाणी अपने अन्य साथियों के साथ मौके पर पहुंचे तथा वन विभाग को सूचना दी। वनपाल कानसिंह मेड़तिया टीम के साथ मौके पर पहुंचे और एक किमी क्षेत्र में बिखरे गिद्धों के शवों को एकत्रित किया।


**No. B/NLB/e-Tender/CAMPA/1873**

**e-TENDER NOTICE**

The DFO, Social Forestry Division, Nalbari invites e-Tender in prescribed form affixing Court fee stamp worth Rs. 8.75 (Rupees eight & paise seventy five) only from eligible registered Contractors having minimum 5 (five) years experience in Civil works for the following package of works. Details of bids.

| Pack-age No. | Name of Work | Place of Work | Total Work Value inclusive of all taxes as applicable (Rs.) | Secu-rity De-posit | Earnest Money Deposit | Time of Comple-tion | Tender Pro-cess-ing fee (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **Construction of Ground Floor with provision for three storied RCC building for Forest Range Officer / ACF quarter** | Nalbari SF Range Campus | 68,51,663.00 | 10% of the Tender value | 2% for General & 1% for OBC/SC/ST of esti-mated cost | 120 days from the date of issue of work order | 1000/- |

**Note:**
1) The Contractors/Bidders must be registered with www.assamtenders.gov.in for participating in the Bidding process. The Bidding documents nay be downloaded through the portal www.assamtenders.gov.in by using their own ID.
2) Online submission of Technical & Financial Bid is mandatory. Manual submission (without online submission) of Bid will be considered as non-responsive. Bidders are to submit the required papers for technical bid by scanning and uploading the same.
3) The Bidders shall submit the cost of tender processing fee and the earnest money deposit through online in the portal www.assamtenders.gov.in.
4) The actual schedule for tendering process of the above mentioned package shall be as per the schedule as shown below:

| Sl. No. | Schedule | Start Date | Start Time | End Date | End Time |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Publishing Date | 15.11.2022 | 12.00 hrs. | | |
| 2. | Tender Download | 16.11.2022 | 12.00 hrs. | 01.12.2022 | 15.00 hrs. |
| 3. | Pre-Bid meeting Date | 22.11.2022 | 13.00 hrs. | 22.11.2022 | 15.00 hrs. |
| 4. | Bid Submission Date | 23.11.2022 | 12.00 hrs. | 08.12.2022 | 15.00 hrs. |
| 5. | Technical Bid opening date (Cover-I) | 09.12.2022 | 12.00 hrs. | | |
| 6. | Financial Bid opening Date (Cover-II) | To be announced later | | | |

5) Pre-bid meeting will be held in the Social Forestry Division, Nalbari from 1-00 p.m to 3-00 p.m on 22.11.2022
6) In the event of date of bid opening falls on a Govt. holiday , the activities will take place on the next working day.
7) Information regarding the Sites, nature of work etc may be collected from the O/o the DFO, Social Forestry Division, Nalbari, Assam, during office hours on all working days. Bidders are specifically requested to inspect the work site and study the working conditions before submitting offer. Concerned Range Office may be contacted for any assistance for field inspection. Bidders are advised to ensure their eligibility before quoting. Tenders submitted by ineligible bidders shall not be considered and the same will summarily be rejected.
8) Tender must be accompanied by the following documents without which the tender will be rejected
   a) Prescribed tender document fee.
   b) Prescribed Govt. stamp fee.
   c) Prescribed Earnest Money Deposit @ 2% of estimated cost general and @ 1% for tenderer belonging to preferential category.
   d) SC/ST/OBC certificate from competent authority, in case tenderer belonging to preferential category.
   e) Firm/ Society etc. registration certificate.(if any)
   f) PAN Card.
   g) GST registration certificate.
   h) Income Tax return for FY 2019-20, 2020-21 and 2021-22.
   i) Turn over last 3 (three) years.
   j) Audit Report for last 3 (three ) years.
   k) Bank Account statement updated within 30 (thirty days) prior to submission of tender.
   l) Documents related to experience in civil works.

Divisional Forest Officer
Social Forestry Division
Nalbari

*-- Janasanyog /C/14105/22*


# गुज्जर-बक्करवाल को आरक्षण देना मोदी सरकार की सबसे बड़ी उपलिब्ध : चंदेल



**जम्मू।** हिंदूवादी नेता राजू चंदेल ने आज जम्मू में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि जजम्मू-कश्मीर के गुज्जर बकरवाल समाज को आरक्षण दिया जाना और उनके नुमाइंदों को सांसद चुनाव चुनकर संसद में भेजना गुज्जर बकरवाल समाज के साथ पिछले 75 वर्षों में जो इंसाफ किया गया है वह मोदी सरकार की सबसे बड़ी उपलिब्ध है और उसी के साथ पहाड़ी कबीले में रहने वाले लोगों को भी आरक्षण देने का वादा किया जाना एक महान उपलिब्ध है। चंदेल ने कहा कि देश में वर्षों से रह रहे रिफ्यूजी समाज के साथ भी अब मोदी सरकार को आगे आकर इंसाफ करना चाहिए क्योंकि समय की मांग है कि भारत में रह रहे रिफ्यूजी बहुत सफर कर चुके हैं भारत के लोकतंत्र में उनकी भी उपस्थिति होनी बहुत जरूरी है तभी हम रिशु जी समाज के साथ इंसाफ कर सकते हैं उन्हें भी आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए उनके भी नुमाइंदों को चुनकर विधानसभा लोकसभा में भेजा जाना चाहिए। चंदेल ने कहा कि मोदी सरकार तमाम वर्गों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही है और मुझेउम्मीद है कि जल्द से जल्द देश में रह रहे पीओके के रिफ्यूजी समाज के लोगों को आरक्षण सहित राजनीति के भिन्न-भिन्न मंच पर नेतृत्व करने का मौका मिलेगा और देश की तरक्की और उन्नित में रिफ्यूजी समाज एक अहम भूमिका अदा करेगा।

### इशारों में पायलट ने सरकार को कह दिया

# युवाओं से किए नौकरियों के वादे नहीं किए पूरे

**जयपुर ( हिंस )।** पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने सरकार को युवाओं की नौकरियों से जुड़ी घोषणाओं को हर हाल में पूरा करने की नसीहत दी है। संविदाकर्मियों को नियमित करने के पैटर्न पर विरोध और विद्या संबल योजना को स्थगित करने के सवाल पर भी पायलट ने अपनी राय दी है। पायलट ने सरकार को ओबीसी मुद्दे का समाधान निकालने को कहा है। पायलट ने तीनों मुद्दों पर सरकार के मौजूदा स्टैंड से अलग होकर मांगें पूरी करने को कहा है। पायलट मंगलवार को टोंक में पत्रकारों से बात कर रहे थे। विद्या संबल योजना को स्थगित करने पर पायलट ने कहा कि सरकार ने जिन भर्तियों की घोषणा की है, उसको धरातल पर उतारना चाहिए। भर्तियां होनी चाहिए, क्योंकि घोषणाओं के बाद लोगों की उम्मीदें बढ़ जाती हैं। युवाओं को लगता है कि इससे उनका भविष्य बेहतर होगा। सरकार की घोषणाएं धरातल पर उतारी जाएं, यह बहुत जरूरी है। संविदाकर्मियों को नियमित करने के पैटर्न का विरोध होने के सवाल पर पायलट ने कहा कि सरकार अगर घोषणा करती है तो उसका पूरी तरह पालन भी होना चाहिए। मैं हमेशा कहता हूं कि नौजवानों को अवसर मिले। हमारे शिक्षक भाई-बहन हैं। उनका भविष्य सुधारने के लिए हर संभव कोशिश करनी चाहिए। पायलट ने ओबीसी आरक्षण से जुड़े मुद्दे पर कहा कि मुझे लगता है जो भी संविधान के प्रावधान हैं, उसके तहत सुधार करना चाहिए। बिना कानूनी पेंच में फंसे इसका रास्ता निकालना चाहिए। सरकार को जनप्रतिनिधियों की मांग को सुनना चाहिए। फिर न्यायपूर्वक कार्यवाही करनी चाहिए। ताकि, सब पक्षों को साथ रखकर वंचित लोगों तक मदद पहुंचे। पायलट ने कहा कि दिसंबर के पहले सप्ताह में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा राजस्थान में आएगी।

## जम्मू : लोगों ने भाजपा नेताओं के समक्ष रखीं अपनी मांगे

**जम्मू।** क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों के लोगों ने भाजपा मुख्यालय का दौरा किया और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं कवीन्द्र गुप्ता और आर एस पठानिया के साथ अपने मुद्दों पर चर्चा की। लोग अपने विशिष्ट मुद्दों के लिए दबाव बनाने के लिए व्यक्तिगत रूप से और साथ ही प्रतिनियुक्ति के रूप में आए। अधिकांश मुद्दे पेयजल, बिजली, गलियों, नालियों, सड़कों आदि से संबंधित अपने-अपने क्षेत्रों के विकास से संबंधित थे। प्रस्तुत मुद्दों को सुनते हुए कविंदर गुप्ता ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से दूरभाष पर बात की और अन्य के लिए पत्र जारी किए. लोगों के पास व्यक्तिगत चिंताओं के साथ-साथ विकास के मुद्दों से संबंधित अपने दिन-प्रतिदिन के मुद्दे हैं। इन जन शिकायत शिविरों के माध्यम से, भाजपा ने लोगों और प्रशासन के बीच की खाई को पाटने की कोशिश की है ताकि उनके मुद्दों को उचित स्तर पर संबोधित किया जा सके।

# जेके सीएमडब्ल्यूए ने बाल दिवस को आत्मा दिवस के रूप में मनाया

**जम्मू।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती पर जेके क्रिश्चियन माइनॉरिटी वेलफेयर एसोसिएशन ने बेथेल चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से आज यहां बेथेल चर्च कबीर कॉलोनी, तालाब तिल्लो जम्मू में बच्चों के चेहरों को रोशन करने के लिए एक प्रभावशाली समारोह का आयोजन किया। बेथेल चर्च के प्रभारी पादरी अनुस गिल ने एक छोटी सी प्रार्थना के साथ कार्यक्रम की शुरु आत की और सभा और विशिष्ट अतिथियों का सोफिया गिल ने स्वागत किया। छोटे बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया और डेजी गिल ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। नासिर मसीह अध्यक्ष ने बोलते हुए कहा संसाधनों की अनुपलब्धता और दुर्गमता के कारण, वंचित बच्चे अपने बचपन को आनंदित और पोषित नहीं कर



पाते हैं और इस पहल का उद्देश्य सोल फॉर सोल्स है। नई पीढ़ी के बीच परोपकार की भावना पैदा करने के अलावा, वंचित लोगों की मदद करना और उनके चेहरे पर मुस्कान लाना हमारा मकसद है। अभियान के तहत हम साधन संपन्न व्यक्तियों से चप्पल, जूते और खाने का सामान एकत्र करते हैं और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए हाशिए के लोगों में वितरित करते हैं। छोटे बच्चों ने भी कार्यक्रम में आंनद उठाया।

## डीआरआई ने अमृतसर और चंडीगढ़ हवाई अड्डों से पकड़ी विदेशी करेंसी

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यूज इंटेलिजेंस (डीआरआई) ने अमृतसर और चंडीगढ़ हवाई अड्डों पर सर्च ऑपरेशन चलाते हुए करीब डेढ़ करोड़ रुपए की अंतर्राष्ट्रीय करेंसी जब्त की है। यह ऑपरेशन 12 नवंबर को किया गया, जिसके बारे में मंगलवार को जानकारी दी गई। पकड़े गए आरोपियों को ज्यूडिशियल रिमांड पर भेज दिया गया है। 12 नवंबर को डीआरआई की टीमों ने सूचना के बाद अमृतसर तथा चंडीगढ़ हवाई अड्डों पर सर्च की थी। अमृतसर एयरपोर्ट पर दुबई जा रहे युवक-युवती को टर्मिनल के अंदर से 1.08 करोड़ रुपए की विदेशी मुद्रा के साथ गिरफ्तार किया गया। डीआरआई ने जब आरोपियों को पकड़ा तो वह सुरक्षा जांच और इमिग्रेशन पास कर चुके थे। तलाशी लेने पर 1.08 करोड़ रुपए की संयुक्त अरब अमीरात दिरहम, यूरो, ओमानी रियाल, कुवैती दिनार आदि की विदेशी मुद्रा बरामद की गई।




# जेफ बेजोस अपनी अधिकांश संपत्ति दान करेंगे, मंदी की आशंका पर दिया बड़ा बयान

**नई दिल्ली ।**

दुनिया के सबसे अमीर कारोबारियों की लिस्ट में शामिल और अमेजन कंपनी के मुखिया जेफ बेजोस ने अपनी संपत्ति को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है। अमेजन संस्थापक बेजोस अपनी संपत्ति का ज्यादातर हिस्सा कल्याणकारी योजनाओं पर खर्च करने का प्लान बना रहे हैं। बता दें कि जेफ बेजोस के पास फिलहाल करीब 124 बिलियन डॉलर की संपत्ति है और फोर्ब्स के अनुसार वे दुनिया के चौथे सबसे अमीर व्यक्ति हैं। पूरी दुनिया में उनसे ज्यादा संपत्ति सिर्फ एलन मस्क, बर्नार्ड अर्नाल्ट व उनके परिवार और भारतीय उद्योगपति गौतम अदाणी के पास है। अमेजन के सीईओ पद से सेवानिवृत्त हो चुके जेफ बेजोस ने एक साक्षात्कार के दौरान कहा है कि वह अपने धन का एक बड़ा हिस्सा जलवायु परिवर्तन से जुड़े मसलों पर काम करने वालों पर खर्च करेंगे। उन्होंने कहा कि उनके इस कदम से विविधता से भरी इस दुनिया में गहरे सामाजिक और राजनीतिक विभाजनों के बावजूद मानवता को एकजुट करने की कोशिशों में लगे लोगों को मदद मिलेगी। जेफ बेजोस के अनुसार वह अपनी ज्यादातर संपत्ति कल्याणकारी योजनाओं पर खर्च करने की योजना पर काम कर रहे हैं। इससे पहले भी दुनिया कई धनाढ्यों ने अपनी संपत्ति को दान करने का एलान किया है। बता दें कि कई बार अलोचनों ने जेफ बेजोस की गिविंज प्लेज पर हस्ताक्षर नहीं करने के लिए फटकार लगाई थी। जेफ ने एक चैनल से बातचीत में कहा है कि पत्रकार रह चुकीं उनकी पार्टनर लॉरेन सांचेज भी इस काम में उनकी मदद कर रही हैं। मालूम हो कि लॉरेल सांचेज अब एक फिलैन्थ्रॉपिस्ट के रूप में अपनी पहचान बना चुकी है। जेफ से जब यह पूछा गया कि क्या वह अपने जीवनकाल में अर्जित की गई ज्यादातर संपत्ति दान करने जा रहे हैं तो उन्होंने सीधे जवाब दिया हां मैं ऐसा करने जा रहा हूं, बस ये नहीं समझ पा रहा हूं कि इसे कैसे किया जाए। आगे बेजोस ने कहा कि यह फैसला उनके लिए आसान नहीं है। जैसे अमेजन को खड़ा करना आसान नहीं था उसी तरह अब तक की अर्जित संपत्ति को दान करना भी आसान नहीं है। उन्होंने कहा अमेजन को बनाने में बहुत मेहनत लगी है। उन्होंने कहा मैं और मेरी पार्टनर दोनों ही यही चाहते हैं हैं। दान और फिलैन्थ्रॉपी दोनों ही एक-दूसरे से मिलते जुलते हैं। कई बार आपको लगता है कि आप अप्रभावी चीजें भी कर सकते हैं पर इस काम के लिए आपको ध्यान लगाकर सोचना पड़ेगा। आपको अपनी टीम में शानदार लोगों को रखना पड़ेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### आईपीओ में फिर निवेश का मौका, साल में सबसे ज्यादा इश्यू इसी माह




नई दिल्ली। पिछले दो हफ्तों की तरह इस हफ्ते भी आईपीओ में निवेश का मौका मिलेगा। एक कंपनी अपना भाव तय करेगी। जबकि एक का इश्यू बंद होगा और एक का खुलेगा। दो कंपनियों के शेयर सूचीबद्ध भी होंगे। इस साल में नवंबर में सबसे ज्यादा आईपीओ आने की संभावना है। अब तक कुल आठ आईपीओ आए हैं जबकि मई में भी कुल इतने ही आईपीओ आए थे। लेकिन मई में एलआईसी के 21,000 करोड़ रुपये के आईपीओ की वजह से उस महीने में कुल 30,000 हजार करोड़ जुटाए गए थे जबकि इस महीने अभी तक 9,843 करोड़ रुपये जुटाए गए हैं। आंकड़ों के मुताबिक, कीस्टोन रियल्टी का आईपीओ सोमवार से खुला है जो बुधवार को बंद होगा। कंपनी 16 एंकर निवेशकों से 190 करोड़ जुटाई है। इसमें अबूधाबी इन्वेस्टमेंट और मॉर्गन स्टेनली जैसे निवेशक हैं। 635 करोड़ रुपये जुटाने के लिए इसने 514 से 541 रुपये का भाव तय किया है। दिसंबर, 2021 के बाद किसी रियल एस्टेट कंपनी का यह पहला इश्यू है। इसी तरह से आइनॉक्स ग्रीन एनर्जी का निर्गम 15 नवंबर को बंद होगा। कंपनी 61-65 रुपये के भाव पर 740 करोड़ रुपये जुटा रही है। इसकी योजना कर्जमुक्त होने की है। इस पर 900 करोड़ का कर्ज है। यह एनसीडी के जरिये भी 370 करोड़ रुपये भुनाएगी।

### खुदरा महंगाई 10वें माह भी आरबीआई के दायरे से बाहर, अनाज, मांस-मछली, दूध और मसाले की दर बढ़ी



नई दिल्ली। उच्च कीमतों के मोर्चे पर अक्तूबर में थोड़ी राहत मिली है। सब्जी से लेकर दाल और खाद्य तेल की महंगाई घटी है। इसके बावजूद खुदरा कीमतों पर आधारित (सीपीआई) महंगाई की दर लगातार 10वें महीने आरबीआई के संतोषजनक दायरे 6 फीसदी से ऊपर बनी हुई है। इस दौरान अनाज, मांस-मछली, दूध और मसाले की महंगाई दर में बढ़ोतरी देखने को मिली है। राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय के मुताबिक, अप्रैल-अक्तूबर के दौरान खुदरा महंगाई की दर पांच महीने 7 फीसदी या इससे ऊपर बनी रही। सिर्फ जुलाई और अक्तूबर में ही यह 7प्रतिशत से कम रही है। वित्त मंत्रालय ने कहा, कच्चा तेल, लौह अयस्क और इस्पात की कीमतें वैश्विक बाजार में गिरने के साथ घरेलू स्तर पर गेहूं एवं चावल की आपूर्ति सुनिश्चित करने से भी इन जिंसों की कीमतें काबू में रखने के प्रयास किए गए हैं। इसका असर आगे महसूस होगा। थोक महंगाई : सब्जी से लेकर दूध और फल तक हुआ सस्ता, 8.33प्रतिशत रह गई खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर विनिर्मित उत्पादों के साथ अनाज, सब्जी, दूध और फल जैसे खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतें घटने की वजह से थोक कीमतों पर आधारित महंगाई में गिरावट आई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मुताबिक, अक्तूबर में खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर घटकर 8.33 फीसदी रह गई, जो सितंबर में 11.03 फीसदी रही थी।

### 988 करोड़ रिफंड के मामले में एयर इंडिया को झटका, अब 11 करोड़ का जुर्माना भी लगा

नई दिल्ली । अमेरिका की सरकार ने कोविड महामारी के दौरान उड़ानों के रद्द होने या उनके कार्यक्रमों में बदलाव के कारण प्रभावित यात्रियों को पैसे लौटाने में हुई देरी के मामले में एयर इंडिया पर 14 लाख डॉलर यानी करीब 11.38 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। अमेरिका के यातायात विभाग ने सोमवार को बताया है कि भारतीय विमान सेवा प्रदाता कंपनी एयर इंडिया उन छह एयरलाइंस में शामिल है जिन्हें यात्रियों को रिफंड के रूप में 60 करोड़ डॉलर लौटाने का आदेश दिया गया है। भारतीय विमानन कंपनी को प्रभावित यात्रियों के करीब 12.15 करोड़ डॉलर (988 करोड़ रुपये) लौटाने के निर्देश दिए गए हैं। इस मामले में अधिकारियों का कहना है कि एयर इंडिया का यात्रियों के अनुरोधध् पर रिफंड करने का प्रावधान अमेरिकी परिवहन विभाग की नीतियों का विरोधाभाषी है। अमेरिका में यह नियम है कि उड़ान के रद्द होने या उसमें बदलाव होने पर एयरलाइन को यात्रियों के टिकट के पैसे कानूनी तौर पर 100 दिन में लौटाने होंगे। एक विभागीय जांच के दौरान इस बात का खुलासा हुआ है कि एयर इंडिया ने रिफंड के आधे से अधिक आवेदनों पर कार्रवाई करने में निर्धारित 100 दिन में लौटाने होंगे। बता दें कि रिफंडे में देरी के ये मामले टाटा ग्रुप की ओर से एयर इंडिया का अधिग्रहण करने के पहले के हैं। एयर इंडिया के अलावा अमेरिकी सरकार ने फ्रंटियर, टीएपी पुर्तगाल, एयर मेक्सिको, ईआईएआई और एविएंका एयरलाइन पर जुर्माना लगाया है।

## सूखा, बाढ़, भूस्खलन से एशिया में तबाही

# 2021 में चीन को सर्वाधिक 18 अरब डॉलर का नुकसान

**नई दिल्ली ।**

**एशिया में सूखे, बाढ़ व भूस्खलन से पिछले साल भारी तबाही हुई। वर्ष 2021 में इस महाद्वीप में खराब मौसम से कुल 35.60 अरब डॉलर की क्षति हुई और करीब पांच करोड़ लोग प्रभावित हुए। चीन को सर्वाधिक 18 अरब डॉलर का नुकसान उठाना पड़ा।**




विश्व मौसम संगठन की रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल एशिया में खराब मौसम से भारी नुकसान हुआ। चीन को जहां 18.4 अरब डॉलर की आर्थिक क्षति हुई वहीं, भारत को 3.2 अरब डॉलर की। 2021 में बाढ़ से चीन में सबसे अधिक आर्थिक नुकसान हुआ। इसके बाद भारत का स्थाना आया है। वहीं, थाईलैंड में बाढ़ से 0.6 अरब डॉलर का नुकसान हुआ। तूफान भी बड़ी आर्थिक तबाही का कारण बने। भारत में इससे 4.4 अरब डॉलर का, चीन में 3.0 अरब डॉलर का, जापान में 2 अरब डॉलर, नुकसान हुआ।

डब्ल्यूएमओ ने एशिया में जलवायु 2021 की स्थिति को लेकर जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कैसे जलवायु परिवर्तन के प्रभाव मानव, वित्तीय और पर्यावरण पर पड़ रहे हैं। इससे खाद्य सुरक्षा, गरीबी हटाने और सतत विकास के लक्ष्य पाने में बाधा आ रही है।

### जलसंकट चिंताजनक, ग्लेशियरों को हो रहा नुकसान

रिपोर्ट में भविष्य के जल संकट को लेकर भी चिंता जताई गई है। हिमालय और तिब्बती पठार सहित उच्च पर्वतीय एशिया में ध्रुवीय क्षेत्र के बाहर बर्फ की सबसे बड़ी मात्रा है। इसमें लगभग 100,000 किमी क्षेत्र में दो ग्लेशियर क्षेत्र हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्लेशियर पिघलने की दर तेज हो रही है।

वर्ष 2021 में असाधारण रूप से गर्म और शुष्क परिस्थितियों के कारण कई ग्लेशियरों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा। दुधरती के इस सबसे सघन आबादी वाले हिस्से यानी एशिया के लिए ये जल भंडार ताजे पानी की आपूर्ति के सबसे अहम स्रोत हैं। इसलिए ग्लेशियर पिघलने का भावी पीढ़ियों पर असर पड़ेगा।

### चेतावनी प्रणाली मजबूत करना जरूरी

डब्ल्यूएमओ के महासचिव प्रोफेसर पेटेरी टालास ने कहा कि जलवायु संकेतक और प्रतिकूल मौसम की घटनाओं को इस रिपोर्ट में दर्शाया गया है। भविष्य में एशिया के अधिकांश हिस्सों में वर्षा में अपेक्षित वृद्धि से पता चलता है कि प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली को मजबूत करना कितना महत्वपूर्ण है। संयुक्त राष्ट्र का अर्ली वार्निंग फॉर ऑल प्रोग्राम लोगों को लगातार और बेहद प्रतिकूल मौसम से बचाने में मदद करेगा।

डब्ल्यूएमओ की यह रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक आयोग एशिया और प्रशांत के साथ संयुक्त रूप से तैयार की गई है। इसे इजिप्ट के शर्म अल शेख में संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन वार्ता के दौरान प्रस्तुत किया गया था।

### 20 सालों में आपदा से बढ़ा नुकसान, बाढ़ से सर्वाधिक

रिपोर्ट दर्शाती है कि कैसे, पिछले 20 वर्षों में आपदाओं से आर्थिक नुकसान बढ़ रहा है। 2001-2020 में सूखे से आर्थिक क्षति में 63 फीसदी की वृद्धि हुई है। बाढ़ से 23 फीसदी और भूस्खलन से 147 फीसदी की वृद्धि हुई है। 2021 में एशिया में प्राकृतिक आपदा की 100 से ज्यादा घटनाएं हुईं। इनमें से 80 फीसदी बाढ़ और तूफान से जुड़ी थीं। इनके कारण 4,000 मौतें हुईं। इनमें से 80 फीसदी बाढ़ के कारण हुईं। 4.83 करोड़ लोग इन आपदाओं से सीधे प्रभावित हुए और 35.6 अरब डॉलर का नुकसान हुआ।

# केंद्रीय बैंक ने नौ बैंकों के खिलाफ की कार्रवाई, लाखों का लगाया जुर्माना




**नई दिल्ली ।**

**भारतीय रिजर्व बैंक बीते कुछ समय से लगातार नियमों को ठीक ढंग से अनुपानल न करने वाले बैंकों के खिलाफ सख्त रुख अपनाए हुए है। इस क्रम में अब उसके निशाने पर नौ बैंक आ गए हैं। बैंकिंग नियमों का उल्लंघन करने के मामले में सोमवार को आरबीआई ने 6 को-ऑपरेटिव बैंक और 3 सहकारी बैंकों पर लाखों का आरोप लगाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इन बैंकों पर आरोप है कि उन्होंने बैंकिग नियमों का उल्लंघन किया है। आरबीआई की तरफ से इस कार्रवाई के बारे में जानकारी भी दी गई है।**

आरबीआई ने बताया है कि बैंकिंग नियमों का उल्लंघन करने के मामले में 11.60 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

इन बैंकों में बेरहमपुर को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक (ओडिशा) पर 3.10 लाख रुपए, उस्मानाबाद जनता सहकारी बैंक (महाराष्ट्र) पर 2.5 लाख रुपए, संतराम अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक (महिसागर, गुजरात) पर 2 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है।

साथ ही जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, बालाघाट (मध्य प्रदेश), जमशेदपुर अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक (झारखंड), रेनुका नागरिक सहकारी बैंक, अंबिकापुर (छत्तीसगढ़) पर 1-1 लाख रुपए की पेनाल्टी लगाई गई है। साथ ही कृष्णा मर्चेंटाइल को-ऑपरेटिव बैंक, भोपाल (मध्य प्रदेश) और केंद्रपारा अर्बन को-ऑपरेटिव (ओडिशा) पर 50-50 हजार रुपए का हर्जाना भरने का आदेश दिया गया है। इन बैंकों के अलावा, द नवानगर को-ऑपरेटिव बैंक, जामनगर (गुजरात) पर 25 हजार रुपए का जुर्माना लगा है।

# शीर्ष-250 सूचीबद्ध कंपनियों को अब देनी होगी मीडिया रिपोर्ट पर सफाई

**नई दिल्ली ।**



पूंजी बाजार नियामक सेबी ने शेयर बाजार में सूचीबद्ध शीर्ष 250 कंपनियों पर नकेल कस दिया है। इसने कहा है कि इन कंपनियों को डिजिटल या प्रिंट मीडिया में आई किसी भी संबंधित खबर पर सफाई देनी होगी।

यह सफाई या तो उस खबर को सही बताए या फिर उसे खारिज करे। अभी तक यह कंपनियों के ऊपर था कि वे इस बारे में सफाई दें या न दें। सोमवार को एक चर्चापत्र में नियामक ने कहा कि ऐसी खबरें आने के 12 घंटे के भीतर स्टॉक एक्सचेंज पर इसकी जानकारी देनी होगी। पहले यह समय 24 घंटे होता था। इस चर्चापत्र पर सेबी ने 27 नवंबर तक संबंधित शेयरधारकों से सुझाव मांगा है। सूचीबद्ध कंपनियों को ऐसी घटना या सूचना का खुलासा करना चाहिए जिसका सीमा मूल्य या मूल्य के संदर्भ में कुल कारोबार के 2प्रतिशत से कम हो। या फिर पिछले तीन साल में औसत फायदे या घाटे का 5 फीसदी हो।

### किसी भी तरह की कार्रवाई पर जानकारी देना अनिवार्य

सूचीबद्ध इकाई या उसके निदेशकों या प्रमुख कर्मियों के खिलाफ किसी भी नियामक, वैधानिक और प्रवर्तन प्राधिकरण द्वारा की गई कार्रवाई का खुलासा करना होगा। ऐसी सूचीबद्ध संस्थाओं को प्राधिकरण के नाम, शुरू की गई कार्रवाई और किए गए उल्लंघन के विवरण और वित्तीय या अन्य गतिविधियों पर इसके प्रभाव के बारे में खुलासा करना चाहिए।

# अमेजन में 10000 कर्मचारियों की छंटनी की तैयारी, घाटा बढ़ने की वजह से बनाई योजना

**नई दिल्ली ।**

दुनिया की दिग्गज कंपनियों में छंटनी का सिलसिला जारी है। अमेरिका के टेक्नोलॉजी और ई-कॉमर्स दिग्गज कंपनी अमेजन ने बढ़ती आर्थिक मंदी के बीच अपने गैर-लाभकारी पहल को कम करना शुरू कर दिया है। अमेजन हजारों कर्मचारियों की छंटनी करने और लागत में कटौती के उपायों को लागू करने की योजना बना रहा है, क्योंकि रिपोर्ट के अनुसार पिछली कुछ तिमाहियां लाभदायक नहीं रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी इस सप्ताह की शुरुआत में जल्द से जल्द 10,000 कर्मचारियों को निकाल सकती है।

### अमेजन के इतिहास में सबसे बड़ी छंटनी

अगर छंटनी की कुल संख्या 10,000 के आसपास रहती है, तो यह अमेजन के इतिहास में सबसे बड़ी छंटनी होगी। हालांकि यह कंपनी के कार्यबल के एक प्रतिशत से भी कम है, क्योंकि अमेजन विश्व स्तर पर 16 लाख से अधिक लोगों को रोजगार देता है। एनवाईटी की रिपोर्ट में कहा गया है कि नौकरी में कटौती अमेजन की डिवाइस यूनिट पर केंद्रित होगी, जिसमें वॉयस-असिस्टेंट एलेक्सा और इसके रिटेल और मानव संसाधन डिवीजन शामिल हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, अमेजन ने एक महीने की लंबी समीक्षा के बाद कुछ लाभहीन इकाइयों के कर्मचारियों को कंपनी के भीतर अन्य अवसरों की तलाश करने के लिए आगाह किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेजन अपने एलेक्सा व्यवसाय का बारीकी से मूल्यांकन कर रहा है और वर्तमान में इस पर विचार कर रहा है कि क्या उसे वॉयस असिस्टेंट में नई क्षमताओं को जोड़ने की कोशिश पर ध्यान देना चाहिए, जो विभिन्न प्रकार के अमेजन उपकरणों पर उपलब्ध है।

यह रिपोर्ट ई-कॉमर्स दिग्गज द्वारा व्यस्त छुट्टियों के मौसम में विकास में मंदी की चेतावनी के कुछ ही हफ्तों बाद आई है। यह ऐसी अवधि थी, जब सबसे अधिक बिक्री होती थी।

# क्रिप्टो एक्सचेंज की तबाही से भारत में भी भय का माहौल, देश में क्रिप्टोकरेंसी को मान्यता नहीं

**न्यूयॉर्क/नई दिल्ली ।**




क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज एफटीएक्स के प्रमुख सैम बैंकमैन-फ्राइड दो दिन पहले तक टेक की दुनिया के सुपरस्टार थे। उन्हें क्रिप्टो का रक्षक, डेमोक्रेटिक राजनीति में नवीनतम शक्ति और संभावित रूप से दुनिया के पहले खरबपति जैसे विशेषणों से नवाजा जाता था, लेकिन आज वह क्रिप्टो जगत के सबसे बड़े खलनायक हैं। 30 वर्षीय बैंकमैन-फ्राइड द्वारा चलाया जा रहा क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज शुक्रवार को दिवालिया हो गया और निवेशकों और ग्राहकों ने खुद को ठगा महसूस किया। अगर आप भी क्रिप्टो में निवेश के बारे में सोच रहे हैं तो अच्छी तरह से जान लें कि आप एक ऐसी अंधी गली में प्रवेश कर रहे हैं, जिसमें कब क्या हो जाए किसी को नहीं मालूम।

### भारतीयों के लिए क्या हैं मायने

गुरुग्राम के इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर ब्रजेश शर्मा ने पांच साल पहले क्रिप्टोकरेंसी में दो लाख रुपये का निवेश किया था। पिछले साल तक वह निवेश से काफी उत्साहित थे, लेकिन अब डर सताने लगा है। ऐसा ही कुछ बंगलूरू में सॉफ्टवेयर इंजीनियर रितेश कुमार का सोचना है। उनका कहना है कि भारत में क्रिप्टोकरेंसी को न तो मान्यता है और न ही क्रिप्टो एक्सचेंज चलाने वाली कंपनियां अपने बारे में कुछ खुलकर बताती हैं। ऐसे में अगर पैसा डूबा तो हम कोई दरवाजा भी नहीं खटखटा सकते। हैं। सितंबर में भारतीय क्रिप्टो मार्केट लूना और टेरा में करोड़ों डॉलर की क्रिप्टोकरेंसी गंवा चुके हैं। सरकार ने क्रिप्टो के विनिमय पर टैक्स शुरू किया, तो मार्केट में स्थिरता लौटने की उम्मीद थी लेकिन एफटीएक्स मामले से संभावनाओं पर पानी फिर गया। भारत सरकार क्रिप्टो विनिमय पर टैक्स तो लेती है, लेकिन क्रिप्टोकरेंसी को मान्यता नहीं दी है। जानकार कहते हैं कि क्रिप्टोकरेंसी जोखिमभरा जुआ है।

### हालात और बुरे होने की आशंका

जानकारों के अनुसार, पहले से मंदे बाजार को अब इस नई अनिश्चितता से निपटना होगा। एफटीएक्स के ढहने के बाद मार्केट में नकदी का संकट पैदा हो सकता है, जिसका खामियाजा दूसरी क्रिप्टोकरेंसी को भुगतना पड़ेगा। भारत के सबसे बड़े क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज वजीरएक्स के उपाध्यक्ष राजगोपाल मेनन को डर है कि सबसे बुरा अभी खत्म नहीं हुआ है और कुछ भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि पहले से मंदे बाजार को इस नई अनिश्चितता से निपटना होगा।

### सरकार और आरबीआई की सर्तकता से बचे निवेशक

दुनियाभर में क्रिप्टोकरेंसी बाजार में भारी गिरावट से निवेशकों के अरबों डॉलर डूब गए। हालांकि, सरकार और आरबीआई के सतर्क रुख से भारतीय निवेशकों पर इसका कोई असर नहीं हुआ है। आरबीआई क्रिप्टोकरेंसी को मान्यता देने से बार-बार इनकार करता रहा है। साथ ही क्रिप्टोकरेंसी लेनदेन पर चेतावनी भी दी है। इसके अलावा, सरकार ने क्रिप्टोकरेंसी पर 30 फीसदी का भारी-भरकम टैक्स और लेनदेन पर एक फीसदी का अतिरिक्त टीडीएस भी लगाया है। आंकड़ों के मुताबिक, वैश्विक क्रिप्टोकरेंसी बाजार का पूंजीकरण 2021 में 3 लाख करोड़ डॉलर (234.7 लाख करोड़ रुपये) था। एक साल में ही इसका कुल बाजार मूल्य 2 लाख करोड़ डॉलर (165 लाख करोड़ रुपये) घटकर अब एक लाख करोड़ डॉलर (81.23 लाख करोड़ रुपये) रह गया है।

### 16 अरब डॉलर स्वाहा

एफटीएक्स के पतन से इसके सह-संस्थापक सैम बैंकमैन फ्राइड के 16 अरब डॉलर (करीब 1.3 लाख करोड़ रुपये) स्वाहा हो गए।

### भारत में सिर्फ 3 फीसदी निवेश

उद्योग का अनुमान है कि क्रिप्टो की संपत्तियों में भारतीय निवेशकों का निवेश केवल 3 फीसदी है।

# 'मोनिका ओ माय डार्लिंग' के साथ वापसी कर रही राधिका

## -निभा रही है भ्रष्ट पुलिस वाली की भूमिका



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड एक्ट्रेस राधिका आप्टे अपनी आगामी स्ट्रीमिंग फिल्म 'मोनिका ओ माय डार्लिंग' के साथ नेटफ्लिक्स पर वापसी कर रही हैं। नेटफ्लिक्स ओरिजिनल 'सेक्रेड गेम्स' में जहां उन्होंने एक पुलिस वाले की भूमिका निभाई थी, वहीं उनके चरित्र का नैतिक कंपास बरकरार था, लेकिन 'मोनिका ओ माय डार्लिंग' में, कम से कम कहने के लिए यह बहुत ही अप्रत्याशित रूप से गड़बड़ है। उसी पर विस्तार से, उन्होंने कहा, "यह चरित्र मेरे कम्फर्ट जोन से बहुत बाहर था। 'मोनिका ओ माई डार्लिंग, जो एक बेहतरीन नियो-नोयर क्राइम कॉमेडी थ्रिलर होने का वादा करती है, 11 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर डेब्यू करने के लिए तैयार है। एक्ट्रेस ने कहा कि मैंने पहले कभी कॉमेडी नहीं की और भ्रष्ट पुलिस वाली की भूमिका निभाना बहुत दिलचस्प था, जीवन में अपने मूल्यों के बारे में काफी बेशर्म और बेदाग, शायद मैं जो कुछ भी हूं उससे सबसे विपरीत हो सकता है।

यह बहुत दिलचस्प था, यह मेरे कम्फर्ट जोन से बाहर था लेकिन वासन को विश्वास था।" "फिल्म में राजकुमार राव, हुमा कुरैशी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। ट्रेलर को काफी सकारात्मक प्रशंसा मिल रही है, राधिका का किरदार काफी दिलचस्प लग रहा है और इसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है।" उन्होंने आगे उल्लेख किया, "आप जानते हैं कि जब आपका निर्देशक आप पर भरोसा करता है, तो सेट पर जाने, जोखिम लेने और अलग-अलग चीजों को आजमाने में सक्षम होना बहुत अच्छा है, भले ही आप असफल हों, आपको परवाह नहीं है क्योंकि आप जानते हैं कि यह कोशिश करने और तलाशने के लिए एक सुरक्षित जगह है।"


# फिल्म ऊंचाई पहले दिन से दे रही है सबको टक्कर

## -बॉक्स ऑफिस पर तीसरे दिन भी किया शानदार परफॉर्मेंस



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड फिल्म ऊंचाई पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर सबको टक्कर देती हुई नजर आ रही है। इसमें अमिताभ बच्चन, अनुपम खेर, बोमन ईरानी और डैनी डेंजोंगप्पा जैसे मंझे हुए कलाकार अपने अभिनय की छाप छोडने में कामयाब रहे हैं। ओपनिंग डे पर ठीक-ठाक कमाई करने वाली ऊंचाई के कलेक्शन में दूसरे दिन ही उछाल देखने को मिला। अब फिल्म के तीसरे दिन का कलेक्शन भी सामने आ गया है और अपने पहले वीकेंड पर ही ऊंचाई ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार परफॉर्मेंस दी है। बॉक्स ऑफिस पर इन दिनों ज्यादातर हिंदी फिल्मों की हालत खस्ता ही चल रही हैं। हाल ही में रिलीज हुई राम सेतु, थैंक गॉड, मिली और फोन भूत जैसी फिल्में हॉलीडे पर रिलीज होने के बावजूद कमाई के मामले में लागत तक नहीं निकाल पाईं। वहीं, ऊंचाई के मेकर्स ने समझदारी दिखाते हुए फिल्म को लिमिटेड स्क्रीन पर रिलीज किया और दिन के गिनती के शोज रखे। ट्रेड एनालिस्ट तरन आदर्श के अनुसार, ऊंचाई को 483 स्क्रीन्स पर रिलीज किया गया है और दिनभर में फिल्म के 4 शोज रखे गए हैं। फिल्म ने दो दिनों में इतना शानदार कलेक्शन कर लिया कि वीकेंड से पहले ही ऊंचाई को लंबी रेस का घोड़ा बता दिया गया। 11 नवंबर को रिलीज हुई ऊंचाई ने ठीक-ठाक ओपनिंग करते हुए 1,81 करोड़ का कलेक्शन किया था। वहीं, दूसरे दिन फिल्म की कमाई में उछाल देखने को मिला। जानकारी के अनुसार, ऊंचाई ने रविवार को 4.90 से 5,20 करोड़ के बीच का कलेक्शन किया है। इसके साथ ही फिल्म की कमाई तीन दिनों में ही 10 करोड़ का आंकड़ा पार कर गई है। शनिवार को ऊंचाई ने ओपनिंग कलेक्शन के दोगुने से भी ज्यादा का कलेक्शन करते हुए टिकट खिड़की पर 3,64 करोड़ कमाए। तीसरे दिन यानी रविवार की बात करें तो फिल्म की कमाई ने तेज रफ्तार पकड़ते हुए चौंकाने वाला कलेक्शन किया है।

# शिल्पा शेट्टी ने चिल्ड्रेन्स डे पर शेयर किया बेटे वियान और बेटी समीशा का मस्ती भरा वीडियो




फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने सोमवार को चिल्ड्रेन्स डे के मौके पर अपने बच्चों वियान और समीशा का एक मस्ती भरा वीडियो फैंस के साथ साझा किया है। इस वीडियो में वियान और समीशा दोनों ही जमीन पर बिछे मैट पर लेटकर मस्ती करते नजर आ रहे हैं। वियान और समीशा के इस वीडियो पर फैंस के साथ -साथ सेलिब्रिटी भी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। अभिनेत्री प्रीटी जिंटा ने शिल्पा के इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए दिल वाली इमोजी बनाई है। उल्लेखनीय है कि शिल्पा शेट्टी ने 2009 में बिजनेसमैन राज कुंद्रा से शादी की। 2012 को उनके बेटे वियान का जन्म हुआ और 15 फरवरी, 2020 को वह सेरोगेसी के जरिये बेटी समीशा की मां बनी हैं। वहीं उनके पति व बिजनेसमैन राज कुंद्रा को जुलाई 2021 अश्लील फिल्म बनाने के आरोप में गिरफ्तार किया था। इस मामले में कई खुलासे भी हुए थे और अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने भी अपना बयान दर्ज करवाया था। लेकिन बाद में राज कुंद्रा को इस मामले में जमानत दे दी गई, जिसके बाद राज कुंद्रा की पब्लिक अपीरियंस कम ही नजर आती है। शिल्पा शेट्टी सोशल मीडिया पर भी काफी सक्रिय रहती हैं और उनकी फैन फॉलोइंग लाखों में हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो शिल्पा शेट्टी जल्द ही रोहित शेट्टी की कॉप सीरीज इंडियन पुलिस फॉर्स में नजर आएंगी।

# खल्लास गर्ल' एक्ट्रेस ईशा कोप्पिकर बुधवार को रायपुर में



**रायपुर, (हि.स.)।** बॉलीवुड की खल्लास गर्ल के नाम से मशहूर एक्ट्रेस ईशा कोप्पिकर बुधवार को रायपुर में कुछ खास पल बिताएंगी। वह सदर बाजार में सहेली ज्वेलर्स को विजिट करने के साथ ही साथ लोगों से भी मिलेंगीं। ईशा इन दिनों सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वो कई सामाजिक आयोजनों में भी हिस्सा लेती हैं। हाल ही में इनकी एक फिल्म जो कि पॉलिटिकल सटायर है, लव यू लोकतंत्र आई थी। एक ऐसी ही फिल्म रही, जो आज की राजनीतिक हलचल के बारे में है। ईशा ने हिंदी सिनेमा में ही नहीं बल्कि कन्नड़, तमिल, तेलगु, और मराठी जैसे फिल्मों में भी काम कर चुकी है। ईशा दिल का रिस्ता,डरना माना है, आदि कई फिल्मो में काम किया है।

# शुरू हुई कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी की शूटिंग



कंगना रनौत इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'इमरजेंसी' को लेकर चर्चा में है। हाल ही में कंगना इस फिल्म की शूटिंग के लिए लोकेशन तलाश रही थी। उनकी यह तलाश पूरी हो चुकी है और अब फिल्म की पहले शेड्यूल की शूटिंग भी शुरू हो गई है। फिल्म के पहले शेड्यूल की शूटिंग असम में हो रही है। इसकी जानकारी खुद कंगना ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर पोस्ट शेयर कर दी है। गौरतलब है कि हाल ही में कंगना ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा से मुलाकात की थी। इस दौरान की तस्वीरें कंगना ने सोशल मीडिया पर फैंस के साथ साझा भी की थी। वहीं अगर इस फिल्म की बात करें तो इसमें कंगना रनौत भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आएंगी। वहीं इस फिल्म में अनुपम खेर जयप्रकाश नारायण, श्रेयस तलपड़े अटल बिहारी बाजपेयी, महिमा चौधरी लेखिका पुपुल जयकर और मिलिंद सोमन सैम मानेकशॉ के किरदार में नजर आएंगे। 'इमरजेंसी' इंदिरा गांधी के समय में लगे आपातकाल पर आधारित है। कंगना इस फिल्म में अभिनय और निर्देशन के अलावा इसे प्रोड्यूस भी कर रही हैं।

# संगीत लोगों को जोड़ता है: आबिदा परवीन



संगीत लोगों को ठीक करता है और जोड़ता है। यह सभी जनसांख्यिकी के लोगों के लिए सामान्य आधार के रूप में कार्य करता है। यह कहना है मशहूर पाकिस्तानी सूफी गायिका आबिदा परवीन का। कई संगीत रियलिटी शो में जजेस का हिस्सा रह चुकीं दिग्गज गायिका 9 दिसंबर को एक विशेष संगीत कार्यक्रम के लिए दुबई में 2022 कोका-कोला एरिना में प्रस्तुति देने के लिए तैयार हैं। विशेष संगीत कार्यक्रम ब्लू ब्लड द्वारा आयोजित किया जाता है और दुबई कैलेंडर द्वारा समर्थित है। कॉन्सर्ट के लिए टिकट कोका-कोला-एरिना-डॉट-कॉम और प्लेटिनमलिस्ट के माध्यम से उपलब्ध हैं। इस आयोजन के बारे में बात करते हुए, आबिदा परवीन ने कहा, "यूएई के दर्शक हमेशा मेरे प्रति गर्मजोशी से भरे रहे हैं और मैं उनके लिए प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हूं। संगीत ही एकमात्र तरीका है जो लोगों को ठीक करता है और सभी बाधाओं को तोड़ते हुए एक साथ लाता है। मुझे नई यादें बनाने की उम्मीद है। अपने संगीत के माध्यम से पुराने लोगों को संजोता हूं, जिसकी इन पिछले कुछ वर्षों के बाद बहुत जरूरत है।"

# ओटीटी पर डेब्यू करेंगी मलाइका अरोड़ा



बालीवुड अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा ओटीटी पर आने वाले अपने अगले शो 'मूविंग इन विद मलाइका' के साथ अपने व्यक्तित्व का एक नया पक्ष दिखाने को तैयार हैं। यह शो उस अभिनेत्री के वेब शो की शुरूआत को भी चिह्नित करेगा, जिसने टेलीविजन से अपने करियर की शुरूआत की थी। नए शो के साथ, अभिनेत्री अनफिल्टर्ड बातचीत के माध्यम से प्रशंसकों को अपने अतीत, वर्तमान और भविष्य तक पहुंच प्रदान करेंगी। मलाइका ने कहा सबसे लंबे समय तक, दुनिया ने मुझे सोशल मीडिया के चश्मे से देखा है। इस बार मैं कुछ नया करके उत्साहित हूं। इस शो के साथ, मैं अपने बीच की उस बाधा को तोड़ना चाहती हूं। अभिनेत्री ने शो को एक मजेदार शो होने का वादा किया, क्योंकि वह अपने कुछ करीबी परिवार और दोस्तों के साथ अपने दैनिक जीवन का पता लगाने के लिए दर्शकों को अपने साथ ले जाएंगी। अभिनेत्री ने अपने डिजिटल डेब्यू के बारे में हालिया अपडेट के साथ सभी अटकलों पर विराम लगा दिया है।

# 'सलाम वेंकी' का शानदार ट्रेलर रिलीज, माँ -बेटे के प्यार के इर्द-गिर्द घूमती कहानी का भावुक चित्रण





लम्बे समय से चर्चा में बनी हुई अभिनेत्री काजोल की आगामी फिल्म 'सलाम वेंकी' का शानदार और भावुक कर देने वाला ट्रेलर सोमवार को मेकर्स ने जारी कर दिया है। ट्रेलर में अभिनेत्री काजोल, विशाल जेठवा, राहुल बोस, राजीव खंडेलवाल,अहाना कुमरा, प्रकाश राज समेत फिल्म के सभी अहम किरदारों की झलक है। ट्रेलर को काजोल ने सोशल मीडिया पर फैंस के साथ साझा किया है। ट्रेलर की शुरूआत फिल्म में सुजाता नाम की महिला का किरदार निभा रहीं काजोल और उनके बेटे वेंकी (विशाल जेठवा) से होती है। जिसमें वेंकी अपनी माँ से से पूछता है -कहाँ थी तुम? इसके बाद काजोल कहती है ऐसे पूछ रहा है जैसे भाग गई थी किसी के साथ! एक सच्ची कहानी और वास्तविक पात्रों से प्रेरित फिल्म 'सलाम वेंकी का ट्रेलर देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह फिल्म एक अनुकरणीय मां सुजाता और उसके बेटे वेंकी के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसने सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का मुस्कराते हुए सामना किया। फिल्म का निर्देशन दिग्गज अभिनेत्री -निर्देशक रेवती कर रही हैं। ब्लाइव प्रोडक्शंस और टेक 23 स्टूडियो प्रोडक्शन के बैनर तले सूरज सिंह और श्रद्धा अग्रवाल द्वारा निर्मित फिल्म की कहानी समीर अरोड़ा द्वारा लिखी गई है। फिल्म इस साल 9 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

# 'इंडिया लॉकडाउन' में नजर आएंगी साई ताम्हनकर



बालीवुड फिल्म निर्माता मधुर भंडारकर की फिल्म 'इंडिया लॉकडाउन' में काम करने को लेकर एक्ट्रेस साई ताम्हनकर ने कहा कि फिल्म निमार्ता के साथ काम करना किसी भी अभिनेत्री के लिए अपने आप में एक अलग बात है। अभिनेत्री मधुर भंडारकर की 'इंडिया लॉकडाउन' में एक अभिन्न भूमिका निभाती नजर आएंगी। फिल्म का प्रीमियर आईएफएफआई गोवा में होगा। मधुर भंडारकर द्वारा निर्देशित, इंडिया लॉकडाउन सच्ची घटनाओं से प्रेरित है। यह चार समानांतर कहानियों और भारत के लोगों पर महामारी के प्रभावों को दर्शाएगा। फिल्म 2 दिसंबर को जी5 पर डायरेक्ट-टू-डिजिटल रिलीज के लिए तैयार है।अपने अनुभव के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, "पहले तो ऐसा लगा कि मैं सपना देख रही हूं। मधुर सर की फिल्म का हिस्सा बनना किसी भी अभिनेत्री के लिए अपने आप में एक अलग बात है।"मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा है। इतने वर्षों के बाद भी, अभी भी कुछ चीजें हैं जो मैं केवल भारत लॉकडाउन पर काम करते हुए महसूस कर पा रही थी। मैं इस अवसर के लिए सदा आभारी हूं।"

# रणवीर सिंह ने विशिष्ट ऊर्जा नृत्य का प्रदर्शन किया



बॉलीवुड के सबसे अधिक भुगतान पाने वाले अभिनेताओं में से एक रणवीर सिंह ने माराकेच इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के उद्घाटन समारोह में मंच पर अपने एक विशिष्ट ऊर्जा नृत्य का प्रदर्शन किया। रणवीर सिंह ने कहा कि उन्होंने माराकेच की एटोइल ड-ी'ओर ट्रॉफी प्राप्त की, "यह सबसे काला समय है। जब मैं अपने आस-पास की दुनिया को देखता हूं, तो मुझे हर तरह का दर्द और पीड़ा दिखाई देती है। मुझे लगता है कि एक मनोरंजनकर्ता के रूप में मैं जो सबसे अच्छा काम कर सकता हूं, वह लोगों का बोझ हल्का करना है।" आधिकारिक उद्घाटन समारोह में अपनी उपस्थिति के बाद, रणवीर ने संजय लीला भंसाली की 2015 की बहु-पुरस्कार विजेता 18वीं कॉस्ट्यूम ड्रामा बाजीराव मस्तानी की ओपन-एयर स्क्रीनिंग शुरू करने के लिए माराकेच के प्रसिद्ध जेमा एल फना स्क्वायर में हाई-टेल किया, जिसमें अभिनेता की उनकी ब्रेकआउट भूमिकाओं में से एक थी। उन्होंने गली बॉय के रैप नंबर की प्रस्तुति के लिए भीड़ को संभाला और फिर से नृत्य किया।

## सूडोकु नवताल- 6253

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6252 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 7000

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| र | क | ल | ड्री | म | ही | ला | धी | सी | ल | ज |
| र | जि | ल | दे | क्रां | ति | ड | इं | म | ला | ई |
| त | स | म | ल | र्म | छ | रा | रा | औ | म | द |
| ब | ज | ज | हा | पु | र | म | प | र | हा | ब |
| म | गा | म | ग | दे | लं | हा | तू | गी | रा | र्निं |
| स | म | व | श | ह | व | रा | ना | म | णा | ग |
| ते | ज | स | त | हू | प | जा | श | स | ला | ट्रे |
| पे | बू | दा | ई | ह | र | सा | फ | ल | श | न |
| स | र | चे | न | म | हा | न | री | ना | प | रु |
| त्ता | पा | ला | ल | शो | ले | दु | म | ज | दू | र |
| ह | रा | जी | व | गां | धी | रा | क | या | म | त |

*शब्दजाल में 'म' से शुरु होने वाले दस शब्द ढूंढिए. दिये गए शब्द उपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.*

महान,मजबूर,मजदूर,महिला,महाराणा, महादेव,मसलना,मलाई,मशहूर,महाराजा

### शब्दजाल - 6999 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | घा | त | ह | दा | प | र | तू | ग | झ | आ |
| ज | अ | ल | म | आ | त | ता | यी | तें | शा | ई |
| अं | इ | नु | दि | ल | दा | ल | ढ | र | ला | ना |
| आ | कु | अ | ल | बे | ला | क | ई | रि | श | लौ |
| स | मा | श | आ | तं | क | स | अ | ग | वी | ट |
| री | रं | दा | चु | व | लि | आ | वा | ग | म | न |
| आ | गा | ल | के | गा | आ | म | र | कौ | या | ले |
| ग | बा | आ | रा | म | क | रो | प्रे | ग | श | थ |
| म | स | मि | न | व | न | ज | ग्य | शा | जू | द |
| न | र | ल | म | ह | र | औ | के | स | प | ना |
| थो | आ | स | मा | न | हो | ग | या | दु | र | क |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग-5953

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | 6 | | 2 |
| 6 | 34 | | 33 | | 33 | |
| 5 | | 3 | | 7 | | 4 |
| 1 | 22 | | 35 | | 34 | |
| | | 5 | 6 | 2 | | 3 |
| 3 | 30 | | 37 | 5 | 33 | |
| 2 | | 7 | | | 6 | 1 |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 5952 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 2 | 33 | 1 | 34 | 6 | 30 | 5 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 4 | 36 | 2 | 32 | 1 | 23 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |
| 6 | 36 | 6 | 34 | 4 | 31 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# खबरें तलाक की, तस्वीरें साथ-साथ : शोएब ने सानिया को बर्थडे विश किया, तस्वीर पोस्ट की; टॉक शो में भी साथ दिखेंगे

**नई दिल्ली ।**

तलाक की खबरों के बीच पाकिस्तान के क्रिकेटर शोएब मलिक ने सानिया मिर्जा को बर्थडे की बधाई दी है। शोएब ने सानिया के साथ अपनी एक फोटो शेयर कर लिखा, आपको जन्मदिन की बधाई सानिया, आपके स्वस्थ्य और सुखी जीवन की कामना करता हूं। आज के दिन का भरपूर आनंद लें। दो दिन पहले ही यह खबर भी सामने आई है कि ये दोनों पाकिस्तानी चैनल पर एक टॉक शो में नजर आएंगे। इस टॉक शो का नाम द मिर्जा मलिक शो है। हालांकि, इस शो के बारे में शोएब ने 2 मार्च को भी पोस्टर शेयर किया था। सानिया 15 नवंबर को अपना 36वां जन्मदिन मना रही हैं। शोएब की इस पोस्ट से लोगों के मन में सवाल उठ रहा है कि दोनों का वाकई तलाक हो गया है या फिर बात कुछ और है शोएब और सानिया की शादी 2010 में हुई थी। दोनों का एक बेटा इजहान है। उसका जन्म शादी के 10 साल बाद 2018 में हुआ था। 30 अक्टूबर को सानिया और शोएब आखिरी बार बेटे इजहान के जन्मदिन पर साथ नजर आए थे। टेनिस स्टार सानिया मिर्जा और पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब मलिक तलाक की तैयारी कर रहे हैं। ये दावा पाकिस्तान मीडिया कर रहा है। रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि दोनों अलग-अलग रह रहे हैं। रिपोर्ट्स में बस इतना कहा जा रहा है कि शोएब ने अपने एक टीवी शो के दौरान सानिया को धोखा दिया था। हालांकि, इस बारे में और ज्यादा कुछ नहीं लिखा जा रहा है।

सानिया ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी डाली। जिसमें उन्होंने खुद ही सवाल किया, खुद ही जवाब दिया। लिखा- टूटे हुए दिल कहां जाते हैं, खुदा को खोजने के लिए। यह पोस्ट दिखाती है कि सानिया का दिल टूटा है। वो दुखी हैं और इसे जाहिर भी कर रही हैं।

सानिया-मलिक के करीबी दोस्त ने बताया कि इनका ऑफिशियली तलाक हो गया है। कुछ फॉर्मेलिटीज हैं, जो अभी भी बाकी हैं। दोनों अभी अलग-अलग रह रहे हैं। सानिया दुबई में हैं, जबकि मलिक पाकिस्तान में हैं। यह दोस्त उनकी मैनेजमेंट टीम का हिस्सा है। जिसने कहा- मैं दोनों के तलाक की पुष्टि कर सकता हूं, लेकिन इससे ज्यादा कुछ नहीं बोल सकता। सानिया-शोएब जल्द ही पाकिस्तानी चैनल पर एक टॉक शो में नजर आएंगे। इस टॉक शो का नाम द मिर्जा मलिक शो है। पाकिस्तानी चैनल उर्दू फ्लिक्स ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर ये पोस्टर शेयर किया है। उर्दू फ्लिक्स ने कहा कि जल्द ही इस शो का प्रीमियर लाइव होगा। देर रात सानिया के 36वें बर्थडे पर जो तस्वीर शोएब ने पोस्ट की है, वह पुरानी लग रही है। यानी सानिया के बर्थडे पर भी शोएब उनके साथ नहीं हैं। इसलिए दोनों के अलग होने की खबरों पर पूरी तरह विराम भी नहीं लगा है, लेकिन टॉक शो और तस्वीर पोस्ट करने पर ये सवाल कायम है कि दोनों साथ हैं या अलग।

## न्यूज ब्रीफ

### रिपोर्ट में दावा- ऑस्ट्रेलियन ओपन खेलेंगे जोकोविच, पहले 2025 तक ऑस्ट्रेलिया में घुसने पर थी पाबंदी



**मेलबर्न ।** सर्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच अगला ऑस्ट्रेलियन ओपन खेलेंगे। दरअसल, जोकोविच को इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन नहीं खेलने दिया गया था, क्योंकि उन्होंने कोरोना वैक्सीन लगवाने से इनकार कर दिया था। साथ ही जोकोविच के ऑस्ट्रेलिया में एंट्री पर भी रोक लगा दी थी। जोकोविच को 2025 तक ऑस्ट्रेलिया में घुसने की इजाजत नहीं थी। हालांकि, ऑस्ट्रेलियाई मीडिया में छपी रिपोर्ट के मुताबिक जोकोविच जनवरी में होने वाले अगले ऑस्ट्रेलियन ओपन में खेल सकते हैं। स्टेट ब्रॉडकास्टर एबीसी ने कहा कि इमिग्रेशन मिनिस्टर एंड्रयू जाइल्स ने बैन के अपने फैसले को बदल दिया है और अब जोकोविच खेल सकेंगे। हालांकि, इस रिपोर्ट पर इमिग्रेशन मिनिस्ट्री के एक और मंत्री ने कुछ कहने से इनकार कर दिया। ऑस्ट्रेलियन ओपन टूर्नामेंट के डायरेक्टर क्रेग टिले ने इस रिपोर्ट पर कहा कि अगर जोकोविच को वीजा मिलता है तो जनवरी में उनका स्वागत किया जाएगा। टिले ने कहा- टेनिस ऑस्ट्रेलिया अपनी ओर से इस मुद्दे पर कुछ नहीं कह सकता। ऑस्ट्रेलिया ने पिछले साल अपनी धरती पर कदम रखने वाले यात्रियों के लिए कोरोना वैक्सीन जरूरी कर दी थी। हालांकि, जोकोविच ने वैक्सीन लगाने से इनकार कर दिया था। इसके बाद वह ऑस्ट्रेलिया पहुंचे भी थे। वहां उनका वीजा रद्द कर दिया गया था और दो तीन बाद उन्हें वापस लौटने को कहा गया था।

### भारत की मेजबानी के लिए न्यूजीलैंड टीम का ऐलानः गुप्टिल-बोल्ट को जगह नहीं



**वेलिंग्टन।** भारत के खिलाफ टी-20 और वनडे सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीम का ऐलान हो गया है। बड़ी बात यह कि इस टीम में ओपनर मार्टिन गुप्टिल और तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट को जगह नहीं मिली है। तीन मुकाबलों की टी-20 सीरीज का पहला मुकाबला 18 नवंबर को खेला जाएगा। टीम के कोच गैरी स्टीड ने कहा है- बोल्ट-गुप्टिल जैसे एक्सपीरियंस खिलाड़ियों को छोड़ना आसान नहीं था, लेकिन हमें आगे देखना है। कुछ माह पहले जब बोल्ट ने कीवी क्रिकेट के अनुबंध से बाहर निकलने का विकल्प चुना था, तभी हमने संकेत दिया कि केंद्रीय या घरेलू अनुबंध वाले खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी जाएगी। हमने वही किया है। व्हाइट-बॉल के टॉप आर्डर में फिन एलेन की सफलता का मतलब है कि गुप्टिल को बाहर होना होगा। ये दोनों टीमें ऑस्ट्रेलिया में खेले गए टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल राउंड से हारकर बाहर हो गई थीं। न्यूजीलैंड को पाकिस्तान ने 7 विकेट, तो भारत को इंग्लैंड ने 10 विकेट से हराकर बाहर का रास्ता दिया था। फाइनल में इंग्लैंड ने पाकिस्तान को 5 विकेट की शिकस्त की। केन विलियम्सन की कप्तानी वाली टीम से बोल्ट का बाहर होना थोड़ा चौंकाता है, क्योंकि बोल्ट वहां की पिचों में अपनी गति और स्विंग से भारतियों को परेशान कर सकते हैं। टिम साउदी दोनों टीमों में जगह बनाने में कामयाब रहे। मिल्ने 2017 के बाद पहली बार वनडे खेलते दिखेंगे। हालांकि, वे टी20 खेलते रहे हैं। वे ट्राइ सीरीज और टी20 वर्ल्ड कप में टीम का हिस्सा थे।

### मूलभूत सुविधाएं न मिलने से आगे नहीं बढ़ पा रहे भारतीय खिलाड़ीः आंचल

**नई दिल्ली ।** अंतरराष्ट्रीय स्कीइंग खिलाड़ी आंचल ठाकुर ने कहा कि मूलभूत सुविधाएं न मिलने के कारण भारतीय खिलाड़ी आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। दुबई से चार रजत पदक ले कर लौटी आंचल का मनाली पहुंचने पर परिजनों द्वारा स्वागत किया गया। आंचल ठाकुर ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बर्फ पड़ने के चलते भारत के पास बहुत अच्छे स्की स्लोप हैं। लेकिन सरकारें इस ओर ध्यान नहीं देती। उन्होंने कहा कि भारत को दुबई जैसे देश से सीखने की है जरूरत है। दुबई में बनावटी (कृत्रिम) स्कीइंग स्लोप बनाए गए हैं और मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अगर भारत सरकार इस ओर ध्यान देती है तो खिलाड़ियों की प्रतिभा में निखार आएगा। आंचल ठाकुर ने कहा कि इससे पहले उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कांस्य पदक जीता था और अब चार रजत पदक जीते हैं। अगला लक्ष्य अब देश के लिए स्वर्ण पदक जीतना है। आंचल ने कहा कि गांव से निकलकर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बनी है। सरकार की ओर से कोई सहायता न मिलने से सफर मुश्किल था लेकिन परिवार से मिले सहयोग से इस मुकाम तक पहुंची हूँ। उन्होंने कहा कि उनका अगला लक्ष्य फ़रवरी महीने में फ्रांस में होने न रहे वर्ल्ड स्कीइंग चैम्पियशिप में शीर्ष 30 में स्थान बनाना है।

## इंग्लैंड के 11 खिलाड़ी 18 के बराबर

# 7 खिलाड़ियों का रोल एक से ज्यादा टीम इंडिया में सिर्फ 2 ऑलराउंडर

**नई दिल्ली ।**

इंग्लैंड 2022 टी-20 वर्ल्ड कप की चैंपियन रही। क्रिकेटिंग वर्ल्ड ने देखा कि कैसे जोस बटलर की कप्तानी वाली टीम ने फियरलेस और एग्रेसिव क्रिकेट खेलकर पाकिस्तान और भारत जैसी मजबूत टीमों को हराया। सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले में इंग्लैंड के भले ही 11 खिलाड़ी मैदान पर उतरे थे, लेकिन वो 18 खिलाड़ियों के बराबर थे। टीम के 7 खिलाड़ी ऐसे थे जिनके रोल एक से ज्यादा थे। इस स्टोरी में हम जानेंगे कि कैसे और क्यों इंग्लैंड की टीम इस तरह की क्रिकेट खेल पा रही है



**7 साल पहले मिली हार से सबक सीखा** - 2015 का ओडीआई वर्ल्ड कप ऑस्ट्रेलिया में खेला गया था। इंग्लैंड इस वर्ल्ड कप के पहले ही राउंड में बाहर हो गई थी। इसके बाद इस टीम का कायापलट हो गया। ये टीम 2015 के बाद से 2 बार वर्ल्ड चैंपियन बन चुकी है। 2015 में इस टीम के कप्तान थे ऑयन मॉर्गन। इसी दौरान इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने अपनी टीम को नया रूप देने की बात ठानी। मॉर्गन और इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड की ये मुहिम रंग लाई और 2016 में भारत में खेले गए टी-20 विश्वकप में इंग्लैंड ने फाइनल में कदम रखा। उस वक्त वह जीत तो हासिल नहीं कर पाई, लेकिन फाइनल जरूर खेला। 2017 में खेली गई चैंपियंस ट्रॉफी में टीम सेमीफाइनल तक पहुंची। इसके बाद 2019 में इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को हराकर पहली बार वनडे वर्ल्ड कप जीता। इस सफर में इंग्लैंड की टीम पूरी तरह बदल गई। टीम के पास 5 से ज्यादा ऐसे खिलाड़ी थे, जो बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों कर सकते थे। 2022 का वर्ल्ड कप शुरू होने से पहले टीम की फॉर्म कोई खास नहीं थी। आयरलैंड के खिलाफ टीम को हार भी मिली, लेकिन फिर जो वापसी हुई उसे दुनिया ने देखा।

**अब जानते हैं इंग्लैंड कैसे एग्रेसिव क्रिकेट खेल पाती है** - इंग्लैंड की टीम एग्रेसिव क्रिकेट इसलिए खेल पा रही है, क्योंकि उनके खिलाड़ियों को भरोसा होता है कि टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में ज्यादा विकल्प हैं। एक छोटे से उदाहरण से समझिए। इंग्लैंड के पास इस वर्ल्ड कप में जोस बटलर और एलेक्स हेल्स के रूप में दोनों एग्रेसिव ओपनर थे। दोनों पावर-प्ले में बड़े-बड़े शॉट लगाते हैं। शुरुआती 6 ओवर में ही 60 से 70 रन बना लेते हैं। पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल में हेल्स के आउट होने के बाद भी जोस बटलर ने 17 बॉल में 26 रन बनाए। दोनों ओपनर के आउट होने के बाद आने वाले बल्लेबाज फिल सॉल्ट, बेन स्टोक्स, हैरी ब्रूक, लियाम लिविंगस्टोन, मोईन अली, क्रिस वोक्स और सैम करन हैं। ये सभी बड़े शॉट खेलने में माहिर और काबिल हैं। इंग्लैंड के खिलाड़ी इसीलिए एग्रेसिव और बिना डर के खेलते हैं। भारत और पाकिस्तान की टीम में ऐसा नहीं है। वर्ल्ड कप में इंडियन और पाकिस्तान के ओपनर डिफेंसिव दिखे। इंग्लैंड के खिलाफ टीम इंडिया ने सेमीफाइनल के पावरप्ले में सिर्फ 38 बनाए थे। पूरे वर्ल्ड कप में भारतीय ओपनर्स ने पावरप्ले में 100 से भी कम के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। रोहित शर्मा ने पावरप्ले में करीब 95 तो लोकेश राहुल ने लगभग 90 के स्ट्राइक रेट से स्कोर किया। सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या को छोड़ दें तो भारतीय टीम में 150 से ज्यादा स्ट्राइक रेट और पहली ही बॉल से फियरलेस क्रिकेट खेलने वाला एक भी बल्लेबाज नजर नहीं आता। पाकिस्तान के साथ भी कुछ ऐसा ही है। बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान, इफ्तिखार अहमद और शान मसूद। ये सभी पहली बॉल से बड़े शॉट नहीं लगा पाते। उन्हें पिच पर नजरें जमाने के लिए 10 बॉल से ज्यादा की जरूरत होती है। यहीं दोनों टीमें इंग्लैंड से मात खा जाती हैं।

**बॉलिंग में भी यही दिक्कत** - इंग्लैंड के पास बेन स्टोक्स, लियाम लिविंगस्टोन, मोईन अली, क्रिस वोक्स, सैम करन, क्रिस जॉर्डन और आदिल रशीद के रूप में 7 बॉलिंग ऑप्शन थे। वहीं, भारत और पाकिस्तान के पास ऐसा नहीं था। ये दोनों टीमें 5 से 6 बॉलिंग ऑप्शन के साथ आई थीं।

**पूर्व क्रिकेटर भी यही चाहते हैं** - टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और कोच अनिल कुंबले ने इस बारे में एक चैनल पर अपनी बात रखी है। कुंबले ने कहा- टी-20 वर्ल्ड कप की इस बार की विजेता और पिछले बार की विजेता ऑस्ट्रेलिया टीम को देखें तो दोनों ही टीमों में ऑलराउंडर्स की कमी नहीं है। इंग्लैंड टीम में 7वें नंबर पर लियाम लिविंगस्टोन बल्लेबजी करने आते हैं तो ऑस्ट्रेलिया में मार्कस स्टोइनिस छठे नंबर पर बल्लेबाजी करते के लिए आते हैं। इस वर्ल्ड कप में छोटी-छोटी टीमों ने कई उलटफेर किए। सबसे बड़ा उलटफेर जिम्बाब्वे का था जिसने पाकिस्तान को हराया। इस मैच में भी ऐसे खिलाड़ी ने मैच बदला जो बल्लेबाजी के साथ गेंदबाजी भी करता है। मैच में सिकंदर रजा प्लेयर ऑफ द मैच थे। उन्होंने 4 ओवर में 25 रन देकर 3 विकेट झटके। रजा ने 66 मैच में 1259 रन बनाए हैं। इसके साथ ही उन्होंने 36 विकेट भी झटके हैं।

## धोनी की वापसी संभव

# बीसीसीआई का प्लान- धोनी फियरलेस स्किल्स सिखाएं, मकसद- टी-20 टीम आक्रामक बने



**नई दिल्ली ।**

बीसीसीआई बिना वर्ल्ड कप खिताब के देश लौटी टी-20 टीम को बदलने की योजना बना रहा है। बोर्ड की योजना में 2007 का खिताब जिताने वाले महेंद्र सिंह धोनी का भी रोल है। बोर्ड टी-20 टीम को आक्रामक बनाने के लिए धोनी को फिर टीम से जोड़ सकता है। बोर्ड टी-20 वर्ल्ड कप 2022 में भी धोनी को मेंटोर के तौर पर टीम के साथ भेज चुका है। द टेलीग्राफ की रिपोर्ट में ये दावा किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई इंग्लैंड की तरह फियरलेस क्रिकेट खेलने वाली टीम बनाना चाहता है। इसमें वो धोनी की एक्सपर्ट स्किल्स की मदद लेने पर विचार कर रहा है और जल्द ही फैसला भी लेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, धोनी को बीसीसीआई बड़ी जिम्मेदारी सौंप सकता है। उन्हें लिमिटेड ओवर यानी टी-20 और वनडे के लिए कोच या डायरेक्टर भी बनाया जा सकता है। टीम इंडिया ने 1983 में कपिल देव की कप्तानी में पहली बार वनडे वर्ल्ड कप जीता था। इसके बाद धोनी की कप्तानी में 2011 में यह खिताब हमारे देश के पास आया। इसके अलावा पहला टी-20 वर्ल्ड कप भी धोनी की कप्तानी में ही जीता गया था। एमएस ने 15 अगस्त 2020 को वनडे और टी-20 से संन्यास ले लिया था। उन्होंने 30 दिसंबर 2014 को ऑस्ट्रेलिया में आखिरी टेस्ट खेलकर इस फॉर्मेट से भी संन्यास का ऐलान किया था। बीसीसीआई इंग्लैंड की तर्ज पर लिमिटेड ओवर और टेस्ट की अलग-अलग टीम बनाने पर विचार कर रहा है। इतना ही नहीं, इन टीमें के लिए अलग-अलग कोचिंग स्टाफ भी अपॉइंट किया जा सकता है। अलग कोच पर इस महीने होने वाली मीटिंग में फैसला लिया जा सकता है। बीसीसीआई के सोर्स पहले भी कह चुके हैं कि 2 साल बाद जून 2024 में होने वाले वर्ल्ड कप को लेकर बदलाव हो सकता है।

# दिग्गज महिला मुक्केबाज मैरीकॉम एथलीट कमिशन की अध्यक्ष बनीं, शरत कमल उपाध्यक्ष

**नई दिल्ली ।**



भारतीय ओलंपिक संघ ने दिग्गज महिला मुक्केबाज मैरीकॉम को एथलीट्स कमिशन का अध्यक्ष चुना है। सर्वसम्मति से इस पद के लिए चुनी गईं। वहीं, राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंत शरत कमल उपाध्यक्ष चुने गए। मैरीकॉम आठ बार की वर्ल्ड चैंपियनशिप मेडलिस्ट रह चुकी हैं। वह वर्ल्ड चैंपियनशिप में छह बार (2002, 2005, 2006, 2008, 2010, 2018) स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। वहीं, 2012 लंदन ओलंपिक में मैरीकॉम ने कांस्य पदक जीता था। मैरीकॉम दो बार की एशियन गेम्स मेडलिस्ट भी रह चुकी हैं। 2014 इंचियोन एशियन गेम्स में मैरीकॉम ने स्वर्ण और 2010 ग्वांग्झू एशियन गेम्स में कांस्य जीता था। वह 2018 कॉमनवेल्थ गेम्स में स्वर्ण पदक भी जीत चुकी हैं। वहीं, शरत राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के सबसे सफल एथलीट्स के मामले में तीसरे स्थान पर हैं। उनसे ज्यादा सिर्फ जसपाल राणा (शूटिंग) और समरेश जंग (शूटिंग) ने पदक जीते हैं। जसपाल के नाम राष्ट्रमंडल खेलों में 15 पदक (9 स्वर्ण) और समरेश के नाम 14 पदक (7 स्वर्ण) हैं। शरत राष्ट्रमंडल खेलों में कुल सात स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में तीन स्वर्ण के अलावा शरत ने 2006 में मेन्स सिंगल्स और मेन्स टीम इवेंट में स्वर्ण, 2010 में मेन्स डबल्स में स्वर्ण और 2018 में मेन्स टीम इवेंट में स्वर्ण जीता था। इसके अलावा वह 2010 में दो कांस्य, 2014 और 2018 में एक-एक रजत और 2022 में एक रजत जीत चुके हैं। शरत ने राष्ट्रमंडल खेलों में कुल 13 पदक जीते हैं। राष्ट्रमंडल खेलों के अलावा शरत एशियन गेम्स में दो पदक जीत चुके हैं। 2018 में जकार्ता एशियन गेम्स में मेन्स टीम और मिक्स्ड डबल्स इवेंट में शरत कमल ने कांस्य जीता था। इसके अलावा वह एशियन चैंपियनशिप्स में दो कांस्य भी जीत चुके हैं।

# शुभमन गिल ने अफेयर की खबर पर तोड़ी चुप्पी : सारा अली खान को डेट करने के सवाल पर बोले- शायद हां, सारा दा सारा सच बोल दिया

**नई दिल्ली ।**

बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान इन दिनों क्रिकेटर शुभमन गिल के साथ अपने नजदीकियों की वजह से सुर्खियों में हैं। दोनों को अक्सर साथ में स्पॉट किया जाता है। अब एक चैट शो के दौरान शुभमन ने सारा के साथ अफेयर की खबरों पर रिएक्ट किया है।

**सारा दा सारा सच बोल दिया** - पॉपुलर पंजाबी चैट शो दिल दीयां गल्लां में शुभमन से पूछा गया, बॉलीवुड की सबसे फिट फीमेल एक्ट्रेस कौन है शुभमन ने तुरंत सारा का नाम लिया। फिर उनसे पूछा गया, क्या वो सारा को डेट कर रहे हैं इस पर शुभमन ने कहा, शायद। उसके बाद जब शुभमन से पूछा गया, सारा का सारा सच बताइए। तो क्रिकेटर ने शरमाते हुए कहा, सारा दा सारा सच बोल दिया। शायद हां, शायद नहीं।



**दोनों को फ्लाइट में किया गया था स्पॉट** - सारा और शुभमन को अक्सर साथ में स्पॉट किया जाता है। हाल ही में दोनों का एक वीडियो सामने आया था, जिसमें सारा फ्लाइट में कुछ फैंस के साथ सेल्फी लेती हुई नजर आ रही थीं। सारा के बगल वाली सीट पर शुभमन दिख रहे थे। वहीं कुछ दिन पहले उन्हें मुंबई के एक रेस्टोरेंट में डिनर करते देखा गया था। इसके अलावा उन्हें दिल्ली के एक होटल के बाहर भी स्पॉट किया गया था।

**सारा कर चुकी हैं कार्तिक आर्यन को डेट** - सारा और शुभमन के फैंस अब इस इंतजार में हैं कि दोनों अपने डेटिंग की बात को कब ऑफिशियल करेंगे। सारा अली खान इससे पहले कार्तिक आर्यन को डेट कर चुकी हैं। वहीं शुभमन का नाम सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर के साथ जुड़ चुका है। हालांकि, दोनों को कभी पब्लिक में साथ स्पॉट नहीं किया गया और न ही दोनों ने कभी भी डेटिंग की खबरों को कंफर्म नहीं किया है। दोनों केवल सोशल मीडिया पर एक-दूसरे की फोटोज पर कमेंट करते दिखते थे।

# सैम बिलिंग के बाद पैट कमिंग भी आईपीएल से हटेः मिनी ऑक्शन में उतर सकते हैं स्टोक्स

**मुंबई ।**

आईपीएल से विदेशी खिलाड़ियों का मोहभंग होता जा रहा है। इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज सैम बिलिंग के बाद अब ऑस्ट्रेलियाई के तेज गेंदबाज पैट कमिंग ने भारतीय लीग से नाम वापस ले लिया है। 29 साल के ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज ने पैक इंटरनेशनल कैलेंडर का हवाला दिया है। दूसरी ओर, इंग्लैंड को टी-20 वर्ल्ड कप जिताने वाले बेन स्टोक्स मिनी ऑक्शन में उतर सकते हैं। उन पर कई फ्रेंचाइजी की नजर है। मिनी ऑक्शन में उन्हें बड़ी राशि मिलने की उम्मीद है। आईपीएल-2023 की मिनी ऑक्शन के लिए रिटेन और रिलीज खिलाड़ियों की लिस्ट देने की आखिरी तारीख है। एक दिन पहले सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलने वाले इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज सैम बिलिंग्स ने आईपीएल के अगले सीजन से नाम वापस ले लिया था।

**ठाकुर को कोलकाता ने ट्रेड किया** - दिल्ली कैपिटल्स से खेलने वाले शार्दूल ठाकुर को कोलकाता ने अपने साथ जोड़ लिया। दिल्ली ने उन्हें रिलीज कर दिया था। तब से उन पर कई टीमों की नजरें थी।

**3 खिलाड़ी कोलकाता से जुड़े** - ऑक्शन से पहले कोलकाता ने अब तक 3 खिलाड़ियों को अपने साथ जोड़ लिया है। शार्दूल से पहले कोलकाता ने डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्युसन और रहमानुल्लाह गुरबाज को भी टीम में जगह दी है। शार्दूल अब तक 75 मैच में 82 विकेट ले चुके हैं।

**चेन्नई से खेल सकते हैं जडेजा** - चेन्नई के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी चाहते हैं कि रवींद्र जडेजा टीम के साथ रहें, लेकिन फ्रेंचाइजी इस पर पूरी तरह सहमत नहीं थी। फिर भी उसने अपने कप्तान की बात मान ली है।

**चेन्नई सपुर किंग्स**

**रिटेन :** एमएस धोनी, रवींद्र जडेजा, मोईन अली, शिवम दुबे, ऋतुराज गायकवाड़, डेवन कॉन्वे, मुकेश चौधरी, ड्वेन प्रिटोरियस और दीपक चाहर।

**रिलीज :** क्रिस जॉर्डन, एडम मिल्ने, नारायाण जगदीशन, मिचेल सैंटनर।

**मुंबई इंडियंस**

**रिटेन :** रोहित शर्मा, डेवाल्ड ब्रेविस, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, डेनियल सैम्स, टिम डेविड, जोफ्रा आर्चर, जसप्रीत बुमराह, ट्रिस्टन स्टब्स, तिलक वर्मा।




**रिलीज :** फाबियान एलन, कायरन पोलार्ड, टिमल मिल्स, मयंक मार्कंडे, ऋतिक शौकिन।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू**

**रिटेन :** विराट कोहली, ग्लेन मैक्सवेल, फाफ डु प्लेसी, वानिंदु हसारंगा, दिनेश कार्तिक, मोहम्मद सिराज, हर्षल पटेल, शाहबाज अहमद, रजत पाटीदार।

**रिलीज :** सिद्धार्थ कौल, कर्ण शर्मा, डेविड विली, आकाश दीप।

**गुजरात टाइटंस**

**रिटेन :** हार्दिक पंड्या, डेविड मिलर, शुभमन गिल, अभिनव मनोहर, ऋद्धिमान साहा, राशिद खान, मोहम्मद शमी, राहुल तेवतिया।

**रिलीज :** मैथ्यू वेड, विजय शंकर, गुरकीरत मान सिंह, जयंत यादव, प्रदीप सांगवान, नूर अहमद, साई किशोर, वरुण एरॉन।

**दिल्ली कैपिटल्स**

**रिटेन :** ऋषभ पंत, डेविड वॉर्नर, पृथ्वी शॉ, रोवमैन पावेल, अक्षर पटेल, मिचेल मार्श, सरफराज खान, एनरिक नॉर्खिया, कुलदीप यादव।

**रिलीज :** शार्दूल ठाकुर, टिम सेफर्ट, केएस भरत, मनदीप सिंह, अश्विन हेबर।

**कोलकाता नाइट राइडर्स**

**रिटेन :** श्रेयस अय्यर, सुनील नरेन, आंद्रे रसेल, वरुण चक्रवर्ती, पैट कमिंस, नीतीश राणा, शेल्डन जैक्सन, रिंकू सिंह, उमेश यादव।

**रिलीज :** शिवम मावी, मोहम्मद नबी, चामिका करुणारत्ने, रमेश कुमार, एरॉन फिंच, अजिंक्य रहाणे।

**राजस्थान रॉयल्स**

**रिटेन :** संजू सैमसन, जॉस बटलर, यशस्वी जायसवाल, रविचंद्रन अश्विन, युजवेंद्र चहल, शिमरॉन हेटमायर, ट्रेंट बोल्ट, जेम्स नीशम, प्रसिद्ध कृष्णा, ओबेड मैक्कॉय।

**रिलीज :** नवदीप सैनी, डार्ली मिचेल, रासी वान डर डुसैं, कोर्बिन बॉश।

**लखनऊ सुपर जाएंट्स**

**रिटेन :** केएल राहुल, क्विंटन डिकॉक, मोहसिन खान, रवि बिश्नोई, आयुश बडोनी, दीपक हुड्डा, क्रुणाल पंड्या, काइल मायेर्स, मार्कस स्टोइनिस, आवेश खान, दुश्मंथा चामीरा, कॉष्णाप्पा गौतम।

**रिलीज :** मनीष पांडे, एंड्रयू टाय, जेसन होल्डर, अंकित राजपूत, एविन लुइस।

**पंजाब किंग्स**

**रिटेन :** शिखर धवन, जितेश शर्मा, अर्शदीप सिंह, जॉनी बेयरस्टो, लियाम लिविंगस्टन, भानुका राजपक्षे, कगिसो रबाडा, राहुल चाहर।

**रिलीज :** मयंक अग्रवाल, शाहरुख खान, ओडियन स्मिथ, ईशान पोरेल, बेनी होवेल, बलतेज ढांडा।

# अभिनेता सुनील शेंडे के निधन से फिल्म इंडस्ट्री में शोक



दिग्गज अभिनेता सुनील शेंडे का निधन हो गया है। सोमवार को उन्होंने अपने मुंबई स्थित घर पर अंतिम सांस ली। सुनील 75 साल के थे। उन्होंने कई टीवी सीरियल और फिल्मों में अहम रोल निभाए। हिंदी और मराठी फिल्मों के जाने-माने अभिनेता सुनील शेंडे का निधन हो गया है। सोमवार को उन्होंने अपने मुंबई स्थित घर पर अंतिम सांस ली। सुनील 75 साल के थे। वह अपने पीछे पत्नी ज्योति, दो बेटों ओंकार, ऋषिकेश, बहू और पोते को पीछे छोड़ गए हैं। सुनील शेंडे ने टीवी सीरियल *सर्कस* में काम किया। सीरियल में वह शाहरुख खान द्वारा निभाए गए किरदार के बाबू जी बने थे। इसके अलावा उन्होंने दूरदर्शन के कई सीरियल में काम किया। सुनील शेंडे अपने घर पर थे और उन्हें चक्कर आया। बताया जा रहा है कि शरीर में आतंरिक रक्तस्राव की वजह से उनकी मौत हो गई। रात करीब एक बजे उन्होंने अपने विलेपार्ले स्थित आवास पर दम तोड़ दिया। सोमवार को दोपहर एक बजे उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। अभिनेता राजेश तैलंग ने सुनील के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने ट्विटर पर लिखा कि अच्छे कलाकार और एक अच्छे इंसान... श्री सुनील शेंडे अब नहीं रहे। मैं भाग्यशाली था कि उनके साथ सीरियल शांति में काम करने का मौका मिला। मैं उनका बेटा बना था। बाबूजी श्रद्धांजलि। सुनील शेंडे ने फिल्म *गांधी* से इंडस्ट्री में डेब्यू किया। इसमें वह एक डाकू की भूमिका में थे। सुनील शेंडे ने 80 और 90 के दशक में कई फिल्मों में अहम रोल निभाए। उनकी मुख्य फिल्मों में *सरफरोश, गुनाह, खलनायक* सहित अन्य है। उनके दमदार व्यक्तित्व की वजह से उन्हें ज्यादातर पुलिस और नेताओं की भूमिकाएं मिलीं। पिछले कुछ दिनों से वह इंडस्ट्री से दूर थे।

# एक्ट्रेसेस के खूबसूरत ब्राइडल लुक्स से इंस्पिरेशन ले सकती है होने वाली दुल्हन



शादी का दिन हर लड़की के लिए खास होता है। इस स्पेशल दिन को यादगार बनाने के लिए हर लड़की खूबसूरत आउटफिट को पहनने के साथ एक प्यारा सा लुक क्रिएट करती है। इस दिन के लिए हर कोई अपनी चॉइस से लहंगा और जूलरी पसंद करता है। लेकिन इसी के साथ अगर खास लुक क्रिएट करने के लिए कुछ रेफरेंस मिल जाए तो काम आसान हो जाता है। अंकिता लोखंडे बीते साल विक्की जैन के साथ शादी के बंधन में बंधी थी। इस दौरान एक्ट्रेस ने बेहद खूबसूरत गोल्डन रंग के लहंगे को कैरी किया था। अंकिता लोखंडे ने शादी में ऑल-गोल्डन लुक का खूबसूरत लहंगा पहना था जिसके साथ एक्ट्रेस ने डबल चुन्नी पेयर की थी। इस लहंगे में दिवा ने हाफ स्लीव्स राउंड नेक ब्लाउज पहना है। जिसे हर तरफ अलंकृत किया गया था और एक हाई वेस्ट लहंगे पहना था। ब्लाउज एक मनके वाले स्कैलप्ड ब्लाउज के साथ था जिसमें डोरी कढ़ाई थी। इतने हैली लहंगे के साथ एक्ट्रेस ने अपने लुक को काफी सिंपल रखा था। एक्ट्रेस को सेलिब्रिटी स्टाइलिस्ट अनाइता श्रॉफ अदजानिया और अक्षय त्यागी ने स्टाइल किया था। एक्ट्रेस के लहंगे में एक आइकॉनिक सब्या-स्टाइल प्लंजिंग नेकलाइन वाला ब्लाउज था। इसी के साथ लहंगे में मटका सिल्क के साथ महीन टिल्ला वर्क और वेलवेट में भारी कढ़ाई वाला जरदोजी बॉर्डर था। एक्ट्रेस ने शादी के लिए लाल लहंगे में शाही पंजाबी दुल्हन लग रही थीं। इसी के साथ एक्ट्रेस ने डिजाइनर की ज्वैलरी पहनी थी। लुक में 22 कैरेट गोल्ड में अनकट डायमंड्स के साथ एक भारी हार, मैचिंग झुमका झुमकों और चूड़ियों के साथ उनके लुक को बेहतरीन बनाया था। इसी के साथ उन्होंने लाल चूड़ा और सोने के कस्टम-मेड कलीरे भी पहने थे। कैट के गहनों में एक डबल मांग टिक्का और डिजाइनर का स्टेटमेंट नथ इस काफी हद तक राजस्थानी लुक बना रहा था। मौनी रॉय ने अपनी वेडिंग डे के दो लुक्स को शेयर किया था। पहले लुक में एक्ट्रेस ने सफेद रेशम की साड़ी में एक शानदार दक्षिण भारतीय दुल्हन का लुक क्रिएट किया था। इसमें एक पारंपरिक लाल और सुनहरे रंग का बॉर्डर था, जो एक शाही लुक जोड़ रहा था। मौनी ने अपने इस वेडिंग लुक को हैवी टेंपल ज्वैलरी के साथ पूरा किया। एक्ट्रेस की इस जूलरी को लोगों ने खूब पसंद किया था। दूसरे लुक में एक्ट्रेस ने पारंपरिक बंगाली ब्राइडल लुक को लाल लहंगे में क्रिएट किया था। लहंगे पर भारी सोने की कढ़ाई थी। उन्होंने डबल दुपट्टा कैरी किया था। इस लुक को एक्ट्रेस ने पोल्की और पन्ने के गहनों के साथ पूरा किया था। पत्रलेखा पॉल ने अपनी वेडिंग के लिए एक पारंपरिक लुक चुना था। उनके आउटफिट को डिजाइनर सब्यसाची मुखर्जी ने डिजाइन किया था। एक्ट्रेस ने एक सुंदर लाल सब्यसाची साड़ी पहनी थी, जिसे उन्होंने घूंघट के रूप में लाल दुपट्टे के साथ पेयर किया था। दुपट्टे के बॉर्डर पर कढ़ाई की गई थी और उसपर बंगाली में एक सुंदर मेसेज लिखा था। उन्होंने अपने लुक को स्टोन जड़ति माथा मैटी और हैवी चोकर और ईयररिंग सेट से एक्सेसराइज किया।

# ग्रीन साड़ी पहन उर्वशी रौतेला ने बिखेरे जलवे



उन एक्ट्रेसेज में से एक हैं, जो अपनी फिल्मों से ज्यादा अपनी खूबसूरती के लिए जानी जाती हैं। अभिनेत्री अपने दिलकश अंदाज से अक्सर फैंस का दिल जीतती रहती हैं। इस बार भी कुछ ऐसा ही हुआ है। उर्वशी ने हाल ही में अपनी कुछ लेटेस्ट तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट की है, जो काफी धमाल मचा रही हैं। उर्वशी रौतेला की इन लेटेस्ट तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि ग्रीन कलर की साड़ी में बला की खूबसूरती लग रही हैं। अपने लुक को साइड पार्ट हेयर स्टाइल मिनिमल मेकअप और मैचिंग ईयररिंग से साथ कंप्लीट किया है। इन तस्वीरों पर फैंस जमकर कमेंट कर रहे हैं। सिर्फ देश ही नहीं बल्कि दुनिया भर में उर्वशी रौतेला की खूबसूरती का जादू चल रहा है। उर्वशी की इस तस्वीर से उनके फैंस के लिए नजरें हटाना मुश्किल हो रहा है। इंडियन हो या वेस्टर्न, उर्वशी रौतेला अपने हर स्टाइलिश लुक से फैंस के होश उड़ा देती हैं। हाल ही में उर्वशी ने रेड ड्रेस में अपनी फोटोज पोस्ट की थी, जिसमे वह बिल्कुल बॉर्बी डॉल की तरह नजर आई थी। रेड कलर की ऑफ शोल्डर शॉर्ट ड्रेस में उर्वशी बेहद खूबसूरत और गॉर्जियस दिखी थी।

# मौत के मुंह से लौटकर आए मरीजों का अनुभव



दिल का दौरा पड़ने के बाद कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन देकर बचाए गए हर पांच में से एक व्यक्ति को मौत का करीबी अनुभव होता है। इस दौरान पीड़ित को एहसास होता है कि वह शरीर से अलग होकर दूर जा रहा है। उसकी आंखों के सामने पूरी जिंदगी रील की तरह घूमने लगती है। यह खुलासा न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी के ग्रोसमैन स्कूल ऑफ मेडिसिन के रिसर्चर्स ने एक हालिया स्टडी में किया है। इसमें शामिल लोगों ने बताया कि हार्ट अटैक के बाद सीपीआर के दौरान उन्हें कभी न होने वाले अनुभव हुए। आगे पढ़िए रिसर्च कैसे हुई, मरीजों के अनुभव क्या रहे और वैज्ञानिकों ने क्या नतीजे निकाले। इससे पहले आप हमारे पोल में हिस्सा ले सकते हैं... 2017 से 2020 तक पहली बार इस तरह की स्टडी की गई, जिसमें 567 मरीजों को शामिल किया गया। इन लोगों को धड़कन रुकने के बाद सीपीआर देकर बचाया गया था। सभी मरीज अमेरिका और इंग्लैंड के अस्पतालों में भर्ती थे। रिसर्च में शामिल कई लोगों ने बताया कि सीपीआर के दौरान उनकी आंखों की रोशनी स्पष्ट थी और उन्हें सब कुछ रंगीन और चमकीला दिखाई देने लगा था। ऊंचाई से गिरने, जानलेवा हमले और धमाके के दौरान भी मौत के करीबी अनुभव होते हैं। रिसर्च में शामिल एक व्यक्ति ने बताया कि सीपीआर देने पर वह एक अंधेरी जगह में चला गया, लेकिन उसे डर नहीं लग रहा था। वहां बहुत शांति थी। फिर उसकी आंखों के सामने पूरी जिंदगी थ्री-डी फिल्म की तरह चलने लगी। बचपन से लेकर जवानी तक का घटनाक्रम साफतौर पर सामने आया। मरीजों पर हुए ब्रेन स्कैन में यह बात सामने आई कि सीपीआर देते समय मरीजों के दिमाग की गतिविधियां भी बढ़ गई थीं। एक घंटे तक उनके दिमाग से गामा, डेल्टा, थीटा, अल्फा और बीटा तरंगें निकल रही थीं। ब्रेन से यह तरंगें तब निकलती हैं, जब व्यक्ति होश में होता है और सोच रहा होता है। मगर कार्डिएक अरेस्ट में सीपीआर के दौरान पहली बार इन्हें एक्टिव पाया गया। मेडिकल फील्ड में हमेशा से ही यह माना जाता है कि कार्डिएक अरेस्ट की स्थिति में मरीज बेहोश हो जाते हैं। मगर यह स्टडी कुछ और ही साबित कर रही है। एक्सपर्ट्स के अनुसार, यह जानना जरूरी है कि क्या सीपीआर के दौरान मरीजों को आसपास की चीजों के बारे में जानकारी थी। इसके लिए तबीयत ठीक होने के बाद मरीजों की काउंसिलिंग जरूरी है। सीपीआर का फुलफॉर्म कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन है। यह एक लाइफ सेविंग टेक्नीक है, जिसका इस्तेमाल हार्ट अटैक (दिल का दौरा) के दौरान किया जाता है। अगर किसी इंसान के दिल की धड़कनें बंद हो जाएं तो घर से अस्पताल जाने के दौरान सीपीआर लाइफ सेविंग का काम करता है।

# नासा के मून मिशन को लांच करने की तीसरी कोशिश



लगभग डेढ़ महीने बाद अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा अपने मून मिशन *आर्टेमिस-1* को फिर से लांच करने की तैयारी कर रही है। लांचिंग 16 नवंबर को सुबह 11.34 से दोपहर 1.34 बजे के बीच फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से होगी। यह नासा की तीसरी कोशिश है। इससे पहले 29 अगस्त और 3 सितंबर को भी रॉकेट लांच करने का प्रयास किया गया था, लेकिन तकनीकी खराबी के चलते इसे टाल दिया गया था। रविवार को प्रेस ब्रीफिंग में आर्टेमिस मिशन मैनेजर माइक सैराफिन ने कहा कि हाल ही में फ्लोरिडा में आए निकोल तूफान ने स्पेसक्राफ्ट के एक पार्ट को ढीला कर दिया है। इसकी वजह से लिफ्ट ऑफ के वक्त दिक्कत जा सकती है। इसलिए हमारी टीम इस प्रॉब्लम को रिव्यू कर रही है। यदि किसी कारण 16 नवंबर को रॉकेट लांच नहीं होता है, तो नई तारीख 19 या 25 नवंबर हो सकती है। नासा का *स्पेस लांच सिस्टम मेगारॉकेट* और ओरियन क्रू कैप्सूल चंद्रमा पर पहुंचेंगे। आमतौर पर क्रू कैप्सूल में एस्ट्रोनॉट्स रहते हैं, लेकिन इस बार यह खाली रहेगा। ये मिशन 42 दिन 3 घंटे और 20 मिनट का है, जिसके बाद यह धरती पर वापस आ जाएगा। स्पेसक्राफ्ट कुल 20 लाख 92 हजार 147 किलोमीटर का सफर तय करेगा। 1. यूनिवर्सिटी ऑफ कोलोराडो बोल्डर के प्रोफेसर और वैज्ञानिक जैक बर्न्स का कहना है कि आर्टेमिस-1 का रॉकेट *हैवी लिफ्ट* है और इसमें अब तक के रॉकेट्स के मुकाबले सबसे शक्तिशाली इंजन लगे हैं। यह चंद्रमा के ऑर्बिट (कक्षा) तक जाएगा, कुछ छोटे सेटेलाइट्स छोड़ेगा और फिर खुद ऑर्बिट में ही स्थापित हो जाएगा। 2. 2024 के आसपास आर्टेमिस-2 को लांच करने की प्लानिंग है। इसमें कुछ एस्ट्रोनॉट्स भी जाएंगे, लेकिन वे चांद पर कदम नहीं रखेंगे। वे सिर्फ चांद के ऑर्बिट में घूमकर वापस आ जाएंगे। हालांकि इस मिशन की अवधि ज्यादा होगी। फिलहाल एस्ट्रोनॉट्स की कंफर्म लिस्ट सामने नहीं आई है। 3. इसके बाद फाइनल मिशन आर्टेमिस-3 को रवाना किया जाएगा। इसमें जाने वाले अंतरिक्ष यात्री चांद की सतह पर उतरेंगे। यह मिशन 2025 या 2026 के आसपास लांच किया जा सकता है।




मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**